कार्तिक कृष्ण पक्ष दशमी 05:24
उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 26 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 341, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पृथ्वी के वायुमंडल से फिर से टकराया क्षुद्रग्रह 16

विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज 15

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
MK TRADE MARK बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## एक नजर

### हिमाचल में पीजी कर रहे डॉक्टरों को पूरा वेतन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई कर रहे चिकित्सकों को ड्यूटी पर मानते हुए पूरे वेतन का भुगतान करेगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि इससे पहले मंत्रिमंडल ने अध्ययन अवकाश पर गए चिकित्सकों के वेतन में 40 प्रतिशत की कटौती का फैसला किया था जिससे चिकित्सकों को आगे की पढ़ाई का चुनाव करने में मुश्किल का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देश पर यह फैसला किया गया।

### हमीरपुर में सड़क हादसे में सेना के जवान की मौत

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के सुजानपुर में एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से सेना के एक जवान की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले सेना के जवान की पहचान विकास कुमार (24) और घायल हुए अन्य व्यक्ति की पहचान निखिल कुमार (22) के रूप में हुई है। विकास छुट्टी पर घर आया हुआ था। गुरुवार देर रात कार में सवार विकास और निखिल उहल से भटेड़ जा रहे थे।

### पिता के हत्यारोपी पुत्र को आजीवन कारावास

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर की अनुसूचित जाति जनजाति न्यायालय ने खौलता तेल डालकर पिता की हत्या करने के आरोपी पुत्र को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने जसवंत सिंह को उसके पिता रामसिंह की हत्या करने का दोषी मानते हुए उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। अलवर गेट थाना क्षेत्र में 29 अगस्त 2019 को जसवंत सिंह ने अपने पिता रामसिंह पर सोते समय खौलता तेल डाल दिया जिससे उनकी मौत हो गई।

### यूपीएससी ने की 120 और उम्मीदवारों की सिफारिश

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शुक्रवार को विभिन्न केंद्रीय सिविल सेवाओं में चयन के लिए आरक्षित सूची में शामिल 120 और उम्मीदवारों की सिफारिश की। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक इन उम्मीदवारों ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 उत्तीर्ण की थी, जिसका परिणाम इस वर्ष अप्रैल में घोषित किया गया था।

### धर्म छिपाकर शादी करने पर मिली उम्रकैद

**अलवर।** राजस्थान में अलवर की यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की विशेष अदालत (संख्या चार) ने धर्म छिपाकर नाबालिग लड़की से धोखाधड़ी से शादी करने और दुष्कर्म करने के मामले में अभियोगी को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशिष्ट न्यायाधीश हिमांकनी गौड़ ने अभियोगी शाहरुख को दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुए उस पर 67 हजार रुपये का जुर्माना भी भरने का आदेश दिया।

## कारोबार के लिए पैसे नहीं देने पर पत्नी की हत्या की कोशिश

- केरल निवासी महिला बरेली में हैं मेजर के रूप में तैनात, थाना कैंट पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, कैंट (बरेली)

**अमृत विचार :** सेना में तैनात महिला मेजर की पति ने कारोबार के लिए पैसे न देने पर जान से मारने की कोशिश की। मेजर ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की तो थाना कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

मूल रूप से केरल की रहने वाली सुगिशना सुरेश सेना में मेजर हैं। मेजर के मुताबिक उनकी शादी 2 मई 2013 में केरल के ही श्रीदास एस से हुई थी। वह जब भी छुट्टी पर पति के साथ रहने जाती थीं तो वह कारोबार के लिए पैसे मांगता था और न देने पर गालीगलौज और मारपीट करता था। घर न बिगड़े इसलिए वह सब सहती रहीं। उनके दो बच्चे हैं। तबादला होने पर वह बच्चों के साथ बरेली में आ गईं। जनवरी में उनका पति भी साथ आकर रहने लगा। यहां भी वह कारोबार के लिए पैसे न देने पर मारपीट करने लगा। कई बार मारपीट में जान से मारने की कोशिश की। पिता के क्रूर व्यवहार से उनके बच्चे भी खौफजदा रहने लगे। उन्होंने मामले की शिकायत एसएसपी अनुराग आर्य से की। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय

## एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस के 18वें सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी

- प्रधानमंत्री ने भारत में निवेश करने के लिए जर्मन कंपनियों को किया आमंत्रित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की कंपनियों को देश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए शुक्रवार को कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है और देश की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है। प्रधानमंत्री ने एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस के यहां आयोजित 18वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनना, 'मेक इन इंडिया' तथा 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि जर्मनी ने भारत के कुशल कार्यबल में जो विश्वास व्यक्त किया है, वह अद्भुत है क्योंकि यूरोपीय राष्ट्र ने कुशल भारतीय कार्यबल के लिए वीजा



प्रधानमंत्री मोदी के साथ जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज।

की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 करने का निर्णय लिया है।

मोदी ने कहा कि भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है... भारत वैश्विक व्यापार तथा विनिर्माण का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, मांग और 'डेटा' के मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सड़कों और बंदरगाहों में रिकॉर्ड निवेश कर रहा है। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह सम्मेलन 12 वर्षों के अंतराल के बाद शुक्रवार को आयोजित किया गया। मोदी ने कहा कि सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का ढांचा तैयार किया है और इस महत्वपूर्ण समय में जर्मनी के मंत्रिमंडल ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए 'भारत पर केंद्रित' दस्तावेज जारी किया है।

### यूक्रेन, पश्चिम एशिया में संघर्ष चिंता का विषय

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष चिंता का विषय है और भारत शांति बहाली के लिए हर संभव योगदान देने को तैयार है। उनकी टिप्पणी जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ हुई बातचीत के बाद आई, जिसमें उन्होंने भारत से यूक्रेन में लंबे समय से चल रहे संघर्ष का राजनीतिक समाधान खोजने में योगदान देने का आह्वान किया। मोदी ने जर्मन चांसलर के साथ सातवें अंतर-सरकारी परामर्श के बाद कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष हम दोनों के लिए चिंता के विषय हैं।

# पूर्वी लद्दाख में एलएसी से भारत और चीन की सेनाओं का पीछे हटना शुरू

## सेना वापसी की इस प्रक्रिया के 28-29 अक्टूबर तक पूरी हो जाने की संभावना

- डेमचोक-डेपसांग में अस्थायी ढांचा गिराने के बाद होगी गश्त
- राजनयिक सहमति और सैन्य वार्ता के बाद खत्म हुआ गतिरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है और यह प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुछ दिन पहले दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर समझौता हुआ था जो चार साल से अधिक समय से जारी गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

सूत्रों ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टकराव वाले दोनों बिंदुओं पर गश्त शुरू होगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सैनिकों को हटाकर अस्थायी ढांचों को नष्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि अंततः गश्त का स्तर अप्रैल 2020 से पहले के स्तर पर पहुंच सकता है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि समझौता रूपरेखा पर पहली बार राजनयिक स्तर पर सहमति बनी थी और फिर सैन्य स्तर की वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि कोर कमांडर स्तर की बातचीत में समझौते के महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम हुआ। दोनों पक्षों के बीच समझौतों का पालन करते हुए भारतीय सैनिकों ने इन क्षेत्रों से साजो-सामान वापस लाना शुरू कर दिया है।



पूर्वी लद्दाख से निकलतीं सेना की गाड़ियां।

### जून 2020 में गलवान घाटी में हुआ था संघर्ष

जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच भीषण संघर्ष के बाद संबंधों में तनाव आ गया था। यह पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में कहा था कि पिछले कुछ सप्ताह में हुई बातचीत के बाद समझौते को अंतिम रूप दिया गया और इससे 2020 में सामने आए मुद्दों का समाधान निकलेगा।

### संबंधों के सामान्य होने का प्रशस्त होगा मार्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर अपनी द्विपक्षीय बातचीत में पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर हुए समझौते का समर्थन किया था। पूर्वी लद्दाख के विवाद को लेकर भारत के सतत रुख का जिक्र करते हुए मिस्री ने द्विपक्षीय बैठक के बाद कजान में कहा था कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन चैन बहाल होने से द्विपक्षीय संबंधों के सामान्य होने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह बैठक 2020 में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में उत्पन्न हुए मुद्दों के समाधान और सैन्य वापसी तथा गश्त समझौते के बाद हुई है।

# डीएम-कमिश्नर के एसीआर में दर्ज होंगे निवेश लाने के प्रयास

## एसीआर में प्रदेश की बेहतरी को आधार बनाने वाला पहला राज्य बना उप्र

- जिले में निवेश आने और सीडी रेशियो बढ़ने की बनेगी रिपोर्ट, नई व्यवस्था जल्द लागू होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। ताजा फैसले के अनुसार जिलाधिकारी (डीएम) और मंडलायुक्त (कमिश्नर) की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में उनके कार्यक्षेत्र में हुए निवेश और लोन संबंधी प्रगति का उल्लेख अब अनिवार्य होगा। इसके आधार पर अधिकारियों को ग्रेडिंग दी जाएगी, जिससे उनकी परफॉर्मेंस का निष्पक्ष मूल्यांकन हो सके। इस व्यवस्था को लागू करने वाला उप्र. देश का पहला राज्य होगा।

लोकभवन में शुक्रवार को इस निर्णय की जानकारी देते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि अब डीएम और कमिश्नर को अपने क्षेत्र में निवेश लाने के प्रयासों की रिपोर्ट बनानी होगी। इसमें निवेशकों की सुरक्षा, सुविधाएं और सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए किए गए प्रयासों का भी मूल्यांकन होगा, जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उद्यमियों के लिए समयबद्ध तरीके से लैंड अलॉटमेंट, लैंड सब्सिडी, लैंड यूज चेंज, लैंड क्लियरेंस समेत लैंड बैंक को तैयार कर उसकी मॉनीटरिंग और रेगुलर अपडेशन किए जाने का भी मूल्यांकन किया जाएगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि जिलों में निवेश लाने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए अधिकारी अपनी भूमिका को जिम्मेदारी से निभाएं।

### निवेश लाने वाले डीएम को मिलेगा विशेष सम्मान

मुख्य सचिव ने बताया कि जिन जिलों के डीएम बेहतर प्रदर्शन करेंगे, अधिक निवेश आकर्षित करेंगे, उन्हें उच्च ग्रेडिंग और विशेष सम्मान दिया जाएगा। इससे अधिकारियों के बीच प्रतिस्पर्धा और जिम्मेदारी बढ़ेगी। जिलों में निवेश बढ़ाने के प्रयास में डीएम और कमिश्नर की जवाबदेही को ध्यान में रखते हुए उनके कार्यकाल के दौरान उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। यह नई व्यवस्था आने वाले दो-तीन हफ्तों में लागू कर दी जाएगी।

### कम सीडी रेशियो वाले जिलों पर विशेष ध्यान

मुख्य सचिव ने बताया कि क्रमशः संभल, अमरोहा, बदायूं, रामपुर, कासगंज, एटा और मुरादाबाद का सीडी रेशियो सर्वाधिक है। वहीं उन्नाव, बलरामपुर, श्रावस्ती जैसे जिलों का कम है। ऐसे जिलों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने और सीडी रेशियो सुधारने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी। डीएम और कमिश्नर को हर साल अप्रैल में जिले का सीडी रेशियो बताया जाएगा, ताकि वे निवेश को बढ़ाने के प्रयास कर सकें।

### कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में सुधार के प्रयास

मुख्य सचिव के अनुसार, उप्र. का क्रेडिट डिपॉजिट (सीडी) रेशियो वर्ष 2017 में 47 प्रतिशत था। वित्तीय वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर्ज करते हुए 60 .32 प्रतिशत का आंकड़ा छू लिया है। सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक 65 प्रतिशत के सीडी रेशियो के लक्ष्य तय करके आगे बढ़ रही है। इस रेशियो का बढ़ना राज्य में आर्थिक स्थिरता व निवेश के लिए अनुकूल वातावरण का संकेत है।

# लॉरेंस बिश्नोई के भाई पर 10 लाख का इनाम

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जेल में बंद कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के बारे में सूचना देकर उसे गिरफ्तार कराने पर 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार, गत अप्रैल महीने में अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित आवास के बाहर गोलीबारी की घटना में कथित संलिप्तता के सिलसिले में एनआईए को अनमोल बिश्नोई की तलाश है और उसे एजेंसी की सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में भी रखा गया है। माना जाता है कि अनमोल बिश्नोई उर्फ भानु कनाडा में रहता है और नियमित रूप से अमेरिका आता-जाता है। अधिकारियों ने कहा कि उसके सिर पर इनाम की घोषणा पिछले महीने की गई थी।

### पुलिस ने गिरोह के आठ शूटरों को किया गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके आठ कथित शूटर गिरफ्तार कर लिए हैं जो राजस्थान में किसी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तारी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई में सनसनीखेज हत्या के कुछ दिन बाद हुई है।

# हिमाचल प्रदेश में निर्मित 23 दवाओं के नमूने फेल

- कैंसर, हार्ट और शुगर के इलाज में होता है इन दवाओं का इस्तेमाल
- ड्रग कंट्रोलर ने कंपनियों को दिए स्टॉक वापस मंगवाने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में बनीं हार्ट अटैक, ब्लड शुगर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली कुल 23 दवाएं मानक पर खरी नहीं उतरीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और स्टेट ड्रग कंट्रोलर की ओर से दवाओं के नमूने लिए गए थे। ड्रग कंट्रोलर ने स्टॉक को वापस मंगवाने के निर्देश संबंधित दवा कंपनियों को दिए हैं। देशभर में कुल 67 दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं।

सीडीएससीओ के लिए गए 49 में 20 और ड्रग कंट्रोलर के 18 में से 3 दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं। 23 में से 12 सोलन, 10 सिरमौर और एक दवा कांगड़ा में बनी हैं। दवाएं मानक पर सही न मिलने पर ड्रग कंट्रोलर ने कंपनियों को दवाओं का स्टॉक वापस मंगवाने के साथ ही लाइसेंस भी रद कर दिए हैं।



# 25 से अधिक विमानों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

- 12 दिन में 275 उड़ानों को दी गई धमकी

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 25 से अधिक घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इंडिगो के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि कोझिकोड से दम्मम जाने वाली उड़ान समेत सात उड़ानों को सुरक्षा से संबंधित सूचना मिली।

सूत्रों ने कहा कि इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट की सात-सात जबकि एयर इंडिया की छह उड़ानों को धमकियां मिलीं। इंडिगो की छह अन्य उड़ानों उदयपुर से दिल्ली, दिल्ली से इस्तांबुल, जेद्दा से मुंबई, मुंबई से इस्तांबुल, हैदराबाद से चंडीगढ़ और पुणे से जोधपुर को धमकियां मिलीं। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि उदयपुर से दिल्ली जाने वाली उड़ान को बम की धमकी मिली। सुरक्षा एजेंसी के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए उड़ान भरने से पहले विमान को एकांत स्थान में भेज दिया गया और मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया गया। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया। भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 275 से अधिक उड़ानों को 12 दिन के दौरान बम होने की धमकी मिली है। सरकार ने मेटा और एक्स से विमानन कंपनियों को बम की धमकी वाले संदेशों के बारे में डेटा साझा करने के लिए कहा है।




# बारामूला आतंकी हमले में एक और जवान शहीद, तलाशी अभियान जारी

- बीते दिन 2 जवान शहीद और 2 पोर्टर की हुई थी मौत
- आतंकियों की तलाश में ड्रोन और हेलीकॉप्टर भी लगाए गए

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग इलाके में गुरुवार रात को हुए आतंकी हमले से एक और जवान शहीद हो गया है। आतंकियों ने नागिन इलाके में एलओसी के पास सेना की गाड़ी पर घात लगाकर हमला किया था। इसमें गुरुवार को 2 जवान शहीद और 2 पोर्टर की मौत हुई थी। एक घायल हुए जवान को श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, लेकिन शुक्रवार सुबह उसने भी दम तोड़ दिया। गुरुवार को शहीद हुए जवानों की पहचान राइफलमैन कैसर अहमद शाह और राइफलमैन जीवन सिंह के रूप में हुई है। शुक्रवार को शहीद हुए तीसरे जवान के बारे में डिटेल सामने नहीं आई है।

उधर, आतंकियों की तलाश में इलाके को सुरक्षाबलों ने घेर रखा है। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शुक्रवार को व्यापक तलाश अभियान शुरू किया गया, जिसमें ड्रोन और हेलीकॉप्टरों का भी इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुबह नियंत्रण रेखा और हमला स्थल के नजदीकी इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया गया, बाद में दायरा अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ा दिया गया। सुरक्षा बलों की मदद के लिए हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों का भी इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने और उनके सफाए के लिए शुरू इस अभियान में सुरक्षा बल मानवीय और तकनीकी खुफिया जानकारी की मदद ले रहे हैं। पुलिस और सेना के वरिष्ठ अधिकारी इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने हमला स्थल के आस-पास के रास्तों को सील कर दिया है।

# संगीत की धुन पर होगी आतिशबाजी, थिरकेंगे पटाखे

## दीपोत्सव-2024 राम की पैड़ी पर होगा भव्य ग्रीन आतिशबाजी शो, पांच किलोमीटर दूर से दिखेगा नजारा

- 600 फीट ऊपर तक होगी आतिशबाजी, 1500 मीटर के स्ट्रेच पर क्रैकर्स शो का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** 14 वर्षों के वनवास के बाद श्रीराम के अयोध्या आगमन की खुशियों में इस बार अयोध्या नगरी दीपोत्सव 2024 के भव्य आयोजन के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 30 अक्टूबर को होने वाले इस दीपोत्सव में विशेष रूप से पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी शो का आयोजन किया जाएगा। राम की पैड़ी पर आसमान में 600 फीट तक की ऊंचाई पर आतिशबाजी से सरयू नदी का आकाश जगमगाएगा। आतिशबाजी शो में पर्यटन विभाग द्वारा चुनी गई एक विशेष एजेंसी द्वारा पुराने सरयू पुल पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो का प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सिस कम्युनिकेशन के प्रमुख संजय सिंह ने बताया कि 30 अक्टूबर की शाम पुराने सरयू पुल पर आतिशबाजी, लेजर शो, फ्लेम शो और संगीत के संगम से भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी होगी। जो पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए 120 से 600 फीट की ऊंचाई तक आसमान में बिखेरेगी। इस मनोहारी दृश्य को चार से पांच किलोमीटर के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग देख सकेंगे। यह आतिशबाजी सरयू नदी की शांत लहरों पर चमकदार परछाइयों के साथ अद्भुत दृश्य उत्पन्न करेगी। दीपोत्सव 2024 का आयोजन राम की पैड़ी पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस बार 28 लाख दीप जलाए जाएंगे।



### 10 मिनट तक होती रहेगी आतिशबाजी

इस ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो में संगीत और आधुनिक तकनीकों का सुंदर मिश्रण होगा। संजय सिंह ने दावा किया कि इस शो को संगीत की धुन पर तैयार किया गया है। जो अयोध्या के दीपोत्सव को नए आयाम पर ले जाएगा। करीब 1500 मीटर लंबे क्षेत्र में फैले इस शो की अवधि लगभग 10 मिनट होगी। प्रदूषण मुक्त आतिशबाजी के साथ-साथ लेजर और फ्लेम शो की चमक अयोध्या के दीपोत्सव को और भव्य बना देगी। पारंपरिक और आधुनिक तत्वों के संयोजन से तैयार किया गया यह शो उन सभी के लिए एक नया अनुभव होगा, जो इसे देखने आएंगे। आयोजन को भव्य बनाने के लिए 30 से अधिक प्रशिक्षित पेशेवरों की टीम दिन-रात कड़ी मेहनत कर रही है।

# पुवायां मंडी में धान खरीद के नाम पर हो रहा मजाक, किसान परेशान

## एसडीएम के कहने के बाद भी नहीं की तौल, 17-17 दिन में भी नहीं आ रहा तुलवाने का नंबर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


पुवायां में सरकारी क्रय केंद्रों के बाहर पड़ा धान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुवायां मंडी में धान खरीद के नाम पर किसानों से मजाक हो रहा है। हालात यहां तक बदतर हो गए हैं कि एसडीएम संजय पांडेय के कहने के बाद भी धान नहीं तौला जा सका। मंडी में धान बेचने आए किसान का धान चोरी हो गया पर तौला नहीं गया। सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने में किसानों के पसीने छूट रहे हैं। 17-17 दिन से धान मंडी में पड़ा है, लेकिन तौल नहीं हो पा रही है। मजबूर होकर किसान आढ़तों पर व्यापारियों के हाथ धान बेच रहे हैं। यह स्थिति तब है जब ऑफ सीजन में भारी मात्रा में धान खरीद दिखाई जाती है।

खाद्य विपणन विभाग सीजन पर भले ही धान की खरीद संतोषजनक न कर सके, लेकिन ऑफ सीजन में धान की खरीद खूब करता है। बीते कई वर्षों के आंकड़े इस बात के गवाह हैं। 50 प्रतिशत से भी ज्यादा खरीद ऑफ सीजन में ही होती है। करोड़ों के घोटाले का आरोप भी विभाग पर लग चुका है। इसके बाद भी विभाग की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हो रहा है। ऐसा नहीं है कि पहली बार किसानों को धान बेचने में परेशानी हो रही है। अब यह हर साल का रोना हो गया है। किसान अब सीजन पर धान लेकर आढ़त पर पहुंचता है तो उसका धान नहीं खरीदा जाता है। नमी ज्यादा होने व अन्य बहाने बनाकर लौटा दिया जाता है और ऑफ सीजन में फर्जी खरीद दिखाकर बारे-न्यारे किए जाते हैं। सार्वजनिक रूप से इस तरह के आरोप लग चुके हैं। इसके बाद भी मंडी में किसानों की दुर्दशा ही रहती है। उन्हें धान बेचने के लिए परेशान ही होना पड़ता है। वहीं, बार संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार पाठक अपना धान विक्रय करने के लिए मंडी में लगे क्रय केंद्र पर लेकर गए थे। चार दिन बीत जाने के बाद भी केंद्र प्रभारी की ओर से धान खरीद नहीं करने पर एसडीम संजय कुमार पांडेय ने फोन करके एमओ से बार संघ अध्यक्ष के धान की तौल कराने को कहा। एसडीएम के फोन करने के बाद एमओ रंजना सिंह ने जिस क्रय केंद्र के सामने धान पड़ा था, उस क्रय केंद्र के प्रभारी को धान खरीदने को कहा, लेकिन अधिकारियों के कहने के बाद भी केंद्र प्रभारी ने धान की तौल नहीं की।

### मंडी में बेचने को लाया धान हो गया चोरी



**पुवायां, अमृत विचार :** किसानों को धान की फसल बिक्री करने में बहुत मुश्किल हो रही है, छह माह मेहनत करने के बाद तैयार हुई धान की फसल को किसान औने पौने दामों पर बिक्री करने को मजबूर है। मंडी में सरकारी क्रय केंद्र पर बिक्री करने के लिए धान लेकर आये किसान बहुत परेशान हैं। रात में रखवाली करने के बाद भी किसानों का धान चोरी हो जाता है। तेंदुआ नागरिया गांव के शीतल सिंह ने बताया कि उन्होंने लगभग 85 एकड़ में धान की फसल की थी, जिसमें लगभग 2500 क्विंटल धान की पैदावार हुई। इसमें से लगभग 500 क्विंटल धान बिक्री भी कर चुके हैं और लगभग 500 क्विंटल धान मंडी में आरएफसी के क्रय केंद्र पर पड़ा है, जो अभी तक तौला नहीं गया। केंद्र प्रभारी यह कह कर टाल देते हैं कि अधिकारियों का कहना है कि छोटे किसानों को प्राथमिकता दी जाए। शीतल सिंह का कहना है कि वह 17 दिन से मंडी में धान बिक्री करने को पड़े हैं, लेकिन केंद्र प्रभारी उनका धान नहीं तौल रहे। शीतल सिंह ने बताया कि उनके धान की एक ढेरी से गुरुवार रात चोर लगभग 5 क्विंटल धान चुरा ले गए।



छह महीने तक कड़ी मेहनत से धान उगाया है और अब बेचने के लिए आया हूं। चार दिन से सरकारी क्रय केंद्र पर धान तौलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन धान की तौल नहीं हो पा रही है।

**– लखविंदर सिंह, किसान**



मैं 5 दिन पहले धान लेकर मंडी में लगे सरकारी क्रय केंद्र पर आया था। पहले दिन केंद्र प्रभारी ने धान में नमी होने का बहाना बनाया, जिसके बाद 2 दिन धान सूख जाने के बाद फिर केंद्र प्रभारी से कहा तो टालमटोल करने लगा। 5 दिन बीत जाने के बाद भी धान की खरीद नहीं की गई।

**– प्रशांत पाठक, किसान**

### नोडल अधिकारी ने केंद्र प्रभारियों को लगाई फटकार



**रोजा, अमृत विचार :** पीसीएफ के एमडी और जिला धान खरीद के नोडल अधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार को रोजा मंडी स्थित धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कम खरीद होने पर केंद्र प्रभारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि केंद्र पर धान बेचने आने वाले किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। क्रय केंद्र पर पंखा और पीने के पीनी व्यवस्था प्राथमिकता पर कराई। खरीद प्रभारी ने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष खरीद की स्थिति ठीक नहीं है। धान खरीद बढ़ाने की जरूरत है। तभी संतोषजनक धान की खरीद हो सकेगी।

### केंद्र प्रभारी ने वापस कर दी धान भरी ट्रॉली

बड़ेली भीख के लखविंदर सिंह एक ट्रॉली धान मंडी समिति में सरकारी क्रय केंद्र पर बिक्री करने को लेकर आये, लेकिन केंद्र प्रभारी ने धान खरीद करने से इनकार करते हुए ट्रॉली वापस ले जाने को कहा। जिसपर क्रय केंद्र पर बवाल हो गया। कई किसान मौके पर एकत्र हो गए और किसानों ने जमकर हंगामा किया।

“कुछ लोग धान खरीद कर क्रय केंद्रों पर बिक्री कर रहे हैं। संभवत: इसलिए किसी ने धान न खरीदने की बात कह दी होगी। मैंने किसी भी किसान से धान खरीद करने को इनकार नहीं किया है।

**– रंजना सिंह, एमओ पुवायां मंडी।**

## एक नजर

### नीट में आकांक्षा ने किया गौरवांवित



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा के ट्रेन चालक सुनील कुमार की पुत्री आकांक्षा देवी नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार को गौरवांवित किया है। आकांक्षा को एमबीबीएस में प्रवेश के लिए रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में स्थान मिल गया है। मूल रूप से सीतापुर निवासी सुनील कुमार की पुत्री ने मेडिकल की परीक्षा सम्मानजनक ढंग से उत्तीर्ण कर परिवार को गदगद कर दिया है। आकांक्षा की सफलता पर रोजा जंक्शन में तैनात सभी रेल कर्मियों और ट्रेन चालकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सुनील को बधाई दी है।

### एसएस कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में 26 अक्टूबर से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। वाणिज्य विभाग के संयोजन में होने वाले सेमिनार के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस मुकुल सिंघल होंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि आर्टिफिशल इंटेलीजेंसी : चुनौती एवं अवसर विषयक सेमिनार नोबल एकेडमी पोखरा नेपाल के साथ हुए अकादमी समझौते के तहत किया जा रहा है। सेमिनार में चार तकनीकी सत्रों का आयोजन भी किया जाएगा।

### खुला नाला बंद कराए जाने की मांग

**कलान, अमृत विचार :** ब्लॉक रोड पर स्टेट हाईवे बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग से 10 कदम पर एक नाला है, जो दोनों तरफ से खुला हुआ है। जिसमें आए दिन कोई न कोई बाइक सवार गिरता रहता है और घायल हो जाता है। नागरिकों ने बताया कि इस संबंध में नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को भी बताया जा चुका है लेकिन वह इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं, उन्हें बड़े हादसे का इंतजार है। नागरिकों ने खुला नाला बंद कराए जाने की मांग की है।

### डीएपी की किल्लत को लेकर डीएम को भेजा पत्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रबी की फसल की शुरुआत होते ही डीएपी की किल्लत शुरू हो गई है। केंद्रों पर खाद नहीं मिलने से किसानों के बीच मारामारी भी शुरू हो गई है। शुक्रवार को भी केंद्रों पर खाद लेने के लिए लंबी लाइन लगी रही। कई किसान खाद नहीं मिलने से निराश होकर लौट गए। किसान की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखते हुए किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने जिलाधिकारी को लिखा कि ददरौल विधानसभा क्षेत्र में दुकानदार खाद की ओवररेटिंग व कालाबाजारी कर रहे हैं। इस पर रोक लगाई जाए।

# आरोप: समय पर नहीं खुलता राजकीय कृषि बीज भंडार

संवाददाता, कलान

● **खाली हाथ लौटे शुक्रवार को पहुंचे किसान, डीएम को पत्र भेजकर की शिकायत**

**अमृत विचार :** कहने को तो राजकीय कृषि बीज भंडार के खुलने का समय 10 बजे निश्चित है। कलान में लापरवाही का आलम यह है कि शुक्रवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे राजकीय कृषि बीज भंडार खुला नहीं था। इससे किसानों को खाली हाथ वापस होना पड़ा। किसानों ने मामले की डीएम से शिकायत करते हुए समय से बीज भंडार खुलवाए जाने की मांग की है।

किसानों ने बताया कि शुक्रवार को करीब 11:30 बजे क्षेत्रीय किसान गेहूं, मसूर, बरसीम आदि के बीज लेने आए थे लेकिन उन्हें कृषि बीज भंडार खुला नहीं मिला। किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कृषि बीज भंडार कभी भी समय से नहीं खुलता है क्योंकि कृषि बीज भंडार पर बरसों से तैनात लोग क्षेत्रीय हैं, जिस कारण वह अपनी मनमानी करते हैं। अगर कोई निःशुल्क बीज वितरण को आता है, तो वह अपने चहेतों के ही दे देते हैं। उधर, जब इस संबंध में कृषि बीज भंडार के प्रभारी से संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। वहीं प्रभारी द्वारा यह भी बताया जाता है कि वह गांव में कृषक गोष्ठी कर रहे हैं, लेकिन जिस गांव में कृषक गोष्ठी होती है, वहां पता किया जाता है, तो कृषक गोष्ठी की बात तो दूर रही कोई कर्मचारी तक उस गांव में नहीं पहुंचता है, वहीं इसी राजकीय कृषि बीज भंडार में कृषि रक्षा इकाई भी है। क्षेत्रीय कृषकों ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से कलान में स्थित राजकीय बीज भंडार प्रतिदिन खुलवाए जाने की मांग की है।



राजकीय कृषि बीज भंडार में लगा ताला।

# एकता और सुरक्षित वातावरण के लिए करें पुलिस का सहयोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **पुलिस स्मृति और राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस लाइन में शस्त्र और उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन**

**अमृत विचार :** पुलिस स्मृति दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस पर शुक्रवार को पुलिस लाइन में शस्त्र और उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें आल सेंट्स स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पुलिस स्मृति दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान डायल 112 और वायरलेस यूनिट के अत्याधुनिक शस्त्रों और उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस के विभिन्न साजो सामान के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीओ ज्योति यादव ने विद्यार्थियों को पुलिस के प्रति जागरुकता और सम्मान का भाव रखने के लिए प्रेरित किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम ने इस तरह की प्रदर्शनी के आयोजन के लिए पुलिस विभाग का धन्यवाद किया और कहा कि इससे नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं को पुलिस के कार्यों और उपकरणों को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं को पुलिस का सहयोग करने और कानून का पालन करने का संदेश दिया, जिससे समाज में एकता और सुरक्षित वातावरण स्थापित हो सके। इस मौके पर आल सेंट्स स्कूल की प्रधानाचार्य साक्षी रस्तोगी और सभी स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारी, ऑल सेंट्स स्कूल के बच्चे और व्यापार मंडल के अध्यक्ष सचिन बाथम।

## पुलिस स्मृति दिवस: जेपी पब्लिक स्कूल में हुई प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मॉडल ग्राम पंचायत स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पुलिस स्मृति दिवस एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला, निबंध और बाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे अनम, अरीवा अली, ईशान वी, सलमा सिद्दीकी, बुशरा खान, प्रिया मिश्रा, अजरमा, शिफा आदि विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग से पहुंचीं एएसआई निष्ठा कौर, महिला आरक्षी शोभा, कोमल व पुरुष आरक्षी नितिन, लोकेंद्र, गौरव ने टॉप आए बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभी बच्चों को सुरक्षा की पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जेपी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य हिना खान सहित अध्यापिका लक्ष्मी गुप्ता, देविना गुप्ता, संध्या पांडे, मंजू, लक्ष्मी गुप्ता, अंजली यादव, प्रभा, मंतसा, सायमा खान आदि सभी मौजूद रहीं।


प्रमाण पत्र के साथ बच्चे, साथ में पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

# शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दीं दवाइयां


कैंप का फीता काटकर उद्घाटन करते प्राचार्य श्रीकृष्ण यादव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **पूर्वांचल महासभा सेवा समिति की ओर से साउथ सिटी में लगा मेडिकल कैंप**

**अमृत विचार :** पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के बैनर तले शुक्रवार को साउथ सिटी में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आसपास गांवों के लोगों ने शिविर में जांच कराकर निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। लोगों को जरूरत के अनुसार दवाइयां भी बांटी गईं।

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल के डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. नमन खन्ना ने सहयोगियों राहुल कुमार, आलोक कुमार, किरण देवी, आशीष कुमार आदि के साथ ग्रामीणों और स्थानीय लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, हीमोग्लोबिन, मलेरिया की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाइयां भी वितरित कीं। जबकि डॉ. अभिषेक आर्या ने नेत्र परीक्षण कर उपयोगी सुझाव दिए। समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. जीएन गुप्ता ने बताया कि शिविर में शहर एवं आसपास के गावों लालपुर, सफ़त्यारा, मुड़गावां, ददरौल, बकिया, सैजना, रुद्रपुर, मंसूरपुर आदि के सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठाया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद के प्राचार्य श्रीकृष्ण यादव, भाजपा नेता प्रदीप पांडेय, समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा और संरक्षक वीरेंद्र राय ने फीता काटकर किया। व्यवस्था में विपुल प्रसाद सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ. एसएन त्रिपाठी, ओपी मिश्रा, रत्नेश जायसवाल, सीपी मिश्रा, अनिल मौर्य, पशुपतिनाथ उपाध्याय, सुनील तिवारी, कामेश्वर सिंह, वंशराज सिंह, कमलेश यादव, वेद राम वर्मा आदि का सहयोग रहा।


मेडिकल कैंप में स्वास्थ्य परीक्षण कराते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## मानव सभ्यता की जानकारी दी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अर्थियन सोसाइटी की ओर से शुक्रवार को डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज में मानव सभ्यता और डीएनए विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी निदेशक डॉ. इरफान ह्यूमन ने छात्राओं को डीएनए से संबंधित उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूरज की रोशनी एक ओर धरती पर जीवन को बनाए रखती है, वहीं दूसरी ओर यह प्रजातियों के परिवर्तन के लिए भी जिम्मेदार है।

मनुष्य जैसा दिखा रहा है, भविष्य में वैसा नहीं दिखेगा। यह बिल्कुल वैसे ही होगा जैसे पहले आदि मानव हुआ करते थे। उन्होंने बच्चों को मानव सभ्यता और डीएनए के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मंजरी यादव, विज्ञान शिक्षक राम औतार शर्मा, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विजेताओं को सहयोग संस्था ने किया सम्मानित


सम्मानित होने के बाद सहयोग संस्था के पदाधिकारियों के साथ खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **लखनऊ में हुआ था ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन**

**अमृत विचार :** लखनऊ में सोमवार को हुई प्रदेशीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विजयी खिलाड़ियों को मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन व शाहजहांपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को एक भोजनालय में हुए समारोह में सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो मास्टर डॉ. पुनीत मनीषी के निर्देशन में सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने खुशबू को गोल्ड, किरन, निशा, अलकमा, अजय सिंह भंडारी को सिल्वर व निदा परवीन को ब्राउन मेडल पहनाने के साथ संस्था की ओर से प्रमाण पत्र देकर अभिनंदन किया।

सहयोग संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान ने कहा कि खेल की भावना चरित्र और अनुशासन को बनाए रखने में सहायक होती है इसलिए खेल से जुड़े रहें। ताइक्वांडो ऐसा खेल है, जिसमें बच्चा मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत होने के साथ परिवार व सहयोगियों की सुरक्षा करने में भी समर्थ हो जाता है। संस्था के कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे व सचिव विकास सक्सेना, सचिव शालू यादव, स्तुति गुप्ता व शिवम वर्मा ने भी बच्चों को संबोधित किया। आभार संयुक्त सचिव पीयूष मिश्रा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ताइक्वांडो कोच जितेंद्र वर्मा, हरजप, पवित्र, अर्नव, पार्थ, गोविंदा, कुनाल के साथ तमाम खिलाड़ी मौजूद रहे।

# मिट्टी में सूक्ष्म जीवों के हित में न जलाएं पराली

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

● **कृषि विज्ञान केंद्र ने सिंधौली के गांव बेनीपुर में किसानों को किया जागरूक**

**अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र ने सिंधौली क्षेत्र के अंगीकृत गांव बेनीपुर में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरुरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ. एनसी त्रिपाठी ने किसानों को अवगत कराया कि फसल अपशिष्ट मिट्टी में मिलाने से कार्बनिक पदार्थ व अन्य तत्व बढ़ते रहते हैं, जिससे सूक्ष्म जीवों की सक्रियता बढ़ जाती है।

डॉ. त्रिपाठी ने कहा पराली जलाने के नुकसान बताते हुए कहा कि फसल अपशिष्ट से उर्वरकों की उपलब्धता मिट्टी में अधिक समय तक रहती है। डॉ. नूतन वर्मा ने फसल अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के लाभ एवं फसल अपशिष्ट जलाने से हानिकारक गैसों के बारे में जानकारी दी। नोडल अधिकारी डॉ. एनपी गुप्ता ने उन्नत कृषि यंत्रों द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना तथा बायो डी कंपोजर के बारे में अवगत कराया।

वहीं, विद्या गुप्ता ने सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने तथा डॉ. विमल कुमार ने फसलों में लगने वाले विभिन्न कीड़ों और बीमारियों के साथ गेहूं की उन्नत प्रजातियों के बारे में बताया। नूतन वर्मा, पूर्व प्रधान दृगपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**धर्म कर्म** कार्तिक मास की प्रभात फेरी के बाद सिटी पार्क में हुआ भजनोत्सव, फूलों की होली खेल भजनों पर झूमें श्रद्धालु

# मैं तो तेरी हो गयी श्याम ये दुनिया क्या जाने...

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कृष्णानगर स्थित श्री कृष्णा मंदिर की कार्तिक मास की प्रभातफेरी के नौवें दिन का स्वागत सिटी पार्क में यजमान विनोद तुली ने आवास पर लड्डू गोपाल और राधा रानी की आरती और पुष्प वर्षा कर किया।

शुक्रवार को लड्डू गोपाल और राधा रानी के स्वागत-सत्कार के बाद परंपरानुसार भजनोत्सव हुआ, जिसका आरंभ श्री गणेश वंदना से किया गया। इसके बाद हरीश बजाज ने पर्दे में बैठे बैठे यूं न मुस्कुराइए, पार्थ सचदेवा ने तेरी याद में मेरा दिल बेकरार हो रहा है, शिवांश गुप्ता ने हमें तो जो भी दिया बांके बिहारी ने दिया, गौरव अरोड़ा ने मैं तो तेरी हो गयी श्याम दुनिया क्या जाने, देवेंद्र खुराना ने तेरी गलियों का मैं हूं आशिक तू एक नगीना है, अंकित सचदेवा ने ए मेरे राधा रमन अब शरण में लीजिए भजन सुनाया। नवीन सचदेवा, रविंद्र मिश्रा आदि ने भी भजन सुनाकर बांके बिहारी जी का गुणगान किया।

समापन पर भजनों के बीच महिलाएं एवं पुरुषों ने फूलों की होली खेलते हुए दरबार के समक्ष खूब नृत्य किया। आरती और प्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया। भजनोत्सव के समापन पर मंदिर कमेटी की ओर से आशीर्वाद स्वरूप दी जाने वाली भेंट डॉ. यूडी कपूर, डॉ. परविंदर सिंह और सुशील नारंग ने तुली परिवार को प्रदान की। अमित शर्मा, सुनील गुप्ता, डॉ. हेमेंद्र वर्मा, अरुण खंडेलवाल, राजा तुली, राजकुमार खंडेलवाल डॉ. हरीश सचदेवा, अनिल कक्कड़, दीप गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल भजनोत्सव में शामिल रहे।


सिटी पार्क में भजनों पर झूमतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### भव्य रूप से श्याम जन्मोत्सव मनाने पर विचार विमर्श

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री खाटू श्याम मंदिर श्याम चौक, बरेली मोड़ पर प्रमोद गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को श्री श्याम सेवादार एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसमें सात नवंबर को मनाए जाने वाले श्री श्याम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने पर विचार किया गया। मुख्य ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने बताया कि जन्मोत्सव में जयपुर के भजन गायक संजय पारीक, शालू गुप्ता और शिल्पी कौशिक को आमंत्रित किया गया है। मंत्री मनोज अग्रवाल कहा कि मंदिर को फूलों, गुब्बारों और अन्य तरह से भव्य रूप सजाया जाए। कहा कि जो सदस्य इस बार बैठक में शामिल नहीं हो सके, वह 28 अक्टूबर को फिर होने वाली बैठक में अनिवार्य रूप से सहभागिता करें, जिससे व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा सके। बैठक में शिवम अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, आर के अग्निहोत्री, संजय अग्रवाल, गोविंद मिश्रा, अंकित गुप्ता, सुमित वर्मा, समीर वर्मा, रामजी राठौर, रवि गुप्ता, महावीर अग्रवाल, रचित कुमार अग्रवाल, अनिल किशोर मिश्रा आदि सेवादार मौजूद रहे। संचालन कोषाध्यक्ष प्रखर अग्रवाल ने किया।

## एक नजर

### बुखार से व्यापारी की मौत



तिलहर, अमृत विचार : युवा खाद व्यापारी का बुखार से बरेली के निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से घर में कोहराम मच गया। पोटरगंज मंडी निवासी खाद व पेंट के बड़े व्यापारी हरीश गुप्ता के पुत्र शिशिर गुप्ता(21) को 2 दिन पहले बुखार आया था। तिलहर में इलाज के दौरान फायदा नहीं हुआ तो उन्हें बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार की दोपहर शिशिर गुप्ता का निधन हो गया। दीपावली पर्व से उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बताया कि शिशिर को डेंगू हो गया था, जिसके चलते उसका निधन हो गया।

### सेठ गंगाराम के निधन पर व्यापारियों में शोक



पुवायां, अमृत विचार : नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी गंगाराम सेठ का शुक्रवार को निधन हो गया। गंगाराम सराफा एवं कपड़ा के व्यापारी थे। उनके निधन पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष केके लील, कपिल गुप्ता, रचित अग्रवाल, विनायक अग्रवाल, राजा नंदा, पंकज गुप्ता, अजीत गुप्ता तथा अखिल भारतीय वैश्य एकता महासभा महिला मंडल की रीता रानी गुप्ता, आभा गुप्ता, शालिनी गुप्ता, निशा गुप्ता, शिवानी गुप्ता, कल्पना गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, सुषमा गुप्ता, आशा गुप्ता आदि ने शोक व्यक्त किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

पुवायां। नगर के तिराहा बाजार निवासी महिला शादी के बाद कुछ समय ससुराल रही। उसके बाद वह काफ़ी समय से अपने मायके में ही रहती थी। गुरुवार की देर रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनो ने पुलिस को बिना सूचना दिए शुक्रवार सुबह महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

### मारपीट कर 50 हजार रुपये लूटने का आरोप

जलालाबाद, अमृत विचार : हरदोई जिले के गांव बरुआरा निवासी अजीत पुत्र नन्हे ने बताया कि वह गुरुवार को जलालाबाद मंडी से पचास हजार रुपये लेकर वापस लौट रहा था। खखूंड़ी गांव के निकट तीन बाइक पर सवार छह लोगों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट की एवं उनसे पचास हजार रुपये छीन लिए। उन्होंने उनके डीजल को भी फैला दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।वहीं लूटपाट करने वालों में से तीन लोगों के उसने नाम बताएं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि कोई लूट की घटना नहीं हुई है, पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई है, दोनों का घरेलू विवाद चल रहा है।

### बाइक का टायर फटा दो युवक घायल

खुटार, अमृत विचार : पूरनपुर रोड पर लौहंगापुर जंगल में बाइक का टायर फट गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में लखीमपुर खीरी के संसारपुर के गांव परोली निवासी अरविंद कुमार और बाराबंकी निवासी अर्जुन कुमार घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 सेवा एंबुलेंस से घायलों को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया गया। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घायल दोनों पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर के गन्ना मील में ड्यूटी करते है। शुक्रवार सुबह बाइक से ड्यूटी जाने के दौरान हादसे के शिकार हो गए। परिजन घायलों को लेकर घर चले गए।

# प्राथमिकता के आधार पर दें सरकारी योजनाओं में ऋण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

अमृत विचार: डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें बैंक व सरकार प्रायोजित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। ऋण जमानुपात बढ़ाने के विषय पर चर्चा हुई। डीएम ने कृषि क्षेत्र में जिले को संतृप्त करने को बैंकों को विशेष अभियान चलाकर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। मुद्रा लोन, फसल बीमा, मत्स्य पालन, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एनआरएलएम प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि सहित सरकार प्रायोजित योजना के लक्ष्य प्राप्ति को निर्देशित किया गया। डीएम बोले, बैंक की सेवाओं की गुणवत्ता में कमी न हो। सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता पर लोन दिया जाए, किसी भी व्यक्ति का परेशान न करें। जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों को सीधे लाभ मिले। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में बैंकों को आवश्यकता अनुसार ऋण देने और विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त होने पर उनकी निस्तारण करने का निर्देश दिए। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, एलडीएम सहित बैंकर्स मौजूद रहे।

## दूसरी शादी करने की धमकी दे रहा शौहर

शाहजहांपुर, अमृत विचार: सदर बाजार के मोहल्ला दिलाजाक निवासी सबा ने बताया कि उसका निकाह डेढ़ साल पहले मोहम्मद रिजवान निवासी गांधीनगर, हैदराबाद लखीमपुर के साथ हुआ था। उसके मायके वालों ने दहेज दिया था। असंतुष्ट ससुराली मायके से 25 लाख रुपये कारोबार के लिए लाने को प्रताड़ित किया करते थे। 14 दिसंबर 23 से दो दिन पहले ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और उसके पति ने तलाक देकर दूसरी शादी करने की धमकी दी। आरोप है कि 31 जनवरी 24 को ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। यह मामला परिवार परामर्श केंद्र में गया और समझौता नहीं हुआ। उप निरीक्षक तनु ने बताया कि पति, सास, ससुर, देवर, जेठ, जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कहा- हाईवे पर ई-रिक्शा संचालन पर हो जब्तीकरण की कार्रवाई

# एनएच पर अनावश्यक कट बंद किए जाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मौजूद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कान्फ्रेंस कक्ष में हुई। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने व यातायात को सुगम बनाने पर विशेष बल दिया। एनएच पर अनावश्यक कट बंद किए जाने के निर्देश दिए।

पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि बिना हेलमेट व सीट बेल्ट वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाए। हाईवे पर ई-रिक्शा का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। सभी आईटीएमएस चालू कराए जाएं। कैमरे संचालित रहें और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई हो। सुरक्षित यातायात को समय-समय पर स्कूलों व विद्यालयों पर गोष्ठी का आयोजन कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाए। पुलिस विभाग व मार्ग निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए मुख्य मार्गों पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सुधार कार्य कराए और साइन बोर्ड लगाने व जेब्रा क्रॉसिंग बनाने के निर्देश दिए। एनएच पर अनावश्यक कट बंद किए जाएं। डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट को बरेली मोड़, हरदोई बाईपास के चौड़ीकरण सौंदर्यीकरण करने को प्रस्ताव तैयार करने को कहा। सीवीओ को एनएच पर पाए जाने वाले निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साथ ही छुट्टा पशुओं के सींगों पर रिफ्लेक्टर भी लगाए जाए। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन के बाद प्रसूता की बिगड़ी हालत, मौत

## परिवारवालों ने अस्पताल संचालक और डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, अल्हागंज



पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- जांच को पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीज किया अस्पताल



अस्पताल को सीज करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और मौजूद पुलिस।

> तहरीर के आधार पर अस्पताल संचालक चिकित्सक पर रिपोर्ट दर्ज कर स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पहुंचकर अस्पताल को सीज कर दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।
> – ओमप्रकाश, थाना प्रभारी

> ओम शिव निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत के मामले में अस्पताल पहुंचने पर अस्पताल संचालन के कोई अभिलेख मौके पर नहीं मिले, जिस कारण अस्पताल को सीज कर दिया गया है। अस्पताल संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए नोटिस चस्पा कर दिया गया है। – डॉ .अश्वनी सीएचसी प्रभारी अल्हागंज

अमृत विचार : प्रसव पीड़ा होने पर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराई गई प्रसूता की हालत ऑपरेशन से बच्ची को जन्म देने के बाद और बिगड़ गई। अस्पताल के डॉक्टर व स्टाफ ने हाथ खड़े कर दिए और उसे दूसरी जगह ले जाने की सलाह दी। परिजन प्रसूता को गुरुवार रात फर्रुखाबाद ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने शुक्रवार सुबह डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।



मृतका राखी।

जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वहीं डिप्टी सीएमओ, नोडल अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची तीन सदस्यीय टीम ने अस्पताल को सीज कर दिया है। नवजात बच्ची की हालत सही बताई गई है। क्षेत्र के गांव धर्मपुर पिडरिया निवासी राखी(40) पत्नी बलवीर को गुरुवार शाम छह बजे प्रसव पीड़ा होने पर कस्बे के ओम शिव अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रात करीब 10 बजे ऑपरेशन से उसने बेटी को जन्म दिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ती चली गई। जिस पर डॉक्टर ने परिजनों से कहा कि आप शाहजहांपुर ले जाएं, तो परिजनों ने डॉक्टर को साथ चलने के लिए कहा।

बताते है कि डॉक्टर की गाडी आगे आगे अल्हागंज से कोयला गांव तक गई, इसके बाद वह गायब हो गए। परिजन मजबूरी में राखी को वापस नजदीकी फर्रुखाबाद हॉस्पिटल ले जा रहे थे। रास्ते में हालत बिगड़ती चली गई। रात करीब दो बजे फर्रुखाबाद पंहुचने पर डॉक्टर ने राखी को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव को गांव ले आए और थाने पहुंचकर ओम शिव अस्पताल के डॉक्टर पर ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति बलवीर की तहरीर के आधार पर पुलिस ने डॉ. रत्नेश सिंह व उनके सहायक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक राखी के तीन बेटियां हैं, जिनमें नीशू (18), रूपा (13), सव्या (4) हैं। तीनों पुत्रियों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना से गांव के लोगों की भी आंखें नम थी। मामले की शिकायत सीएमओ से की गई। जिस पर डिप्टी सीएमओ नोडल अधिकारी करन सिंह के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच पड़ताल करने अस्पताल पहुंची लेकिन वहां कोई जिम्मेदार व्यक्ति के नहीं मिलने पर अस्पताल को सीज कर नोटिस चस्पा कर दिया गया। टीम में अल्हागंज सीएचसी प्रभारी डॉ. अश्वनी, जलालाबाद सीएचसी प्रभारी डॉ. सोमेंद्र अग्निहोत्री शामिल रहे।

## जेल में दोस्ती...बाहर आने पर बाइक और स्कूटी लेकर चंपत हो गया युवक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पीड़ित को दी थी वाहन के खरीद फरोख्त का काम करने की जानकारी

अमृत विचार : लखनऊ जेल में पीड़ित की एक व्यक्ति से मुलाकात हुई। आरोपी व्यक्ति ने उससे कहा कि दो और चार पहिया वाहन की खरीद फरोख्त करता है। दोनों लोग जेल से बाहर आ गए। पीड़ित ने उससे कहा कि बाइक बिकवा दो। आरोपी ने उसकी बाइक और 10 हजार रुपये ले लिए। आरोपी उसे स्कूटी देकर चला गया। आरोपी एक दिन आया और वह स्कूटी भी लेकर चला गया। पुलिस ने धोखाधड़ी में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला प्रोफेसर कॉलोनी निवासी मोहम्मद शरीफ खां ने बताया कि वह एक झूठे मुकदमे में जेल में बंद था। लखनऊ जेल में उसकी बंदी सलमान निवासी अमीनाबाद लखनऊ से हुई। उसकी जेल में रहकर सलमान से मित्रता हो गयी। आरोपी ने उससे कहा कि पुराने दो और चार पहिया वाहन की खरीद फरोख्त का काम करता है। कुछ दिनों बाद दोनों लोग जेल से बाहर आ गए। दोनों की बातचीत हुआ करती थी। उसकी एक बाइक है और जो 15 साल पुरानी है। शरीफ ने सलमान से बाइक बेचकर दूसरी बाइक खरीदने की बात कही। आरोपी ने उससे कहा कि उसके पास एक स्कूटी है, जो 40 हजार रुपये में मिल जाएगी ओर बाइक 22 हजार रुपये में खरीद लेंगे। 15 दिन पूर्व आरोपी उसके घर स्कूटी लेकर आया और बाइक के कागज ओर दस हजार रुपये लेकर लखनऊ चला गया। आरोपी ने उससे कहा कि 15 दिन में यहां आऊंगा और स्कूटी में जो पाट्र्स पड़ेंगे, पूरे करा दिए जाएंगे। 25 अगस्त को घर आया और कहा कि स्कूटी लेकर चलो। इसमें जो भी कमी है, उसे पूरा करा देंगे। आरोपी ने शरीफ से कहा कि चलो कुछ नाश्ता कर ले। दोनों लोग रोजा क्षेत्र में एक दुकान पर गए और नाश्ता किया। आरोपी ने उससे कहा कि खाना पैक कराके आ रहा हूं। आरोपी उसकी स्कूटी लेकर चला गया उसके बाद लौटा ही नही। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी सलमान के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और विवेचना की जा रही है।

# पेड़ पर रस्सी से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

- भाई बोला, गांव के युवक ने दी थी जान से मारने की धमकी

> युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – प्रयांक जैन, सीओ तिलहर

अमृत विचार : बौरी गांव के एक युवक का शव गांव के बाहर पेड़ पर रस्सी से संदिग्ध हालातों में लटका हुआ मिला। पुलिस ने जांच की। परिवारवालों ने गांव के एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है।



मृतक छोटेलाल।

थाना क्षेत्र के गांव बौरी निवासी छोटे लाल(19) चंडीगढ़ में काम करता था। दस दिन पहले वह घर आया था। गुरुवार की शाम सात बजे वह घर से निकला था। वह रात दस बजे तक घर वापस नहीं आया तो परिवार वालों को चिंता हुई। उसकी तलाश की तो गांव के बाहर उसका शव पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। मृतक के भाई अभिषेक ने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई अभिषेक ने पुलिस को बताया कि उसके भाई का बुधवार की रात आठ बजे शराब पीने को लेकर गांव के एक युवक से विवाद हो गया था। उसके भाई को मारा पीटा था और जान से मारने की धमकी दी थी। उसका आरोप है कि उसके भाई को मार डाला और शव को पेड़ पर रस्सी से लटका दिया। उसकी शादी नहीं हुई थी और तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच जा रही है।

## स्टेशन पर पर्स चुराने का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार: जीआरपी एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोर के कब्जे से एक लेडीज पर्स, 490 रुपये और एक मोबाइल बरामद किया है। जीआरपी थाना के उपनिरीक्षक करुणेश शुक्ला को शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि स्टेशन के पश्चिम छोर पर एक चोर खड़ा है। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया चोर इरफान निवासी भिण्डोलिया थाना विथरी चैनपुर जिला बरेली है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक लेडीज पर्स, नगदी, एक मोबाइल बरामद किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि चलती ट्रेन से पर्स आदि सामान चोरी करता था। अभियुक्त पर पहले से सात मुकदमे विभिन्न धाराओं में दर्ज है।



आरोपी।

# लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

संवाददाता, तिलहर



तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन करते लेखपाल। ● अमृत विचार

- निरस्त धान खरीद पंजीकरण आवेदन को पोर्टल पर सत्यापित किए जाने का विरोध
- पांच लेखपालों पर एक पक्षीय विभागीय कार्रवाई पर भड़का साथियों का गुस्सा

अमृत विचार: निरस्त धान खरीद पंजीकरण आवेदन को बिना लेखपाल की रिपोर्ट के पोर्टल पर सत्यापित किए जाने के विरोध के बीच पांच लेखपालों पर एक पक्षीय विभागीय कार्रवाई किए जाने पर लेखपालों का गुस्सा भड़क गया। लेखपालों ने शुक्रवार को कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष अंकुर चौधरी के नेतृत्व में तहसील परिसर में बाला जी मंदिर पर धरना देकर बैठे लेखपालों ने कहा कि मौजूदा समय में धान खरीद आवेदन सत्यापन के लिए लेखपालों को प्राप्त कराए जा रहे हैं। जिस पर लेखपाल के द्वारा पंजीकृत गाटे की फसल व किसान के नाम का सत्यापन कराया जा रहा है, जिसमें कई बार लेखपाल के द्वारा फर्जी आवेदन निरस्त किए जाने के बावजूद भी एसडीएम के पोर्टल से सत्यापन में निरस्त आवेदनों को सत्यापित किया जा रहा है, साथ ही कई बार फर्जी आवेदन बिना लेखपाल आख्या के सत्यापित किए जा रहे हैं। जिससे वास्तविक किसानों के हक का हनन हो रहा है। लेखपालों ने बताया कि 21 अक्टूबर को एसडीएम कार्यालय स्तर से पांच लेखपालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित कर दी गई। लेखपालों ने बताया कि वर्णित आवेदन तथा तथ्यों को छिपाकर लेखपालों के खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई की गई, जिसका सभी लोग विरोध करते हैं। इस मामले में उच्चस्तरीय जांच कराकर वास्तविक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और धान कटाई के दौरान बिना एसएमस वाली कंबाइनों को सीज किए जाने की कार्रवाई के दौरान लेखपाल के साथ मजिस्ट्रेट स्तर का अधिकारी मौजूद रहे। अन्यथा कि स्थिति में लेखपाल संघ आंदोलन करने को मजबूर होगा। प्रथम चरण में तीन नवंबर को भूलेख तहसील तिलहर व्हाट्एस ग्रुप सामूहिक रूप से छोड़ दिया जाएगा। इसके बाद आगे निर्णय लिया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के इस दौरान सौम्या दुबे, अरविंद, बुद्धप्रिय आदि तमाम लेखपाल मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल के अधन का था पुवायां में मिला शव

- एक सप्ताह पूर्व सिंधौली क्षेत्र में बेटी से मिलने आया था
- आधार कार्ड मिलने पर हुई पहचान, बेटी ने की शिनाख्त

संवाददाता, शाहजहांपुर/पुवायां



पोस्टमार्टम हाउस पर गमगीन बैठे परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पुवायां क्षेत्र में एक वृद्ध का शव सड़क के किनारे मिला था। परिवार वालों ने शव की शिनाख्त कर ली। मृतक पश्चिम बंगाल का रहने वाला था। उसकी बेटी सिंधौली क्षेत्र में रहती है, वह उसी से मिलने यहां आया था। एक सप्ताह पूर्व पश्चिम बंगाल से चला था। वह रास्ता भटक गया था।

पुवायां पुलिस को गुरुवार को शाहजहांपुर रोड पर सिमरा मोड़ पर एक वृद्ध का शव मिला था। उसकी उम्र 65 साल थी। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो पश्चिम बंगाल का आधार कार्ड मिला था। वहां की पुलिस से संपर्क किया गया तो जानकारी के आधार पर पुलिस ने सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव गोरारायपुर की ललिता से संपर्क किया। शुक्रवार को वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और अज्ञात शव की शिनाख्त पिता अधन विश्वास के रूप में की। उसने पुलिस को बताया कि उसके पिता उससे मिलने के लिए पश्चिम बंगाल से आए थे। यहां आने के बाद रास्ता भटक गए थे। उनके पास मोबाइल नहीं था इसलिए पिता से संपर्क नहीं हो सका था। उसने बताया कि उसकी शादी दस साल पहले सिंधौली क्षेत्र में की थी। पिता सात दिन पहले घर से निकले थे। पहले भी कई बार आ चुके थे। मृतक अधन विश्वास पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के हसकली थाना क्षेत्र के गांव मढ़वरी के रहने वाले थे। लिटोन ने पश्चिम बंगाल में थाना हसकली थाना में अपने पिता की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। ललिता ने बताया कि उसके पिता रास्ता भटक जाने पर इधर-उधर भटकते रहे। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है

## वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

संवाददाता, शाहजहांपुर/मदनापुर

- सांड़ से बाइक टकराई, तीन पल्लेदार घायल

अमृत विचार: गुरुवार की रात में जलालाबाद-मदनापुर रोड पर बरखेड़ा गांव के सामने वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस घायल को सीएचसी पर ले गई। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर चौक कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर चांदापुर मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सांड़ से टकरा गई, जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए।

जलालाबाद क्षेत्र के गांव करदौला निवासी उदयवीर(24) गुरुवार की रात नौ बजे बाइक से कटरा किसी काम से जा रहा था। जलालाबाद-मदनापुर मार्ग पर बरखेड़ा गांव के सामने वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उदयवीर घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत सिंह सिपाहियों के साथ पहुंचे और घायल को सीएचसी ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, कांट क्षेत्र के गांव सप्तयारा निवासी शिव, कल्लू और सतीश रोजा मंडी में पल्लेदारी करते थे। गुरुवार की रात दस बजे पल्लेदारी करके तीनों लोग बाइक रोजा मंडी से कांट जा रहे थे। चौक कोतवाली क्षेत्र हाईवे पर चांदापुर मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सांड़ से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस चौकी अजीजगंज के दरोगा और सिपाही मौके पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया।

# आंगनबाड़ी वर्करों का मांगों को लेकर प्रदर्शन




मांगों को लेकर रामलीला मैदान में प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी वर्कर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मुख्यमंत्री को संबोधित नौ सूत्रीय मांग पत्र डीएम कार्यालय में दिया

अमृत विचार: आंगनबाड़ी वर्करों ने मांगों को लेकर शुक्रवार को खिरनीबाग स्थित जीआईसी रामलीला मैदान में धरना दिया। इसके बाद जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां मुख्यमंत्री को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा।

महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष विनीता द्विवेदी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि गैर विभागीय कार्यों से मुक्ति दिलाई जाए और आंगनबाड़ी केंद्रों पर खाद्यान्न राशन सामग्री वितरण की प्रथा को मानवीय आधार पर समाप्त किया जाए क्योंकि गांव व मोहल्लों की आबादी बढ़ती जा रही है। वर्करों पर फर्जी आरोप लगते रहते हैं, इसलिए राशन सामग्री के बदले पंजीकृत लाभार्थियों को सरकार द्वारा सीधे बैंक खातों में धनराशि पहुंचाई जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावा और भी मांगों को शामिल किया गया। इस दौरान विश्वमोहन भारद्वाज, नाजिश परवीन, गायत्री मिश्रा, सावित्री शर्मा, संगीता सक्सेना, विमलेश, किरन आदि शामिल रहे।







# जूनियर बालकों ने हॉकी और एथलेटिक्स में दिखाया दमखम

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष में चल रहे खेलकूद का दूसरा दिन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसडीएम न्यायिक दुर्गेश यादव ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया आरंभ

**अमृत विचार :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में चले चार दिवसीय खेलकूद के दूसरे दिन शुक्रवार को जिला स्तरीय जूनियर बालक (अंडर-19) हॉकी और एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं कराई गईं। हॉकी में कुल छह टीमों और एथलेटिक्स में लगभग 125 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

दूसरे दिन की प्रतियोगिता का आरंभ एसडीएम न्यायिक दुर्गेश यादव ने जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया आदि के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खेलों को संपन्न कराने में निर्णायक के रूप में सचिन प्रेमी, अनूप कुमार मिश्रा, सौरभ कुमार, सुनील कुमार, ब्रजेश कुमार, सुशील भारती, राम विलास, सुरजीत, वैभव सिंह आदि का सहयोग मिला। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विनय गुप्ता, सचिव नरेंद्र त्यागी, कोच मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, अनिल मौर्या, शिव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि प्रतियोगिताओं के विजेता और उप विजेता टीमों और खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 700, 600 और 500 रुपये बतौर पुरस्कार खिलाड़ियों के खाते में भेजे जाएंगे।



100 मीटर दौड़ की शुरुआत करते धावक। ● अमृत विचार



स्टेडियम में जूनियर बालक हॉकी मैच में एक एक अंक को जूझते खिलाड़ी।

### 5000 और 10000 मीटर रेस में आयुष बेजोड़

एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतर्गत हुई 100 मीटर दौड़ में अफरोज बाबू ने प्रथम, शायान अहमद अंसारी ने द्वितीय, सुहेल कादिर ने तृतीय स्थान पाया। इसी तरह 200 मीटर दौड़ में मो. आमिर, अफरोज बाबू, सुशील यादव, 400 मीटर दौड़ में कुलदीप, अनुराग, रवि प्रताप सिंह, 800 मीटर दौड़ में रंजन, मो. शोएब, ऋषि, 1500 मीटर दौड़ में अनुराग, विनीत तिवारी, अरुण, 5000 मीटर दौड़ में आयुष दीक्षित, विनीत तिवारी, अरविंद कुमार, 3000 मीटर वाक रेस में आदित्य, पंकज, हिमांशु पाल, 10000 मीटर दौड़ में आयुष दीक्षित, मो. शोएब, अरविंद कुमार ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह लंबी कूद में मो. आमिर, अनुराग मिश्रा, सुशील यादव, ऊंची कूद में अनुराग मिश्रा, कुलदीप, धीरपाल यादव, गोला फेंक में संजय प्रताप सिंह, ईशांत सिंह, शाद मोहम्मद और भाला फेंक में संजय प्रताप सिंह, ईशांत सिंह और विकास को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसडीएम न्यायिक दुर्गेश यादव। साथ में हैं जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया।

### हॉकी में खेलो इंडिया सेंटर रहा अजेय

अंडर-19 हॉकी प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल मैच संत कबीर पब्लिक स्कूल और प्राथमिक स्कूल हथौड़ा के बीच खेला गया, जिसमें संत कबीर स्कूल ने 3-1 से जीत दर्ज की। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में खेलो इंडिया सेंटर ने स्पोर्ट्स स्टेडियम को 3-2 से हराया। दून इंटरनेशनल स्कूल और प्रिंस क्लब को बाई मिली, जिस कारण इन दोनों टीमों को सीधे सेमीफाइनल में उतारा गया। इसके बाद सेमीफाइनल मैच हुए। पहला मैच संत कबीर पब्लिक स्कूल और दून इंटरनेशनल स्कूल के बीच हुआ, जिसमें संत कबीर स्कूल 2-0 से विजेता रहकर फाइनल में पहुंचा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल मैच में खेलो इंडिया सेंटर ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रिंस क्लब को 6-0 से पराजित कर फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल मुकाबला खेलो इंडिया सेंटर और संत कबीर पब्लिक स्कूल के मध्य हुआ, जिसमें खेलों इंडिया सेंटर ने हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए संत कबीर स्कूल को एक के मुकाबले चार गोल से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

# छात्रा खुशबू बनी एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा खुशबू को खंड शिक्षा अधिकारी पद का दायित्व दिया गया। खुशबू कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पुवायां की कक्षा आठ की छात्रा है। शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ला ने विधिवत कुमारी खुशबू को कार्यभार ग्रहण कराया तथा बैज लगाकर स्वागत किया। खंड शिक्षा अधिकारी और प्रधानाध्यापक बैठक में खुशबू ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी रोचक ढंग से शिक्षण कार्य करें कि निपुण असेसमेंट टेस्ट और नेशनल अचीवमेंट सर्वे में ब्लॉक का अच्छा स्थान रहे । शिक्षकों ने माल्यार्पण करके खुशबू का स्वागत किया।



छात्रा खुशबू।

# एसपी ने छात्राओं को दी कानून की जानकारी

संवाददाता, पुवायां

- कैंब्रिज कान्वेंट में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक ने कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में छात्राओं और शिक्षिकाओं को कानून के बारे में जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया।

कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार दोपहर नारी सुरक्षा के लिए संचालित मिशन शक्ति के तहत एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने छात्राओं और शिक्षिकाओं को कानून के बारे में जानकारी दी और टोल फ्री नंबर के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि छात्राओं और महिलाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए, अगर किसी भी स्थिति में फंसे तो उन्हें क्या करना चाहिए, कौन से कदम उठाने चाहिए। इस बारे में उन्हें जानकारी दी। 112 डायल के अलावा 1076 और अन्य तरीके से तत्काल रूप से मिलने वाली सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम संजय पांडेय, सीओ पंकज पंत, कोतवाल हरपाल सिंह बालियान, स्कूल के डायरेक्टर रचित अग्रवाल, सह डायरेक्टर विनायक अग्रवाल, विशाल शुक्ला सहित स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।



महिला सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते एसपी राजेश एस।

### कस्तूरबा की छात्राओं को किया जागरूक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5 के अंतर्गत महिला व बालिकाओं को जागरूक करने को जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बाल विवाह और बाल श्रम के विरुद्ध ऑपरेशन मुक्ति अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पुवायां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन से दिवाकर मिश्रा केस वर्कर की ओर से बच्चों को बालश्रम व बाल विवाह के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर से पारूल सिंह केस वर्कर ने विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना आदि के बारे में जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098, 112, 1090, 1076, 181, 108,102 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीईओ किशन कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य आभा शर्मा, लीलावती, माधुरी गंगवार, स्मृति भारद्वाज, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन की एसडीएम से शिकायत

**पुवायां, अमृत विचार :** बार संघ के सदस्य अनिल सिंह चौहान ने एसडीम को पत्र देकर अवैध खनन की शिकायत करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बसखेड़ा बुजुर्ग गांव के रहने वाले है और पास के गांव फत्तेपुर ज लुकटहा में उनकी चार एकड़ कृषि भूमि है, जो कि उनके व उनके भाई के नाम पर दर्ज है। पड़ोसी जोतदार ने अपने खेत की मिट्टी खनन माफियाओं को बिक्री कर दी। जिसके बाद खनन माफिया मानकों के विरुद्ध खनन कर मिट्टी बिक्री कर रहे है। अनिल सिंह चौहान ने बताया कि खनन माफिया ने उनके खेत की मेड़ से खनन कर लिया है, जिससे कि उनकी भूमि का कटान होने एवं भूमि खुर्द बुर्द हो सकती है।













# कैंप में जमा हुए 95680 रुपये



कैंप में बिल जमा करते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बिजली के बिलों में गड़बड़ी की शिकायतों का निस्तारण किया

**अमृत विचार:** कटरा के मोहल्ला फीलनगर में शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक बकाया जमा करने एवं मीटर रीडिंग की समस्याओं के निराकरण के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया।

इस दौरान 95680 रुपये बकाया विद्युत बिल जमा हुआ। दस हजार रुपये से अधिक बकाया होने पर धनराशि जमा न करने पर 13 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। मेगा कैंप में चार उपभोक्ताओं की बिलों में गड़बड़ी शिकायतों का निस्तारण किया गया। कैप में उपखंड अधिकारी संजीव कुमार, जेई मुनेंद्र कुमार, मीटर जेई अजीत कुमार, नंदलाल, अंकुर गुप्ता आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# कोचिंग जाने को निकली छात्रा से छेड़छाड़, रिपोर्ट

संवाददाता, निगोही

- विरोध करने पर मारपीट, छात्रा के हाथ में लगा हसिया
- मोबाइल भी तोड़ा, लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार:** कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा को रास्ते में एक युवक ने बुरी नीयत से पकड़ लिया। विरोध करने पर मारपीट की और उसका मोबाइल तोड़ दिया। इस दौरान आरोपी के हाथ में हसिया था, जो छात्रा के हाथ में लग गया। राहगीरों ने आरोपी के चंगुल से छात्रा को छुड़ाया और आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने छात्रा की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि वह शाहजहांपुर में नीट की परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग में पढ़ने जाती है। उसका ट्रेन से शाहजहांपुर आना-जाना होता है। शुक्रवार सुबह 8:15 बजे वह अरेली-पचदिउरा रोड पर जा रही थी, तभी अरेली गांव निवासी नन्हकू ने उसे नहर पटरी के पास बुरी नीयत से पकड़ लिया और घसीटने लगा, विरोध करने पर मारपीट की और उसका मोबाइल छीन कर तोड़ दिया। शोर मचाने पर राहगीर इकट्ठा हो गए और उन लोगों ने उसे आरोपी युवक से छुड़ाया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के पास हसिया था,जो उसके हाथ में लग गया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। लोगों ने आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

संवाददाता, तिलहर

- शिकायतों का चला दौर, जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन

**अमृत विचार :** विकासखंड सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत बोर्ड बैठक ब्लॉक प्रमुख कविता यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्राम प्रधानों द्वारा आंगनबाड़ी के पोषाहार का वितरण न होने तथा सुपरवाइजर तथा सीडीपीओ द्वारा शिकायतों के बावजूद गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण न किए जाने की शिकायत पर विधायक सलोना कुशवाहा ने सुपरवाइजर की फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए।

बोर्ड बैठक में खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने पिछली बोर्ड बैठक की कार्रवाई प्रस्तुत की जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। उसके बाद तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा ग्राम प्रधानों ने आरोप लगाया कि उनके गांव में पुष्टाहार नहीं पहुंच रहा है, गोदाम से निकलते ही उसकी कालाबाजारी हो जाती है, इसकी कई बार शिकायत भी की गई लेकिन किसी भी अधिकारी ने वहां पहुंच कर जांच करने की जरूरत नहीं समझी। जिस पर विधायक सलोना कुशवाहा ने वहां मौजूद आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सरोज देवी से नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। ग्राम चाव खास के क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवाजी मिश्रा ने जनहित में गांव में 260 मी नाला निर्माण कराए जाने, बीरमपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य वीरेश मिश्रा ने गांव में हाई मास्ट लाइट, इंटरलॉकिंग तथा पक्की सड़क से धनपाल के मकान तक डाबरी करण कराए जाने, सुनील कुमार ने जैतीपुर मार्ग से पानी की टंकी तक रोड बनवाने तथा पुलिया का निर्माण कराने, खंडसार की नीलम देवी ने गांव में सीसी रोड इंटरलॉकिंग तथा बिजली ट्रांसफार्मर के नवीनीकरण एवं खंबे लगाए जाने की मांग की। ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सभी प्रस्तावों की जांच करवाकर कार्य पूर्ण कराए जाने का आश्वासन दिया।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने बैठक में अनुपस्थित विभागों के अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब करने तथा जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक से तिलहर भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा तथा ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने ब्लॉक परिसर में शिव मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। बैठक में एडीओ पंचायत सुनील त्रिवेदी, भाजपा नेता वरुण यादव, प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष झब्बू सिंह यादव, अरविंद राठौर सहित सभी ग्रामों के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद ब्लॉक प्रमुख कविता यादव व अन्य। ● अमृत विचार

## एक नजर

### रंजिशन युवक का गला दबाने का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव चौढ़ेरा निवासी ललित वर्मा ने थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 जुलाई की दोपहर वह स्मार्ट रोड से गुजर रहा था। रास्ते में प्रदीप वर्मा, भगवानदास वर्मा निवासी रज्जवनगर, प्रवीन कुमार निवासी बड़ावन थाना सिंधौली व उसके साथियों ने उसे रोक लिया। आरोपी उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर प्रदीप आदि ने उसका गला दबाने का प्रयास किया और मारा पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### छात्रा लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 18 वर्षीया पुत्री एक कॉलेज में पढ़ती है। गुरुवार की दोपहर स्कूल से पढ़कर आई। उसकी पुत्री शाम पांच बजे घर से गई ओर कहा कि पांच मिनट में लौटकर आ रही हूं। तलाश किया तो कुछ पता नहीं चला। उसे अंदेशा है कि उसकी पुत्री को कोई अगवा करके ले गया है। पुलिस ने गुमशुदगी में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तस्कर गिरफ्तार, एक किलो अफीम बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत बंडा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर एक किलो अफीम बरामद की है। थाना प्रभारी सोनी शुक्ला को शुक्रवार की दोपहर एक बजे सूचना मिली कि खंडारी गांव के सामने एक व्यक्ति अफीम बेचने जा रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और एक किलो अफीम बरामद की। पकड़ा गया अभियुक्त विपिन निवासी कानून गोयान जलालाबाद है। टीम में उप निरीक्षक नीरज सिंह, सिपाही सुनील कुमार, विवेक कुमार, रोहित यादव थे।

### जुआ खेलते 15 जुआरी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना प्रभारी सोनी शुक्ला को शुक्रवार की दोपहर सूचना मिली कि अलग-अलग स्थानों पर जुआ हो रहा है। पुलिस ने जुआ खेलते हुए 15 लोगों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरी बंडा क्षेत्र के सुरजीत कुमार, राम सेवक, रोहित सिंह, आदित्य, रुप सिंह, पवन सिंह, आकाश, सुरजीत सिंह, अनुज, श्रीपाल, नेवाराम, सुनील, सुखदेव, राकेश, विमलेश है।

### इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**रोजा, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि अभियुक्त साजन गुप्ता निवासी आदर्श नगर कालोनी थाना रोजा पर 25 हजार रुपये इनाम घोषित था। अभियुक्त चोरी के मुकदमे में 27 मई 2024 से फरार चल रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को हांडा फ्लाईओवर से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दस हजार रुपये बरामद किए। अभियुक्त पर छह मुकदमे पहले से दर्ज है। टीम में उप निरीक्षक वेदपाल सिंह, मुख्य आरक्षी हरनाम सिंह थे।

# स्पार्किंग के बाद जली बंच लाइन, कई मोहल्लों की लाइट गुल

## इनवर्टर हुए डाउन, दिनभर बिजली आने का इंतजार करते रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला कटियाटोला में तिलक पार्क के पास रोड किनारे लगे बिजली के खंभे में केबल के जाल में अचानक स्पार्किंग हो गई। जिससे आग लग गई। सूचना पर बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। विद्युत स्पार्किंग के बाद गोविंदगंज उपकेंद्र से जुड़े मोहल्लों की लाइट गुल हो गई। बिजली उपकेंद्र पर पैनल बदले जाने की कार्रवाई पूरी होने पर सात घंटे बाद बिजली सप्लाई बहाल हो पाई। इस दौरान तमाम उपभोक्ताओं के इनवर्टर बैठ गए, गर्मी में उन्हें परेशानी झेलनी पड़ी। शाम करीब छह बजे बिजली सप्लाई मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार पूर्वान्ह लगभग 11 बजे सदर क्षेत्र में कार्यालयों में लोग कंप्यूटर, लैपटॉप आदि पर काम निपटा रहे थे, तभी अचानक बिजली गुल हो गई। कटिया टोला, खिरनीबाग, कैंट कॉलोनी, सिविल लाइंस, कचहरी आदि इलाकों के घरों में भी बिजली गुल होने से लोग परेशान हो उठे। शाम तक बिजली नहीं आने से लोगों के घरों दुकानों और कार्यालयों में लगे इनवर्टर बैठ गए है। दोपहर के समय लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा था, इसलिए उपभोक्ता जल्दी बिजली आने की राह देख रहे थे लेकिन बिजली का अता-पता नहीं था। उधर, बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी के विद्युत उपकेंद्र पर पैनल बदलने की वजह से बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। जिससे आवास विकास कॉलोनी, साउथ सिटी व बरेली मोड़ के आसपास के अन्य मोहल्लों में रहने वाले उपभोक्ता परेशान हो उठे। करीब डेढ़ घंटे बाद जमौर विद्युत उपकेंद्र से बिजली लाइन जोड़ी गई। तब लोगों ने राहत की सांस ली। इधर गोविंदगंज बिजली उपकेंद्र पर भी पैनल बदले गए, जिससे सप्लाई सात घंटे तक सप्लाई बाधित रही और लोग परेशान होते रहे। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली अधिकारियों और कर्मचारियों से कई बार शिकायत की गई कि जर्जर तारों और तिरछे खंभों को बदल दिया जाए लेकिन बिजली विभाग की यह कार्रवाई कुछ स्थानों पर सिमट गई, अभी तमाम ऐसे स्थान हैं, जहां जर्जर विद्युत लाइन और खंभों पर बिजली तार के जाल से आए दिन चिंगारी निकलती रहती है। जिससे बिजली सप्लाई बाधित होती रहती है।

### दो बार ट्रिपिंग के बाद शुरू हुई सप्लाई

गोविंदगंज विद्युत उपकेंद्र पर पैनल बदले जाने के बाद शाम करीब 5 :55 बजे बिजली सप्लाई शुरू की गई लेकिन कुछ ही देर में बंद हो गई। तीन मिनट बाद फिर बिजली लाइन चालू की गई लेकिन कुछ सेकेंड में फिर बिजली गुल हो गई। बाद में करीब छह बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हो पाई।

### दो तो कभी एक घंटे की कह कर उपभोक्ताओं को देते रहे दिलासा

बिजली गुल हो जाने पर जानकारी करने पर पता चला कि बिजली खंभे में केबिल जल जाने की वजह से लाइट गुल हो गई है, कुछ देर में सप्लाई मिल जाएगी लेकिन एक घंटा से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बिजली सप्लाई शुरू नहीं हुई तब गोविंदगंज विद्युत उपकेंद्र के जेई के सीयूजी नंबर पर कॉल करके जानकारी की गई कि बिजली सप्लाई कब तक शुरू होगी, तब पता चला कि उपकेंद्र पर पैनल बदलने जाने की कार्रवाई चल रही है। शाम तीन बजे तक बिजली सप्लाई शुरू हो जाएगी लेकिन इसके बाद कहा गया कि चार बजे मिल जाएगी। वहीं लोग बिजली न आने से परेशान हो रहे थे। करीब छह बजे बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

- **गोविंदगंज विद्युत उपकेंद्र और आवास विकास उपकेंद्र में बदले गए पैनल**

> विद्युत उपकेंद्र पर पैनल बदलने की कार्रवाई शुरू की गई थी, जिसमें शाम तक समय लग गया। इस वजह से बिजली सप्लाई बाधित रही थी, शाम लगभग छह बजे सप्लाई शुरू कर दी गई।
> **– कफील**, जेई गोविंदगंज विद्युत उपकेंद्र



**उफ! ये तारों का जाल...** खंभे में स्पार्किंग के बाद जलते केबल। ● अमृत विचार

## लाइब्रेरी निर्माण के लिए मंत्रोच्चार के साथ हुआ भूमि पूजन

**तिलहर, अमृत विचार :** तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी निर्माण के लिए एसडीएम व तहसीलदार ने मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन किया।

तहसील परिसर में बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी निर्माण के लिए शुक्रवार को पंडित शिवम मिश्रा के सानिध्य में सर्वप्रथम एसडीएम जीत सिंह, तहसीलदार जयप्रकाश यादव व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश सक्सेना ने पूजा अर्चना की उसके बाद जमीन की खोदाई कर पहले ईंट रखकर भूमि पूजन किया। एसडीएम जीत सिंह ने कहा कि न्याय कार्यों के निस्तारण के लिए अधिवक्ताओं को कानून के किताबों की अत्यधिक आवश्यकता पड़ती है। इस दौरान नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, बार एसोसिएशन के महासचिव राजीव सिंह चौहान, शीलेंद्र मोहन मिश्रा, सुशांत मिश्रा, सुरेंद्र गंगवार, जगत भान मौर्य, नगेंद्र सिंह सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पीटीआर: बाघ गणना को ट्रेप कैमरे लगना शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ गणना को लेकर ट्रेप कैमरे लगाने का काम तेजी से शुरू हो गया। पहले चरण में होने वाली बाघ गणना को लेकर तीन रेंजों में कैमरे लगाने का काम किया जा रहा है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 72 से अधिक बाघ है। स्थानीय स्तर पर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा फेज-4 की बाघ गणना कराने का निर्णय लिया गया है। बाघ गणना को लेकर पीटीआर और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ द्वारा माह भर से तैयारियां की जा रही थी। बाघ गणना के दौरान लगाए जाने वाले ट्रेप कैमरे, टॉर्च, ताला, बैटरी, एसडी कार्ड समेत अन्य संसाधनों जुटाए गए। रेंज कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इधर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार से प्रथम चरण में दियूरिया, माला एवं महोफ रेंज में बाघों की गिनती के लिए ट्रेप कैमरे लगाने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया। तीनों रेंज में 201 प्वाइंटों पर 402 ट्रेप कैमरे लगाए जाएंगें। दो दिन के भीतर कैमरे लगाने के बाद बाघों की गिनती शुरू की जाएगी। प्रथम चरण की बाघ गणना माह भर के भीतर पूरी की जाएगी। इसके बाद शेष बची रेंजों में ट्रेप कैमरे लगाकर बाघ गणना की जाएगी। इस संबंध में पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में बाघ गणना को लेकर तीन रेंजों में कैमरे लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।



पीटीआर में ट्रेप कैमरे लगाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

# बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश के दोषी को 10 साल कैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** चार साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (बलात्कार एवं पॉक्सो अधिनियम) गीता सिंह ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के बिहारीपुर कुमरिखा गांव निवासी आरोपी पप्पू पुत्र वेदपाल को दोषी पाते हुए 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 51 हजार रुपये का जुर्माना जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की सम्पूर्ण धनराशि प्रतिकर के रूप में पीड़िता देने देने का आदेश है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार शर्मा ने की।

अभियोजन कथानक के अनुसार क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कोतवाली बीसलपुर में एफआईआर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार तीन अप्रैल 2022 की शाम वह अपने परिवार के साथ मंदिर गए थे। मंदिर में भजन कीर्तन हो रहा था। रात करीब साढ़े आठ बजे मंदिर के पीछे बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। तभी वह मौके पर पहुंचा तो उसने अपनी चार साल की बच्ची के साथ एक व्यक्ति को देखा। आरोपी बच्ची को नग्न कर उसके साथ छेड़खानी कर रहा था। उसने अन्य ग्रामीणों की मदद से आरोपी को मौके से ही पकड़ लिया और नाम पता पूछने के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पप्पू को जेल भेज दिया। विवेचना के बाद आरोपी पप्पू के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (बलात्कार एवं पॉक्सो एक्ट) गीता सिंह की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने एवं पत्रावली का परिशीलन करने के बाद बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने का दोषी पाते हुए आरोपी पप्पू को सजा सुनाई।



- **अदालत ने 51 हजार जुर्माना रुपये का जुर्माना भी डाला**
- **दो साल पहले बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई थी वारदात**

### गैंगस्टर एक्ट में दोषी को ढाई साल का कारावास

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एक मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने गैंगस्टर एक्ट में जनपद शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव ददूरी निवासी हरिद्वारीलाल पुत्र सीताराम को दोषी पाते हुए ढाई साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार शुक्ल ने की। अभियोजन कथानक अनुसार कोतवाल पूरनपुर सुरेश कुमार सिंह 27 नवम्बर 2020 को शांति व्यवस्था की देखभाल में लगे थे। इसी दौरान पता चला कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुझाखुर्द निवासी उवैद उर्फ उमैद उर्फ उवेद पुत्र ताहिर खां ने एक संगठित गिरोह बना लिया है। इस गिरोह के हरिद्वारीलाल समेत कई सदस्य है। यह गैंग अपने आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए संगठित होकर वाहन चोरी और बिक्री करता है। इस गैंग का जनहित में स्वच्छंद रहना ठीक नहीं है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी हरिद्वारीलाल को गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाते हुए सजा सुनाई। बता दें कि इस आरोपी की पत्रावली पृथक कर सुनवाई हुई थी।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडा, चार लोग घायल

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** गांव गंगोरा के मजरा कोठा में शुक्रवार को दो पक्षों में विवाद होने पर लाठी-डंडा चल गए। जिसमें चार लोग घायल हो गए। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव निवासी रविंद्र यादव की मां शारदा देवी ने सुभनेश और मंगल से कह दिया कि तुम्हारी बकरियां हमारी सीमेंट की टीन पर आती हैं, इन्हें रोक लो। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी और लाठी-डंडे चलने लगे। जिससे एक पक्ष के रविंद्र यादव, धीरेंद्र यादव, दूसरे पक्ष के सुभनेश यादव, मंगल यादव घायल हो गए। घायल दोनों पक्ष थाने आए, जहां से उन्हें मेडिकल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहीं पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, गांव गोकुल नगला निवासी राजेश वर्मा ने तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी एवं छोटे भाई की पत्नी में बच्चों के विवाद को लेकर कहासुनी हो गई थी। उसे इस बात की जानकारी नही थी। वह खेत से लौट कर आया, तभी छोटे भाई व उसकी पत्नी उसे लाठी-डंडों से पीट दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया है।

### बांका मारकर युवक को किया घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव वहेटी निवासी दीपक कुमार ने बताया कि गुरुवार को गांव का अरविंद एक बालक को पीट रहा था। उसका भाई शुभम बचाने के लिए गया तो आरोपी अरविंद से उसे भी पीटकर घायल कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपी उसके परिवार से रंजिश मानने लगा। शुक्रवार को दिन में साढ़े चार बजे शुभम दुकान से घर जा रहा था। रास्ते में उसे बांका मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरायकाइया निवासी संगीता राठौर ने बताया कि 19 अक्टूबर को उसके पति महेश राठौर ने घर के बाहर तख्त डालकर जलेबी बनाकर बेच रहे थे। उसके पति ने रात साढ़े दस बजे काम खत्म किया और कारीगर ललित सामान रख रहा था। मोहल्ले के रामचंद्र, विजय, राजीव व रामचंद्र एकजुट होकर आए और उसके पति को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। उसके पति का हाथ टूट गया। घटना का कारण पुरानी रंजिश है। प्रभारी निरीक्षक धमेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अतिक्रमण हटाने पर पक्षपात का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मालगोदाम रोड के दुकानदारों और ठेले वालों ने आरोप लगाया है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान में अधिकारियों ने पक्षपात का रवैया अपनाया है।

रेलवे के महाप्रबंधक और डीआरएम ने रेलवे कॉलोनी और मालगोदाम रोड का तीन दिन पूर्व निरीक्षक किया था। मालगोदाम रोड पर अतिक्रमण और कॉलोनी की स्थिति को देखकर नाराजगी जताई थी। यहां के अधिकारियों ने इन क्षेत्रों में रखे खोखे आदि हटा दिए थे। दुकानदारों का आरोप है कि मालगोदाम रोड पर मोमोज आदि के ठेले शाम छह बजे से रात दस बजे तक लगते है।

ठेले वाले सारा कूड़ा नाले और नलकूप परिसर की दीवार के अंदर डाल देते है। कुछ लोगों के चबूतरे तोड़े गए और कुछ के नहीं तोड़े। आरोप है कि अधिकारियों ने पक्षपात का रवैया अपनाया है। दुकानदारों और ठेले वालों ने बताया कि इस संबंध में डीआरएम से शिकायत करेंगे। इधर संबंधित अधिकारियों ने कहा कि ठेले लगाने वालों पर जुर्माना किया जाएगा और ठेला जब्त कर लिया जाएगा।

# 45 किलो. दूषित मिठाई नष्ट कराई, 8 सैंपल भरे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** दीपावली के दृष्टिगत डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने आठ नमूने भरे। जिनमें चार खंबा बक्सरिया स्थित शुभम स्वीट्स से 1 नमूना लौंज, 1 नमूना छेना मिठाई, केरूगंज खोया मंडी से 2 नमूने खोया, छोटा चौक पर स्थित बन्ने स्वीट्स से 1 नमूना मिल्क केक, 1 नमूना खोया, बरेली मोड स्थित शक्ति मिष्ठान से 1 नमूना खोया, 1 नमूना पनीर के नमूने संग्रहित किए गये।

टीम की ओर से लगभग 45 किग्रा दूषित मिठाई नष्ट कराई गई। जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 10, 000 रुपये था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण कुमार ने तिलहर में संचालित मीट की दुकानों का पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया तथा अवैध चल रही मीट की दुकानों को बंद कराया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय चंद्र शेखर मिश्रा ने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी, अनिल प्रताप सिंह, मनोज कुमार, वरुण कुमार, सौरभ सोनी, अजीत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

### ओसीएफ का कवि सम्मेलन-मुशायरा आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ओसीएफ रामलीला में परंपरानुसार पूर्णाहुति के रूप में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन 26 अक्टूबर को होगा। सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष दिव्यानंद पांडेय ने बताया कि कवि सम्मेलन और मुशायरा का आरंभ शनिवार रात्रि नौ बजे बजे से किया जाएगा। ओसीएफ रामलीला मैदान में होने वाले कवि सम्मेलन और मुशायरा में रामेंद्र मोहन त्रिपाठी (आगरा), चंदन राय (मुंबई), शशिकांत यादव (देवास), स्वयम श्रीवास्तव (उन्नाव), प्रवीण पांडेय (फिरोजाबाद), मणिका दुबे (जबलपुर) आदि ख्यातिलब्ध कवियों तथा महशर अफरीदी (मुंबई), जौहर कानपुरी (कानपुर), अज्म शाकिरी (गंजडुंडवारा), जहाज़ देवबंदी (देवबंद), मुमताज़ नसीम (दिल्ली) आदि नामचीन शायरों को आमंत्रित किया गया है।




अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाशत कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन
- बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# खाद्यान्न में घटतौली पर कोटेदार की दुकान निलंबित

## म्याऊं ग्राम पंचायत में कोटेदार कर रहा था घटतौली

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** खाद्यान्न में घटतौली करने वाले कोटेदार की दुकान को जिला पूर्ति अधिकारी ने निलंबित कर दिया । कोटेदार द्वारा अतिरिक्त कांटा लगाकर खाद्यान्न को तौल कर दिया जा रहा था। जिसका वीडियो वायरल होने पर अमृत विचार ने इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारी द्वारा जांच कराई गई थी।

दातागंज तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत म्याऊं स्थित कोटेदार कलावती द्वारा खाद्यान्न वितरण के लिए रखे गए व्यक्ति के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर बाट रख पर्ची निकाल ली जा रही थी। उसके बाद खाद्यान्न को कम तौल कर राशन कार्ड धारकों में बांटा जा रहा था। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो पर जानकारी जुटाने के बाद अमृत विचार ने खाद्यान्न घटतौली की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने सप्लाई इंस्पेक्टर से कोटेदार की जांच कराई गई। जो कि सही पाई गई। इसके बाद दुकान को निलंबित कर दिया है। साथ ही अन्य कार्रवाई्र के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच के आदेश कर दिए हैं।


डिजिटल तौल से उपभोक्ताओं के राशन से कर रहे 20 प्रतिशत कटौती

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- **कुछ दिन पहले दुकान पर घटतौली का वीडियो हुआ था वायरल**
- **अधिकारियों ने कराई थी जांच, आख्या के आधार पर की गई कार्रवाई**

### कोटेदार ने लगा रखा था दूसरा कांटा

शासन से दिए गए कांटे के साथ ही कोटेदार द्वारा दुकान पर एक अतिरिक्त कांटा लगा रखा था। इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर बांट रख पर्ची निकालने के बाद कोटेदार द्वारा दूसरे कांटे पर अपनी मर्जी के मुताबिक राशन की तौल कर कार्ड धारकों में वितरण करता था। जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने दूसरे कांटे को जब्त कर लिया है।

"प्रथम दृष्टता जांच में कोटेदार दोषी पाया गया है। उसकी दुकान को निलंबित कर दिया है। विस्तृत जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन कर जांच कराई जा रही है।

–**रमन मिश्रा,** जिला पूर्ति अधिकारी

### मॉस्क लगा कर कोर्ट में आए अधिवक्ता

बदायूं, अमृत विचार : जनपद न्यायाधीश ने जिला वार एसोसिएशन और जिला सिविल वार एसोसिएशन को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि इस समय संक्रमण काल चल रहा है। मलेरिया डेंगू का प्रकोप बना हुआ है। ऐसी स्थिति में सावधानी बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय में किसी वाद की पैरवी करते समय अधिवक्ताओं को मास्क लगाना अनिवार्य है। सावधानी बरतने के लिए सभी से इस तरह की अपील की गयी है। न्यायालय में मास्क लगाने से सभी सुरक्षित रह सकते हैं।

### संत गुरु नामदेव महाराज की जयंती आज

कादरचौक, अमृत विचार : संत गुरु नामदेव जी महाराज की 754 वीं जयंती शनिवार को मनाई जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय जनता पार्टी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिंकू बाबू ने संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 754 वीं जयंती मनाने की पूरी तैयारी कर ली है। जयंती समारोह ग्राम लभारी में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं से मौजूद रहने की अपील की गयी है।

# कुंवरगांव में दूसरे दिन भी लगा शिविर


गांव में लगे शिविर में मरीजों को देखती स्वास्थ्य विभाग की टीम

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार :** कस्बे में चौबीस घंटे में तीन लोगों की बुखार से मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है। ग्रामीणों के भारी विरोध के बीच शुक्रवार को दूसरे दिन भी स्वास्थ्य विभाग ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगा कर लोगों के ब्लड सैंपल लिए जिसमें एक महिला डेंगू पॉजिटिव निकली है जबकि सैकड़ों लोग बुखार पीड़ित हैं।

कस्बे में 24 घंटे में तीन लोगों की मृत्यु से ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ गुस्सा है। शुक्रवार को सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा के निर्देश पर कस्बे के वार्ड चार में स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाया।कैंप में 70 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए, जिसमें 1 महिला मीरा पत्नी रोहित उम्र 24 वर्ष डेंगू पॉजिटिव पाई गई।

मीरा को चार दिन से बुखार आ रहा है। ब्लड की जांच करायी जिसमें वह डेंगू पॉजिटिव पायी गयी। टीम में ईसान मोहित, डा. नारायण सिंह, कुंवर गांव पीएचसी प्रभारी जसपाल चौधरी का सहयोग रहा ।

## यदु ने और किया 8.36 करोड़ का भुगतान

**बदायूं, अमृत विचार :** गन्ना किसानों का बकाया भुगतान जल्द कराने को प्रयासरत जिला गन्ना अधिकारी ने बिसौली की यदु शुगर मिल से गन्ना किसानों को शुक्रवार को आठ करोड़ 36 लाख का भुगतान और करा दिया। चीनी मिल पर अब 10 करोड़ बकाया है। जो एक सप्ताह में पूरा करा दिया जाएगा। यह जानकारी जिला गन्ना अधिकारी अशफीर् लाल ने दी। मिल ने 19 फरवरी तक का 90 प्रतिशत भुगतान कर दिया है।

उन्होंने मिल प्रशासन को और भुगतान करने को कहा जिस पर यदु शुगर मिल ने शुक्रवार को 8 करोड़ 36 लाख का भुगतान कर दिया। अब चीनी मिल पर मात्र दस करोड़ शेष है। मिल के महाप्रबंधक अनिल सिंह ने बताया कि दो दिन में चार करोड़ का भुगतान और कर दिया जाएगा।

### राशन कार्ड ही फैमिली आईडी होगी

बदायूं, अमृत विचार : जिन लोगों के राशन कार्ड बने हैं। वही उनकी फैमिली आईडी होगी। परंतु जिन परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं है। उनकी फैमिली आईडी बनाई जाएगी। इसके बाद ही उन्हें शासन से संचालित योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। आईडी आय, जाति, निवास जैसे प्रमाण पत्रों का भी कार्य करेगी। फैमिली आईडी बनाने के लिए परिवार के हर सदस्य का आधार नंबर और उसमें मोबाइल नंबर अटैच किया जाएगा।

# धनतेरस और दीपावली को लेकर सजा बाजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **दीपावली पर्व को लेकर खरीदारी के लिए पहुंच रहे लोग**
- **सराफा बाजार और ऑटोमोबाइल सेक्टर में की जा रही है खरीदारी**

**अमृत विचारः** तीन दिन बाद दीपोत्सव का शुभारंभ हो जाएगा। धनतेरस से त्योहार की शुरुआत होने पर बाजार सज कर तैयार हो चुका है। बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक और सर्राफा बाजार के साथ ही ऑटोमोबाइल सेक्टर के शोरूम पूरी तरह से तैयार हैं। दुकानदार ग्राहकों के आने का इंतजार कर रहे हैं। धनतेरस पर स्टील पीतल और कांसे के बर्तनों की मांग को देखते हुए दुकानदारों ने पूरी तैयारी कर ली है। कई जगह दाम में छूट भी दी जा रही है। बर्तनों के दाम में पिछले वर्ष के मुकाबले 100 से 120 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है।

धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। इस दिन चम्मच से लेकर कटोरी, गिलास, कुकर, कढ़ाई, बाल्टी, जग, भगोना, फ्राई पैन आदि की विशेष मांग रहती है। लेकिन, इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा बर्तन काफी महंगे हैं। महंगाई का असर इस बार बाजार पर भी देखने को मिलेगा। इसके बाद भी दुकानदारों को अच्छी खरीदारी की उम्मीद है। दुकानदारों का कहना है कि धनतेरस और दीपावली पर लोग जो सामान खरीदते हैं, उसके मोल भाव से ज्यादा गुणवत्ता पर भरोसा करते हैं। ऐसे में उम्मीद है कि इस त्योहारी सीजन बर्तन बाजार भी खूब चमकेगा।


सर्राफ की दुकान से खरीदारी करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### कपड़ा बाजार में रौनक

कपड़ा बाजार में अभी से रौनक आ गई है। पर्व पर लोग नए कपड़े पहनना पसंद करते हैं। जिसकी वजह से उनके द्वारा अभी से खरीदारी कर शुरू कर दी है। बड़ा बाजार, टिकट गंज और नेहरू चौक स्थित रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। इधर मॉल में भी पहुंचकर लोगों के द्वारा खरीदारी की जा रही है।

### सोना-चांदी व आभूषण बाजार भी है तैयार

सोना-चांदी व अन्य प्रकार की आभूषण की मांग अभी से होने लगी है। हालांकि ज्यादातर लोग धनतेरस के दिन सोना-चांदी खरीदते हैं, पर अभी से अपने पसंद के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण बुक कराया जा रहा है। खरीदारी धनतेरस को की जाएगी। सोने पर बढ़े दामों की वजह से इस बार ज्वेलर्स वाले ज्यादा खुश नजर नहीं आ रहे हैं।

### ऑटोमोबाइल सेक्टर में तेजी

ऑटोमोबाइल लाइन में अभी से तेजी आ गई है। दो-पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन पहले से बुक कराए जा चुके हैं। गाड़ी खरीदने के लिए लोगों को मशक्कत करना पड़ रहा है। हालत यह है कि अभी ग्राहकों के पसंद के अनुसार से गाड़ी के कलर नहीं मिल पा रहे है। ऐसे में जो भी गाड़ी मिल रही है, उसे बुक कराया जा रहा है।

एक नजर

### गैंगस्टर को दो साल का कारावास

बदायूं, अमृत विचार : थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव भोजपुर निवासी राजपाल पुत्र दानजी पर शुक्रवार को गैंगस्टर अधिनियम के विशेष न्यायाधीश ने दोषी राजपाल को दो साल के कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर सात दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

### बंद मकान में चोरों ने किया हाथ साफ

कुंवर गांव,अमृत विचार: थाना क्षेत्र के एक गांव में बंद मकान से ताला तोड़कर चोरों ने हजारों का सामान की चोरी कर ली। जानकारी पर लौटी महिला ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस घटना होने से इंकार कर रही है। घटना चार दिन पुरानी है। थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी विधवा महिला शीश कुमारी अपनी रिश्तेदारी में गई थी। बीती 21 अक्टूबर को अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। जिसमें सोने चांदी के आभूषण भी शामिल थे।

# रिश्तेदार ने बंधक बनाकर पांच लाख मांगे

## आलू खरीदने को हापुड़ बुलाया फिर फिरौती मांगी, पुलिस ने एक आरोपी पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : आलू का सस्ता बीज दिलाने झांसा देकर एक रिश्तेदार ने उझानी क्षेत्र के दो व्यापारियों को झांसे में लेकर हापुड़ बुलाया और बंधक बना लिया। उनके परिजनों को फोन करके पांच लाख रुपये फिरौती मांगी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस बंधक बनाए गए, एक व्यापारी के बेटे को लेकर हापुड़ पहुंची। दोनों व्यापारियों को बदमाशों से मुक्त कराया। पुलिस एक बदमाश को पकड़कर ले आई और उसकी कार बरामद की। इस मामले में हापुड़ में तैनात एक सिपाही का नाम भी सामने आया है। जो बदमाशों से मिला है।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव जिरौलिया निवासी केतन पटेल ने पुलिस को बताया कि 20 अक्टूबर को उनके पिता ओमप्रकाश पटेल के पास हापुड़ के पिलखुआ में बजाजा रोड निवासी अक्षय सिंह का फोन आया था। यह उनके रिश्तेदार हैं। अक्षय ने हापुड़ में अच्छी किस्म का आलू का बीज मिलने और उसे खरीदने की बात कही। अगले दिन ओमप्रकाश और पास के गांव रोशन नगर के राजू सिंह पुत्र नवाब सिंह 90 हजार रुपये लेकर हापुड़ पहुंचे। जहां अक्षय और उसके कुछ साथियों ने दोनों व्यापारियों को बंधक बना लिया। दो दिन के बाद 22 अक्टूबर की दोपहर बदमाशों ने राजू सिंह के मोबाइल नंबर से परिजनों को बात कराई और फिरौती में पांच लाख रुपये मांगे। फोन आने के बाद परिवार में कोहराम मच गया।


पुलिस ने बदमाश से बरामद की कार।

केतन पटेल के पिता व एक व्यापारी को उनके रिश्तेदार अक्षय ने बहाने से बुलाकर बंधक बना लिया और फिरौती की मांग की। रिपोर्ट दर्ज की गई थी। दोनों लोगों को मुक्त करा लिया गया है। एक बदमाश मोनू त्यागी को पकड़ा है। आगे की जांच की जा रही है। - अमित किशोर श्रीवास्तव, एसपी सिटी

केतन पटेल की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। हापुड़ निवासी अक्षय सिंह व अन्य पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने नंबर की लोकेशन निकलवाई। उझानी पुलिस केतन पटेल को साथ में लेकर रात में ही हापुड़ चली गई। जहां केतन बदमाशों से मिला। बदमाशों ने कार में उनके पिता को दूर से दिखाया। इसी दौरान उझानी पुलिस ने गुरुवार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे बदमाशों को हापुड़ में मुरादाबाद मार्ग पर पकड़ लिया। दोनों व्यापारियों को बंधनमुक्त कराया। पुलिस को देखते ही कार सवार तीन बदमाश भाग गए। पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम हापुड़ निवासी मोनू त्यागी बताया। उसने फरार हुए अपने साथियों के नाम अक्षय सिंह, मोहित कुमार और कमल बताए। उझानी के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि व्यापारियों को बदमाशों के चुंगल से छुड़ा लिया है। पकड़े गए आरोपी ने तीन अन्य साथियों के नाम बताए हैं। उसने अपने एक साथी मोहित कुमार के सिपाही होने की बात कही है। उसके बारे में जानकारी की जा रही है। वह एसओजी में भी रह चुका है। पुलिस ने मोनू का आपराधिक इतिहास निकाला। पता चला कि उसपर पहले से लूट, राहजनी, अवैध असलाह रखने के मामले पहले से दर्ज हैं। उझानी की पुलिस हापुड़ की पुलिस के संपर्क में है।

## किशोरी से छेड़छाड़, परिजनों ने बताया हुआ है दुष्कर्म

बदायूं, अमृत विचार :एक युवक दो दिन पहले रात में अपनी नाबालिग प्रेमिका से मिलने पहुंच गया। इसी दौरान किशोरी के परिजनों को आहट हो गई। उन्होंने युवक को पकड़कर पीटा। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और आरोपी युवक को साथ ले गई। किशोरी के पिता ने बेटी के साथ छेड़छाड़ होने की तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली लेकिन अगले दिन किशोरी के पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां पता चला कि किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस और चिकित्सक आरोपी को बचाना चाह रहे हैं। परिजनों ने शुक्रवार को डीएम से शिकायत करके मेडिकल परीक्षण कराने की मांग की है। हजरतपुर के थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। किशोरी ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने से मना कर दिया है।

# मेला देखकर लौट रही बालिका से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गुरुवार रात गांव में चल रही रामलीला और मेला देखकर घर लौट रही थी बालिका

अमृत विचार : थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव में रामलीला देखकर और मेला घूमकर घर जा रही दस साल की बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव का एक युवक बालिका को खींचकर खेत में तालाब किनारे ले गया और घिनौना काम किया। घटना को अंजाम देकर आरोपी भाग गया। पीड़िता लहूलुहान हालत में घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने पीड़िता को सीएचसी पर भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़िता के बयान लिए। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया।

कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अनुसूचित जाति से है। उसके गांव में रामलीला चल रही है। उसकी दो बेटियां रामलीला और मेला देखने के लिए गई थीं। रात लगभग 11 बजे उसकी बड़ी बेटी घर आ गई लेकिन छोटी बेटी नहीं आई। तकरीबन एक घंटे के बाद वह भी घर आई। वह लहूलुहान थी। वह बेसुध होने लगी। उसे उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस सीएचसी पहुंची और पीड़िता के बयान दर्ज किए। पीड़िता ने बताया कि उसके गांव निवासी राजेश यादव उर्फ खन्ना ने उसे रामलीला से लौटते समय दबोच लिया था और खींचकर खेत पर ले गया। जहां राजेश यादव ने उसके साथ गलत काम किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी और वहां से भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आरोपी को जेल भेजा गया है।

# जंग लगी टिन में भरकर ले जाई जा रही तीन क्विंटल छेना मिठाई पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मिठाई को जंगल में कराया नष्ट
- एक गाड़ी में भर कर बाजार में खपाने को ले जा रहे थे लोग

अमृत विचार: दीपोत्सव पर मिलावट खोर सक्रिय हो गए हैं। उनके द्वारा खराब और मिलावटी मिठाईयों को बाजार में खपाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने तीन कुंतल छेना की मिठाई पकड़ी। जो कि जंग लगे टिन में भरकर देहात क्षेत्र के बाजार में बिक्री के लिए जा रही थी। इसके अलावा बाजार में बिक्री के लिए रखा 22 किलो खराब खोया भी पकड़ा। अधिकारियों ने पकड़ी गई छेना मिठाई और खोया का सैंपल लेने के बाद उसे जंगल में नष्ट करा दिया। इधर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा चीनी का खिलौना, सरसों और रिफाइंड पॉम ऑयल का सैंपल लेकर जांच को भेजा है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सीएल यादव ने बताया कि गुरुवार की शाम को जानकारी मिली थी कि उघैती इस्लामनगर क्षेत्र में मिलावटी और खराब मिठाई की बिक्री हो रही है। नाधा से इको कार में भरकर उघैती में दुकानों पर बिक्री के लिए छेना मिठाई लाई जाती है। जिसे क्षेत्र में मिठाई दुकानों पर सप्लाई कर दिया जाता है। जानकारी मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी सुबह चार बजे ही उघैती पहुंच गए। वहां गाड़ी के आने का इंतजार करने लगे। करीब छह बजे छेना की मिठाई लेकर गाड़ी गुजरी उसे अधिकारियों ने रोक लिया। छेना की मिठाई ले जा रहे चालक ने अपना नाम खुर्शीद आलम बताया। इसके बाद गाड़ी देखा तो करीब 50 जंग लगे टिन में छेना की मिठाई भरी हुई थी। खोलने पर उसमें से भीषण दुर्गंध उठ रही थी। अधिकारियों ने गाड़ी से सभी टिन उतार कर छेना की मिठाई के सैंपल लेने के बाद जंगल में नष्ट करा दिया। दातागंज की बाजार में राशिद अहमद खराब 22 किलो खोया बिक्री करने की फिराक में था। अधिकारियों ने खोया का सैंपल लेकर नष्ट कराया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वजीरगंज बिल्सी रोड स्थित आदर्श ट्रेडर्स के यहां से सरसों के तेल, बिसौली स्थित अमजद प्रतिष्ठान से नीची खिलौना और सैंजनी स्थित मुनेश पाल की दुकान से रिफाइंड पॉम ऑयल का सैंपल लेकर जांच को भेजा है। कार्रवाई करने वाली टीम में सतेंद्र सिंह तोमर, शहाबुद्दीन दोस्त, आजाद कुमार और खुशीराम शामिल रहे।


टीन को खोलते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

## बोलेरो ने ट्रॉली में मारी टक्कर, ट्रैक्टर सवार की मौत, एक घायल

कछला ,अमृत विचार : तेज रफ्तार बोलेरो ने ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर सवार उछलकर ट्रैक्टर के आगे जा गिरे और घायल हो गए। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

कस्बा कछला निवासी सतीश (49) पुत्र अशर्फी लाल और नन्हें शुक्रवार दोपहर ईंटें लेकर कहीं गए थे। कस्बा में ट्रॉली से ईंटें उतारकर वापस लौट रहे थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित बितरोई मोड़ के पास तेज रफ्तार से आई बोलेरो ने ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की सीट पर बैठे सतीश ट्रैक्टर के बोनट पर जा गिरा जबकि नन्हें स्टेयरिंग में जा घुसा। सतीश के सिर में चोट आई। वह लहूलुहान हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। घायल को सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सक ने उन्हें रेफर कर दिया। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए लेकिन तब तक सतीश की मौत हो चुकी थी।

# मेडिकल कॉलेज में कांग्रेसियों ने की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कालेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया। शासन और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। दिन भर चले धरना प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। कांग्रेसियों ने कहा कि सरकार की मनमानी के चलते मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी हैं जिससे लोगों की यहां मौतें हो रही हैं।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह ने गुरुवार को पदाधिकारियों के साथ प्राचार्य से मिलकर शुक्रवार को धरना प्रदर्शन की जानकारी दे दी थी। तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह दस बजे तमाम कांग्रेसी राजकीय मेडिकल कालेज पहुंच गए। धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि शासन की गलत नीतियों के चलते यहां पर गरीबों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। डॉक्टर तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मनमानी के साथ काम कर रहे हैं मरीज तड़प तड़प कर दम तोड़ रहे हैं। सात साल की बच्ची की मौत भी इलाज नहीं मिलने के कारण हो गयी। जिला प्रशासन मौन साधे बैठा है। प्राचार्य कुछ भी नहीं कर रहे हैं। दूर दराज से आने वाले मरीजों को दवा नहीं मिल रही है। कांग्रेसियों ने इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार को व जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद रहे। इससे पहले मेडिकल कॉलेज के मुख्यद्वार के बाहर और अंदर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने मरीज के वाहनों को भी रोक रोक कर अंदर जाने दिया।


मेडिकल कालेज में कांग्रेसियों के साथ धरना देते जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह।

- राजकीय मेडिकल कालेज में अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

## बच्ची की मौत प्रकरण, शासन ने मांगा जवाब

बदायूं, अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कालेज में इलाज के अभाव में हुई बच्ची की मौत का मामला शासन स्तर तक पहुंच गया है। अब तक की गयी कार्यवाही और जांच रिपोर्ट के बारे में एक एक बिंदु पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। प्राचार्य ने डीएम के निर्देश पर दो डॉक्टरों को बर्खास्त और दो को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया है गत 23 अक्टूबर को ब्लॉक जगत के ग्राम बल्लिया नगला निवासी नाजिम सात साल की बीमार पुत्री सोफिया को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचा। वहां उसे कोई डाक्टर नहीं मिला। सभी खेलकूद प्रतियोगिता में व्यस्त रहे। वह सुबह नौ बजे से पुत्री को लेकर भटकता रहा। कहीं कोई डॉक्टर नहीं मिला। परिणामस्वरूप बीमार सोफिया जिंदगी की जंग हार गयी।

यह प्रकरण डाक्टरों ने संवेदनहीनता दिखाई लेकिन जिला प्रशासन ने इस का संज्ञान लिया। मामले ने तूल पकड़ा तो प्राचार्य ने तीन सदस्यीय कमेटी बना कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच में चार डॉक्टर ओपीडी में नहीं मिले। सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। पीड़ित के घर पर पहुंच कर पूछताछ की गयी। उसने जो भी बताया सत्य निकला। जांच रिपोर्ट गुरुवार की रात प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार को दी गयी। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम के आदेश पर दोषी पाए गए डा. शलभ वैश्य और डा. दिव्यांशी शर्मा को बर्खास्त कर दिया गया जबकि डा. अभिषेक शर्मा और डा. इमरान जेआर को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया।

शासन से कई बिंदुओं पर जवाब मांगा गया है। दोषी डॉक्टरों पर कार्यवाही की गई है। फिर भी इस प्रकरण की पूरी रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। लापरवाही पर अब किसी को बख्शा नहीं जाएगा। -डॉ. अरुण कुमार, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कालेज

# सियार के हमले में तीन लोग घायल, क्षेत्र में दहशत

संवाददाता, म्याऊं

- एक घंटे के अंदर तीन लोगों को सियार ने बनाया अपना शिकार
- म्याऊं ब्लाक के नवीगंज गांव के अवनेश को किया घायल

अमृत विचार: ब्लॉक क्षेत्र के जंगल में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ गया है। जानवर लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। शुक्रवार को एक घंटे में सियार ने तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जिससे क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। सियार के हमले में घायलों को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

ब्लॉक के गांव नवीगंज में निवासी अवनेश ने बताया कि उनका आठ वर्षीय पुत्र अनूप शिव मंदिर के नजदीक खेत पर जा रहा था कि रास्ते में उस पर सियार ने हमला कर दिया। उसके चिल्लाने पर आस पास खेतों में काम कर रहे लोग एकत्रित हो गए। इसके बाद सियार भाग गया। इस घटना के कुछ देर बाद खेत में धान काट रहे गांव निवासी किसान चिन्ताराम पर सियार ने हमला कर दिया। सियार के हमले में उनका पैर जख्मी हो गया। उनके द्वारा चिल्लाने पर सियार वहां से भाग गया लेकिन दूसरे खेत में धान काट रहे गांव बबलू श्रीवास्तव पर उसने हमला कर दिया। उनके कंधे पर सियार ने काट लिया।

सियार के हमला करने से खेतों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के एकत्रित होने पर सियार वहां से भाग गया। एक घंटे में तीन लोगों पर सियार के द्वारा हमला करने पर लोग दहशत में अब अकेले खेतों पर जाने से डर रहे हैं। बच्चों को खेतों पर जाने से ग्रामीणों ने रोक लगा दी है।

# गलत एफआईआर स्पंज न होने पर आंदोलन करेंगे पालिकाकर्मी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नगर पालिका की टीम पर आरोप लगाते हुए 22 अक्टूबर को दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ ने डीएम और एसएसपी को दिया है पत्र

अमृत विचार : वेंडिंग जोन में अतिक्रमण रोकने के लिए पालिका द्वारा डाले गये ताले को तोड़कर अतिक्रमण करने और मना करने पर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने वाले पूर्व जनप्रतिनिधि के बेटे द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के खिलाफ कर्मचारी एकजुट हो गये हैं। अब स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने डीएम और एसएसपी से शिकायत की है। कहा कि अगर पालिका के कर्मचारियों पर दर्ज मुकदमा स्पंज नहीं किया जाता तो सभी कर्मचारी आंदोलन करेंगे।

स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष सचिन सक्सेना व महामंत्री नारायण दत्त शर्मा ने डीएम और एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि नगर पालिका परिषद की ओर से वेंडिंग जोन के रूप में चिंहित सिंगलर गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास अवैध रूप से लोहे के चार खोखे व दो सेट रख लिए गए थे।

अतिक्रमण के चलते नगर पालिका ने 29 दिसंबर 2023 को ताले डाल दिए थे लेकिन 21 अक्टूबर 2024 को संबंधित क्षेत्र के सफाई नायक को ताले टूटे मिले। खोखों के सामने बांस से अस्थाई ढांचे का निर्माण करके अनाधिकृत रूप से व्यापार किया जा रहा था। नगर पालिका टीम ने मौके पर मिले व्यक्ति से सामान हटाने को कहा तो व्यापारी ने जगह का किराया देने की बात कही। इसी दौरान पूर्व जनप्रतिनिधबेटेअमन्त्रऔर हर्ष प्रताप सिंह व चार-पांच अन्य लोगों ने पहुंचकर पालिका टीम से अभद्रता करते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज करा दी। महासंघ के अध्यक्ष सचिन सक्सेना ने कहा कि नगर पालिका टीम पर सिविल लाइन कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट को स्पंज किया जाना जरूरी है। साथ ही सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी जमीन पर कब्जा करने के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें। अन्यथा नगर पालिका के सभी कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसके लिए प्रशासन और पुलिस जिम्मेदार होगी।

## जिले में तैनात 12 मुख्य आरक्षियों की पदोन्नति


पदोन्नति होने पर स्टार लगाते एसएसपी, एसपी सिटी और एसपी देहात।

बदायूं, अमृत विचार : जिले में तैनात 12 मुख्य आरक्षियों की पदोन्नति हुई है। जिसमें कृष्ण सिंह यादव, अजयपाल, राम खेलावन, हरदेश कुमार, औसाफ अली, रमेश चंद्र, बदन सिंह, मुनेश कुमार, सहदेश सिंह, अशोक कुमार, महेश कुमार, कमलेश कुमार हैं। शुक्रवार को एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, एसपी देहात केके सरोज ने उनकी वर्दी पर स्टार लगाकर बधाई दी।

## तमंचे के बल पर लूटा ट्रक, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

विजय नगला,अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर अब आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव उतरना निवासी मोहम्मद फारूक पुत्र नत्थू लाल ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने 15.50 लाख रुपये का ट्रक लेने के लिए दातागंज तिराहा स्थित एयडीवी फाइनेंशियल सर्विस लिमिटेड से 13.35 लाख रुपये का लोन कराया था। जिसकी किश्त 43 हजार 30 रुपये थे। वह समय से अपनी किश्त जमा कर रहे थे। दिसंबर 2023 की किश्त दो भागों में जमा की थी। एक फरवरी को उनका ट्रक गुलड़िया बाजार पर खड़ा था। तभी लालपुर निवासी मुराद हसन और उनका बेटा शबाब, मोहल्ला लोची नगला निवासी राजेश कुमार पुत्र डालचंद, आरिफ पुत्र सिराजुद्दीन, कल्लू पुत्र चंदू, रमन पुत्र महेंद्र आए और ट्रक की चाबी छीन ली। मोहम्मद फारूक ने अपनी बाइक ट्रक के आगे लगा दी। कल्लू, आरिफ, शबाब ने उनकी बाइक भी छीन ली और मारपीट की। सीने पर तमंचा रखकर एक सादा कागज पर हस्ताक्षर करा लिए। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। ट्रक का आज तक पता नहीं चला है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज -------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## महिला ने खाया विषाक्त पदार्थ, मौत

बिल्सी ,अमृत विचार : बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी महिला ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

गांव निवासी आशा देवी (44) पत्नी महावीर का गुरुवार को परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। वह अपने कमरे में चली गईं। जहां रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। परिजन महिला को पहले निजी अस्पताल ले गये वहां सुधार नहीं होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह महिला की मौत हो गई।

# थाने पर आने वाली पीड़िता के नाम व पते का करें उल्लेख

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : आईजी, बरेली ने गुरुवार को थाना वजीरगंज और बिसौली का निरीक्षण किया। थानों के कार्यालय, हवालात, मालखाना, बैरक आदि की स्थिति देखी।


थाने के निरीक्षण के दौरान अभिलेख चेक करते आईजी डॉ. राकेश सिंह।

उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति फेज पांच के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान का क्रियांवयन प्रभावी रूप से करें। महिला बीट प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की कार्रवाई कराई जाए। महिला हेल्पडेस्क के अभिलेख चेक करने बाद कहा कि थाने पर आने वाली पीड़िता का नाम, पता, मोबाइल नंबर और समस्या का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। समस्या के निस्तारण के बाद रजिस्टर में जानकारी नोट करें। थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। जमीन के विवाद से संबंधित शिकायतों में राजस्व विभाग से समन्वय करने को कहा।

आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा पर विशेष सावधानी बरती जाए। थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता रहे। अवैध पटाखा भंडारण न हो।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना
मैं पुष्पा उपनाम पुष्पलता पत्नी श्री राम सहाय शुक्ल निवासी मोहल्ला पंचायत वार्ड नं. 1 टाउन व पोस्ट मैलानी जिला लखीमपुर-खीरी उ. प्र. की हूँ। भविष्य में हमें हमारे नाम पुष्पा से ही जाना एवं पहचाना जाये, न कि उपनाम से।

सूचना
मैं अपने बड़े पुत्र सर्वेश राठौर व उसकी पत्नी श्रीमती नेहा राठौर को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। मधु राठौर पत्नी श्रीपाल राठौर निवासी मो. शिवनगर कॉलोनी निकट आई.टी.आई. थाना कोतवाली, शहर व जिला पीलीभीत

Notice
In my PAN card number MKCPS8348P, name Jaspal Singh son of Sarjit Singh and date of birth is 01.01.1998, which is wrong. My correct name is Jaspal Singh son of Ajit Singh and date of birth is 01.01.1972. Jaspal Singh son of Ajit Singh Resident Village Karim ganj, Tehsil Baheri District Bareilly

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र इरशाद को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। मुस्तरी पत्नी श्री अख्तर खां निवासी रम्पुरा माफी, भोजीपुरा, तहसील व जिला बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मो. शकी खां पुत्र मो. शफी खां निवासी ठिरिया निजावत खां तह. व जिला बरेली ने आराजी गाटा संख्या 487, 488 स्थित ग्राम मोहनपुर तह. व जिला बरेली में 2/3 अंश का मुख्त्यारे आम मो. सलीम खां पुत्र मो. शफी खां को दिनांक 7.12.2010 को नियुक्त किया था, जिसे दिनांक 03.01.2019 को निरस्त करा दिया गया है।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डी.एल. में मेरा नाम भूलवश प्रवेन्द्र सिंह कन्नौजिया पुत्र मंगल सिंह कन्नौजिया दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम प्रवेन्द्र सिंह पटेल पुत्र मंगल सिंह पटेल है। आधार कार्ड में भी मेरा यही नाम दर्ज है। प्रवेन्द्र सिंह पटेल पुत्र मंगल सिंह पटेल निवासी ग्राम बुखारा ब्लाक क्यारा तहसील व जिला बरेली।

जमीन बिकाऊ है
1400 गज
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पीछे सैंथल रोड, हाफिजगंज।
8979764949
9897375743

## एक नजर

### देर शाम समिति पर खाद का हुआ वितरण

**मुजरिया ,अमृत विचार :** कोल्हाइर् स्थित साधन सहकारी समिति देर शाम किसानों में खाद का वितरण किया गया। जो कि देर रात तक चलता रहा। खाद लेने के लिए किसानों की लंबी लाइन लगी दिखाई दी। डी ए पी खाद की किल्लत को देखते हुए शुक्रवार की सुबह किसानों ने समिति पर हंगामा किया था। जिसके बाद प्रशासन के हस्तक्षेप पर शाम को समिति पर डी ए पी पहुंची। डीएपी पहुंचने पर उसका वितरण शुरू करा दिया। समिति सचिव भगवान सिंह की देखरेख में रात में किसानों में खाद का वितरण किया गया।

### टायर की दुकान में आग हजारों का सामान जला

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर की मीरा जी चौकी निवासी जावेद गुरुवार को वाटर वर्क्स रोड पर टायर की दुकान बंद करके घर गए थे। शुक्रवार सुबह राहगीरों ने उनकी दुकान के शटर के नीचे से धुंआ निकलता देखा तो सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। शटर पर बाहर से पानी डाला। नीचे से पाइप से पानी डालने की कोशिश की लेकिन असफल रहे। एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया।

# पुलिसकर्मियों ने किया दंगा नियंत्रण का रिहर्सल

## पुलिस परेड ग्राउंड में एसएसपी की मौजूदगी में हुआ अभ्यास, दंगाइयों पर छोड़े गए आंसू गैस के गोले

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



पुलिस ने भीड़ पर इस प्रकार किया नियंत्रण। ● अमृत विचार



पुलिस के आंसू गैस के गोले छोड़ने पर भागते दंगाई। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** त्यौहार और जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर पुलिस परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण का रिहर्सल हुआ। एक तरफ पुलिसकर्मी दंगाई बने तो दूसरी ओर पुलिस की टुकड़ी ने मोर्चा संभाला। दंगाइयों पर आंसू गैस के गोले छोड़े, पानी की बौछार की और लाठी फटकारी। दंगा में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए ले जाने का भी अभ्यास कराया गया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों को शस्त्रों के प्रयोग से लेकर जनता के बचाव के तरीके बताए।

शुक्रवार सुबह पुलिस परेड ग्राउंड में एक तरफ दर्जनों लोग सादा लिबास में खड़े होकर दंगाई बने। वह नारेबाजी कर रहे थे तो दूसरी ओर पुलिसकर्मी वर्दी में खड़े थे। नारेबाजी कर रहे दंगाइयों ने पुलिस पर ईंटें और बोतलें आदि फेंके। यह नजारा देखकर पुलिस परेड ग्राउंड के बाहर रोड पर चल रहे लोग रुककर देखने लगे। बाद में पता चला कि यह तो पुलिस की दंगा नियंत्रण की रिहर्सल चल रही है। रिहर्सल में एसएसपी और एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने भी आंसू गैस के गोले छोड़े। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को हैंड ग्रेनेड का प्रयोग करने की जानकारी दी। इसके अलावा भीड़ को तितर-बितर करने, दंगाइयों को खदेड़ने, घायलों को अस्पताल ले जाने, बलवाइयों की गिरफ्तारी आदि का अभ्यास कराया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबंध में बताया। टियर स्मोक सेल व नेट आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियां बताईं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का इन हालातों में किस प्रकार प्रयोग किया जाए, इसके सही तरीका समझाया। एसपी देहात केके सरोज, उझानी सीओ शक्ति सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सुम्मेर सिंह आदि मौजूद रहे।



पुलिसकर्मी को हैंड ग्रेनेड चलाने का तरीका बताते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। साथ में एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, एसपी देहात केके सरोज, सीओ उझानी शक्ति सिंह, सीओ सिटी संजीव कुमार व अन्य।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों की रही धूम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में चल रहे वार्षिक खेल प्रतियोगिता के पांचवे दिन सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रमों की धूम रही। प्राचार्य डा. अरूण कुमार ने कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उसके बाद देर शाम तक सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहे।

साहित्यिक कार्यक्रमों में पोस्टर मेकिंग, अंताक्षरी, रंगोली, मेड एड, गेस द साँग, क्ले आर्ट एवं मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। पोस्टर मेकिंग में दीक्षा प्रथम, ईशा द्वितीय एवं यशी तृतीय स्थान पर रहीं। स्केचिंग में अमन सक्सेना, प्रथम, नीरज गोंड द्वितीय एवं स्वाति यादव तृतीय स्थान पर रहीं। अंताक्षरी में उज्ज्वल राणा प्रथम, यामिनी भारद्वाज द्वितीय तथा सलोनी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रंगोली मेकिंग में शिवानी, ऋचा, सलोनी, रजवी बैच-2022 प्रथम, यामिनी, सलोनी, साक्षी, पलक, बैच-2020 द्वितीय तथा रिद्धम, अंश, संध्या, विदुषी गुप्ता बैच-2020 तृतीय स्थान पर रहे। डम्ब शिराड में दिव्या प्रथम, दीक्षा द्वितीय तथा कार्तिकेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में संजना गुप्ता प्रथम, शालू द्वितीय तथा श्रुति गोयल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेड एड में पूर्वी, नंदिनी, स्वाति बैच-2021, ने प्रथम, आदर्श कुमार सिंह, सलोनी वर्मा, यामिनी भारद्वाज, बैच-2020 द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# छात्र-छात्राओं ने बनाए विज्ञान के मॉडल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **प्रदर्शनी में जिले के 93 कॉलेजों के 200 छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए 100 मॉडल**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में 93 कॉलेजों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने 100 से ज्यादा विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। सिंगलर मिशन गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा ने बिना हेलमेट पहने बाइक स्टार्ट न होने का मॉडल प्रस्तुत करके जूनियर और श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज के लक्ष्य पाल ने ऑटोमैटिक ब्रिज बनाकर सीनियर वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार ने सभी मॉडल का अवलोकन किया। विजेताओं को चेक देकर पुरस्कृत किया गया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार।

निर्णायक मंडल के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता अमित कुमार, अलापुर राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रवक्ता शिव शंकर साहू ने मॉडल का निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं से उनके मॉडल के बारे में जानकारी की। कुछ बच्चे हिचकिचाए और भूल गए तो किसी ने सटीक जवाब दिया। जिसके आधार पर मॉडल्स को नंबर दिए गए। सीनियर वर्ग में जीआईसी, बदायूं के विजय साहू को दूसरा, सिंगलर मिशन गर्ल्स इंटर कॉलेज की पूर्णिमा को तीसरा स्थान मिला जबकि यूसुफ नगर राजकीय हाईस्कूल के अमन, बदायूं जीजीआईसी की आरती, राजाराम महिला इंटर कॉलेज की वैष्णवी पटेल, दातागंज जीजीआईसी की प्रतिक्षा यादव, चौड़ेरा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज के केशपाल को सांत्वना पुरस्कार मिला। वहीं जूनियर वर्ग में बदायूं जीजीआईसी की संध्या को दूसरा व खुनक हायर सेकेंड्री स्कूल के वशिष्ठ पाल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इनके अलावा राजाराम महिला इंटर कॉलेज की वैष्णवी व रिद्धिमा गुप्ता, मानपुर राजकीय हाईस्कूल की रुखसार, केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज की पूर्ति साहू, गुरगांव के राजकीय हाईस्कूल के गौरव राजपूत को सांत्वना पुरस्कार मिला।

# राम के वनगमन का प्रसंग सुनाया

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** शुक्रवार को धनवती देवी सरस्वती बालिका आवासीय इंटर कालेज में श्री राम कथा के पंचम दिवस पर श्री राम कथा को शांतनु जी महाराज ने अयोध्या कांड की पावन मांगलिक प्रारंभिक चौपाइयों के साथ प्रारंभ किया। कहा जब महाराज को सफेद बाल कान के दिखाई पड़े तो उन्होंने राज्य की बागडोर श्री राम को सौंपने का मन बनाया, इससे संकेत मिलता है कि मनुष्य को धीरे-धीरे जिम्मेदारियों से हटकर भजन में मन लगाना चाहिए। राज्याभिषेक की तैयारियां हो रही थीं, और देवता विघ्न की रचना कर रहे थे। सरस्वती जी ने मंथरा की बुद्धि बिगाड़ी और मंथरा ने सत्यानाश कर दिया।

महाराज ने कहा कि मंथरा जैसी कुसंग और दहेज के सामान से बचना चाहिए। मंथरा के कहने पर कैकई ने राजा दशरथ से मांगे वरदान के प्रसंग को सुनाया।

राम को वनवास की सूचना प्राप्त हुई और मां कौशल्या से आशीर्वाद लेकर चल दिए। कौशल्या ने एक प्रकार से पारिवारिक एकता का संकेत दिया है। लक्ष्मण को बहुत समझाने के बाद भी जब वह नहीं माने तो लक्ष्मण भगवान और जानकी तीनों वन के लिए चले।

यह है रघुवंश का भ्रातृ प्रेम जिस कारण से आज भी हम सब ऐसे भाइयों को याद करके आनंदित होते हैं।



श्री राम कथा सुनती महिलाएं। ● अमृत विचार

### राम ने मारा तीर धू धू कर जला रावण का पुतला

**उघैती ,अमृत विचार :** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में खितौरा के रामलीला ग्राउंड में शुक्रवार को राम-रावण युद्ध के मंचन को देखने को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। श्री राम-रावण युद्ध के मंचन के साथ ही श्री राम ने रावण के पुतले में अग्नि बाण मारकर दहन कर दिया। पुतला धू-धू कर जल उठा। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष राजेश कौशिक के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर आदर्श रामलीला कमेटी संरक्षक प्रदीप कुमार सिंह, अध्यक्ष रूपकिशोर गुप्ता, महाराज सिंह, अरुण कुमार, नवीन गुप्ता, तिलक सिंह प्रधान, आरडी शर्मा, किशोरी पाल, योगेश गिरि, सुनील राणा, बलराम पाठक, रविशंकर भारद्वाज, नरेंद्र भारद्वाज, नितिन कुमार,बंश गुप्ता, अंकुश प्रताप सिंह, रामसेवक, गौरव कुमार गुरु, तेजेन्द्र सोलंकी, अमन ठाकुर, सत्येंद्र सिंह, लोकेश पाल,आदि रहे।

# 10 माह बाद दर्ज की मोबाइल लूट की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार:** बदायूं के युवक से शहामतगंज चौराहा पर मोबाइल लूट की रिपोर्ट पुलिस ने 10 महीने बाद दर्ज की है।

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव चंदोई निवासी मोहम्मद जाबिर ने बताया कि वह जरूरी कार्य से 29 दिसंबर 2023 को बरेली आए थे। सुबह करीब 9 बजे वह शहामतगंज चौराहा पर खड़े होकर अपने परिचित से मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो लुटेरे आए और उनका मोबाइल लूटकर फरार हो गए। वह थाना बारादरी गए और पुलिस को लूट की तहरीर दी तो पुलिस ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि तहरीर दोगे तो मोबाइल मिलने पर कोर्ट के चक्कर काटने पड़ेंगे। इसलिए मोबाइल मिलने का इंतजार करो। मोबाइल तलाश किया जा रहा है। कई माह बीतने के बाद जब मोबाइल बरामद नहीं हुआ तब उन्होंने थाना बारादरी में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# 21 दिन बाद किसानों से मिले सीओ, समाप्त कराया धरना



किसानों का धरना खत्म कराते सीओ केके तिवारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **भाकियू चढ़ूनी गुट 3 अक्टूबर से दे रहा था धरना अब मिला कार्रवाई का आश्वासन**

**अमृत विचार :** बीस दिन से कलेक्ट्रेट पर चल रहा भाकियू चढ़ूनी गुट का धरना प्रदर्शन 21वें दिन सीओ दातागंज केके तिवारी ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देकर खत्म करा दिया।।

ब्लॉक जगत के ग्राम खिरिया रहलू की गौशाला देखने गए भाकियू चढ़ूनी के दो कार्यकर्ताओं पर गौशाला संचालन कमेटी ने थाना अलापुर पुलिस से मिल पर मुकदमा दर्ज करा दिया। दूसरे कुंवर गांव में एक कार्यकर्ता की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया था इसलिए किसान इरफान अहमद भी धरना दे रहा था। भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने 3 अक्टूबर से पुलिस कार्यवाही के विरोध में धरना शुरू कर दिया था। शुक्रवार को सीओ दातागंज केके तिवारी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होने जिलाध्यक्ष को भरोसा दिया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सीओ ने सभी किसानों को फूल माला पहना कर उनका धरना समाप्त कराया। जिला अध्यक्ष ने कहा 21वें दिन धरना समाप्त किया जा रहा है।

**जनता ने बताई समस्याएं** — चकबंदी और चकमार्ग से संबंधित शिकायतें हुईं प्राप्त, अधिकारियों को निस्तारित कराने का निर्देश

# डीएम ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों की समस्याओं का किया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** ब्लॉक जगत के गांव गिधौल में डीएम ने ग्राम चौपाल लगाई। जिसमें उन्हें अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद उनका निस्तारण किया।

शुक्रवार को ग्राम चौपाल में डीएम को चकबंदी विभाग से संबंधित चार शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक में खातेदार का रकबा सर्वे में कम होने की शिकायत प्राप्त हुई। डीएम ने चकबंदी अधिकारी को शिकायतकर्ता के समक्ष पैमाइश कराकर प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं एक व्यक्ति ने डीएम से उसके मकान के समीप चकमार्ग बनाने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि चकमार्ग बनाए जाने की प्रक्रिया कुछ दिनों बाद प्रारम्भ होगी। इनके अलावा ग्रामीणों ने गांव विद्युतीकरण, गली में खड़ंजा बनाए जाने की मांग के साथ ही विधवा और वृद्धावस्था पेंशन आदि को लेकर शिकायतें की। जिस पर डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं गांव में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगत में सम्बंद्धीकरण की जानकारी पर डीएम ने प्रत्येक मंगलवार व गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बैठकर ग्राम वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण करने निर्देश डॉक्टर को दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, बंदोबस्त अधिकारी रामकिशोर सहित अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करती डीएम निधि श्रीवास्तव।

- **विकास क्षेत्र जगत के गांव गिधौल के अंबेडकर पार्क में डीएम ने लगाई ग्रामीणों की चौपाल**



ग्राम चौपाल में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

# रेलवे फाटक पर टूटा ट्रक का एक्सेल, दो घंटे बाधित रहा यातायात

**उझानी ,अमृत विचार :** अढ़ौली रेलवे फाटक से गुजर रहे खाद भरे ट्रक का एक्सल टूटने से वह रेलवे क्रासिंग पर फंस गया। इससे इस मार्ग का सड़क यातायात दो घंटे तक बाधित रहा। बड़े वाहन गौशाला रोड होकर गुजरे ट्रक को क्रेन से उठा कर अलग रखा गया तब यातायात शुरू हो सका।शुक्रवार सुबह 6 बजे एक ट्रक खाद भर कर अढ़ौली रोड के लिए जा रहा था। रेलवे फाटक के बीच में ही एक्सल टूट गया जिससे ट्रक वहीं पर फंस गया। चालक राजबहादुर ने बताया कि ट्रक गड्ढे में फंस गया जिससे ट्रक का एक्सल टूट गया। भारी परेशानी होने पर क्रेन से ट्रक को उठा कर अलग रखा गया तो करीब दो घंटे बाद यातायात शुरू हो सका।

## सार-संक्षेप

### एस के एल एम पब्लिक स्कूल में हुई कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता



**बिल्सी ,अमृत विचार :** सतेती वजीरगंज मार्ग स्थित एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में साक्षी सागर, दिव्या पाठक, आयुष वार्ष्णेय ने प्रथम स्थान, वंशिका चौहान, अंजलि सोलंकी, अंश, इशा गौतम ने द्वितीय स्थान शार्दुल, आरव गुप्ता, राधिका, पारुल राजपूत, रिद्धि सक्सेना, चंचल राजपूत, काव्य राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के एमडी पीडी सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहना चाहिए, इस मौके पर उपदेश कुमार, अंजली सिंह कर्मेंद्र सिंह, वीना सिंह, कंचन सिंह, रंजीत सिंह, बीना कुमारी, कमलेश कुमारी, प्रिया सिंह, सपना माहौर, मुस्कान, शशांक यादव, पल्लवी कुमारी, अनम सैफी आदि मौजूद रहे।

### कस्बे में बंदरों का आतंक, एसडीएम से पकडवाने की मांग



**बिल्सी ,अमृत विचार :** खूंखार हो चुके बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कस्बे के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर इनसे निजात दिलाने की मांग की है। शुक्रवार के नगर के लोगों ने एसडीएम रिपुदमन सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। कहा कि नगर के मोहल्ला नंबर दो, सिटी हार्ट मेंन स्कूल मार्ग, बरी के पेड़ के निकट, शिव शक्ति मंदिर एवं वार्ष्णेय धर्मशाला मार्ग, कटरा बाजार, पालिका बाजार, थाना रोड पर पूरे दिन बंदरो का आतंक बने रहने की बात कही। इन स्थानों से स्कूल पढ़ने के लिये सैकड़ों बच्चे निकलते है। जिन्हें बंदरो के कारण निकलने में काफी परेशानी होती है। इसी के साथ यहीं पर चार मंदिर भी हैं जहां पूजा करने के लिए महिलाएं जाती है। वार्ड नंबर 12 में ही एक महिला की बंदरो के कारण छत से गिरकर मृत्यु भी हो चुकी है। उन्होने एसडीएम से शीघ्र बंदरों से निजात दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में समीर राठी, यतेंद्र माहेश्वरी, कृष्ण कुमार, अनुज शर्मा, गिरिराज किशोर आदि है।

### बुखार से हुई समाजसेवी की मौत



**उसहैत ,अमृत विचार :** कई दिनो से बुखार से जूझ रहे समाजसेवी राम दुलारे 60 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। मृतक की पत्नी और पुत्री का रो रोकर बुरा हाल है। बुखार से सैकड़ों लोग पीड़ित हैं जो झोलाछापों से इलाज करा रहे हैं। रामदुलारे के परिजनों के अनुसार उन्हें करीब छह माह पूर्व गुर्दे में इन्फेक्शन हो गया था। जिसका उपचार बरेली और दिल्ली में कराया गया। उपचार के बाद रामदुलारे ठीक हो गये। वह अपने घर पर थे। पिछले दो दिनो से उन्हे बुखार आ रहा था। बुखार की दवा भी उन्होंने कस्बे के एक प्राइवेट डॉक्टर से ले ली। लेकिन उन्हें आराम नहीं मिला जिसके बाद शुक्रवार को उनकी मौत हो गयी। रामदुलारे की पत्नी रिंकी व एक पुत्री जानवी है। समाजसेवी की मौत की खबर सुनकर कस्बे के लोग उनके आवास पर पहुंच गए। उनके निधन पर मुन्ना सिंह, चेयरमैन नवाब हसन, पूर्व चेयरमैन श्रीराम कश्यप, मोहित, पप्पू, कुलदीप सिंह, कमल सिंह, राजू गुप्ता, रामविलास सौरभ, केशव भारद्वाज आदि ने शोक जताया है।

### पार्किंग स्थल चिन्हित कराएं सिटी मजिस्ट्रेट

**बदायूं,अमृत विचार :** आगामी त्योहारों पर शहर में जाम से बचने को एवं यातायात व्यवस्था सुगम बनाने को शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा यातायात निरीक्षक मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बसों के रूट डायवर्जन के संबंध में 29 अक्टूबर को होने वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लेने की बात कही गयी। इसके अतिरिक्त नगर मजिस्ट्रेट को ऑटो ई रिक्शा के पार्किंग स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। पार्किंग स्थल चिन्हांकन हेतु नगर मजिस्ट्रेट के साथ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन तथा यातायात निरीक्षक को भी साथ में जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदले समाज



**बदायूं,अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत हुई संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सीओ सिटी संजीव कुमार ने छात्राओं को मिशन शक्ति के विषय से अवगत कराया। सीओ ने कहा कि महिलाओं के बारे में सामाजिक सोच को परिवर्तित करने की जरूरत है। जिस दिन महिलाएं खुद को कमजोर मानने से इनकार कर देगी, उसी समय से महिला सशक्तिकरण होने लगेगा। प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार बत्रा ने छात्राओं को छेड़छाड़ आदि संबंधी कोई समस्या होने पर परिवार तथा अपने आसपास के लोगों को बताने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ बबीता यादव, डॉ सतीश कुमार यादव, डॉ शशि प्रभा, डॉ सारिका शर्मा, डॉ हुकम सिंह, डॉ गौरव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### खाद की कालाबाजारी करने वाली दुकान निलंबित



**उझानी ,अमृत विचार :** किसानों को डीएपी नहीं मिलने से उनकी खेती पर संकट मंडरा रहा है। बाजार में ब्लैक में खरीद कर किसान अपने खेतों में डीएपी लगा रहे हैं ।प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर डीएपी खाद की कालाबाजारी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद जांच करने पहुंचे जिला कृषि अधिकारी ने दुकान को निलंबित कर दिया। कस्बे की पुरानी अनाज मंडी में प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र है, जिस पर किसानों को खाद मिलती है। इस केंद्र पर शुक्रवार को एक किसान डीएपी खाद लेने पहुंचा। किसान ने केंद्र संचालक से डीएपी खाद की मांग की तो केंद्र संचालक 1700 सौ की एक बोरी खाद बेचने की बात कहता है। खाद की कालाबाजारी का वीडियो किसी ने वायरल कर दिया। डीएपी खाद की एक बोरी 1350 में मिलती है। लेकिन यहां पर खाद को ब्लैक में बेचा जा रहा है। डीएपी खाद की कालाबाजारी करने का वीडियो वायरल होने व किसान द्वारा शिकायत करने पर उक्त दुकान का जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार ने निरीक्षण किया जिसके बाद दुकान को निलंबित कर दिया गया। किसान ने दुकान पर नकली खाद बेचे जाने की भी शिकायत की थी।

### महंगाई के दौर में आवश्यक है बचत

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग एवं करियर काउंसलिंग समिति के तत्वाधान में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को रोजगार परक योजनाओं की जानकारी दी गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजधन ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यानों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। ऐसे व्याख्यान के माध्यम से करियर के चुनाव में भी मदद मिलती है। डॉ सुशीला ने कहा कि इस महंगाई के दौर में बचत के महत्व को समझना बहुत आवश्यक है ।सुशील कुमार सक्सेना ने छात्राओं को फाइनेंस बैंकिंग एवं सिक्योरिटी मार्केट के विषय में जानकारी दी।

## शहर में आज

- कछला के सर्वेश्वर आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन दोपहर दो बजे से।
- हरपदीय गंगा के घाट पर महाआरती शाम छह बजे से।
- समस्या निवारण समिति की बैठक सोरों गेट जिला कार्यालय पर दोपहर 12 बजे से।
- सोरों के मुहल्ला लहरा में भगवान श्री राम की लीला का मंचन रात्रि आठ बजे से।

# निर्धारित स्थानों पर ही बेच सकेंगे दीपावली पर आतिशबाजी

संवाददाता, गंजडुंडवारा


गंजडुंडवारा कोतवाली में हुई बैठक को संबोधित करते इंस्पेक्टर विनोद कुमार।

- अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस करेंगी सख्त कार्रवाई
- कोतवाली परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**अमृत विचारः** दीपावली पर्व के मध्य नजर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को कोतवाली में हुई। आतिशबाजी विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि वह दीपावली पर निर्धारित स्थानों पर आतिशबाजी बेचे। पुलिस का सहयोग करें। अराजकतत्वों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेंगी।

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि बिना लाइसेंस कोई दुकानदार आतिशबाजी नही बेचें।आतिशबाजी की दुकानें निर्धारित जगह एच एन इंटर कॉलेज में व्यवस्थित रूप से एल श्रेणी में ही लगाए। इस दौरान आसपास रेत और अग्निशमन यंत्र अवश्य रखें। पर्व पर लगने वाले बाजार में जाम से मुक्ति हेतु भी चर्चा की गई।जिस पर कोतवाली प्रभारी ने जाम नियंत्रण हेतु बेरिकेट आदि से व्यवस्था दुरुस्त रखने का आश्वासन दिया।तहसीलदार जितेन्द्र कुमार ने कहा कि उक्त त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।शरारती तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। शांतिभंग करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। इस मौके पर संजय उपाध्याय,समसुल प्रधान शाहिद पोपुलर,अनिल गुप्ता,वसीम कुरैशी, शिवशंकर गुप्ता सहित पटाखा व्यापारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दीपावली पर पटाखों की दुकानों के लिए नई व्यवस्था

**एटा,अमृत विचार :** एसडीएम सदर राज कुमार मौर्य ने बताया कि इस वर्ष भी राजकीय इण्टर कालेज, सकीट रोड पर अस्थायी आतिशबाजी की दुकानें लगाई जाएंगी। हालांकि, वहां दुकानों की अधिक संख्या के कारण भीड़भाड़ और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी, जिससे लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।इन समस्याओं के समाधान के लिए, एसडीएम ने क्षेत्राधिकारी (पुलिस) नगर और मुख्य अग्नि शमन अधिकारी एटा के साथ मिलकर राजकीय इण्टर कालेज सकीट रोड और क्रिश्चियन इण्टर कालेज आगरा रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे शासन द्वारा निर्गत आदेश और नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें, ताकि दीपावली का त्योहार सुरक्षित और सुखदायी बना रहे। इस निर्णय से क्षेत्र के नागरिकों में सुरक्षा और सुविधा का अनुभव होगा, जिससे वे दीपावली का पर्व खुशी और आनंद के साथ मना सकें।

## एमजीएम इंटर कॉलेज में लगेंगी पटाखे की दुकान

**जलेसर,अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी विपिन कुमार मोरल के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष भी आतिशबाजी की दुकान एमजीएम इंटर कॉलेज के ग्राउंड में ही लगेगी। उप जिलाधिकारी ने समस्त विक्रेताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि आतिशबाजी विक्रेता अपने अपने लाइसेंस प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए बनवा लें बिना लाइसेंस के आतिशबाजी बेचते हुए पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# दिवाली की तैयारियों में जुटे कुंभकार, दीये कर रहे तैयार

## मिट्टी के दीपक और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों को दे रहे आकार, पूरा परिवार कर रहा सहयोग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



बिलराम गेट रोड पर दुकान में बिकतीं इलेक्ट्रॉनिक मालाएं। ● अमृत विचार


शहर के सहावर गेट क्षेत्र में मिट्टी के दीपक तैयार करता कुंभकार। ● अमृत विचार

- जल्द बाजार में दिखाई देने लगेंगे मिट्टी के आकर्षक और रंग बिरंगे दीपक

**अमृत विचार :** दीपावली पर्व को लेकर कुंभकार तैयारियों में जुटे हैं। मिट्टी के दीपों को तैयार कर उनका स्टाक किया जा रहा है। बाजार में इस वर्ष आकर्षक एवं रंग-बिरंगे दीये बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे, लेकिन इस बार मिट्टी के दीपों पर महंगाई की मार रहेगी।

वैसे तो इलेक्ट्रिक झालरों के प्रचलन के साथ ही मिट्टी के दीयों की मांग घट गई, लेकिन पिछले कुछ साल से लोगों में माटी के दीपकों का क्रेज बढ़ा है जिससे कुंभकारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है। कुंभकार मिट्टी के दीयों को बनाकर उनका स्टाक कर रहे हैं। इस बार बाजार में दीयों में कुछ अलग नजर आएगा। विभिन्न आकृतियों के दीये बनाए जा रहे हैं। गणेश की आकृति, हाथी की आकृति, शिवलिंग की आकृति सहित अन्य आकृतियों के दीये कुंभकार तैयार कर रहे हैं। इन पर रंग भी कर रहे हैं। भले ही अभी दीयों की मांग शुरू न हुई हो, लेकिन कुंभकार आश्वस्त हैं कि बीते वर्ष से अधिक व्यापार मिलेगा।



अभी दीयों की मांग नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि अच्छा व्यापार होगा। क्योंकि मिट्टी के दीयों की ओर लोगों का आकर्षण बढ़ गया है। स्टाक तैयार कर रहे हैं। इस बार विभिन्न आकृतियों के दीये तैयार किए हैं।
– **सत्यप्रकाश गोला**, कुंभकार



महंगाई बहुत बढ़ गई है। दीयों को बनाने में मेहनत भी होती है। मेहनत के अनुसार प्रतिफल नहीं मिलता, लेकिन उम्मीद पर स्टाक तैयार कर रहे हैं। थोक खरीददारों का भी अभी कोई आर्डर नहीं मिला है।
– **भगवानदास गोला**, कुंभकार

**दीयों पर रहेगी महंगाई की मारः** बीते वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष मिट्टी के दीयों पर महंगाई की मार रहेगी। बीते वर्ष मिट्टी 400 रुपये बुग्गी मिली थी। इस वर्ष मिट्टी की बुग्गी 800 रुपये की आ रही है। दीयों को पकाने का ईंधन भी महंगा है। इससे यह तय है कि दीयों पर महंगाई की मार रहेगी।


कासगंज के अट्टा वाली गली में कुंभकारों द्वारा तैयार किए गए दीपक।

### बाजारों में देसी झालरों का क्रेज

जागरुकता के चलते चाइनीज झालरों का बजार कम होता जा रहा है। इस वर्ष बजार में चाइनीज झालर न के बराबर हैं। पुराना स्टाक ही लोग बेच रहे हैं। देसी झालरों का क्रेज है। झालर विक्रेता भूरा का कहना है कि अब देसी झालर बिक रही हैं।

# विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं को मारी थी गोली, आरोपी की जमानत निरस्त

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- एससी, एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत में हुई सुनवाई

**अमृत विचारः** गणेश विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को गोली मारकर घायल करने वाले एक आरोपी ने एक वर्ष बाद एससी, एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी डाली। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने और पत्रावली और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की अर्जी निरस्त कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी लोकेश कुमार ने की।

23 सितंबर 2023 को शहर के माधोपुरी, चंदन नगर के श्रद्धालु गणेश विसर्जन यात्रा को भक्तिभाव के साथ विसर्जन करने के लिए कछला गंगा घाट पर ले जा रहे थे। सोरों रोड़ पर मारुति एजेंसी के समीप तीन बाइकों पर सवार अर्जुन, बॉबी और अभिषेक पर राजीव ठाकुर, आकाश, अंकुश, प्रिंस ठाकुर, आदित्य अग्रवाल, मिस्टर गुप्ता व अन्य तीन लोगों ने फायरिंग कर दी। जिसमें अभिषेक के पेट में गोली लगी और बॉबी घायल हो गया था। पुलिस ने आदित्य अग्रवाल को छोड़कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था। आरोपी जमानत पर रिहा हो गए, लेकिन आदित्य पुलिस की पकड़ से दूर रहा।

एक वर्ष एक माह बाद उसने एससी, एसटी कोर्ट में विशेष न्यायाधीश सुधाकर राय की अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी डाली। जमानत प्रार्थना पत्र में जिक्र किया गया कि वह बेगुनाह है। उसे मुकदमें में झूठा फसाया गया है। किसी प्रकार के कोई साक्ष्य है और न ही फोटो ग्राफ इसलिए उसे आग्रिम जमानत दी जाए। उधर न्यायाधीश सुधाकर राय ने पक्ष विपक्ष की दलीलें सुनने और अभियोजक लोकेश कुमार की जबरदस्त बहस के बाद जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया।

### ई रिक्शा स्कूटी में भिड़ंत, घायल

**कासगंज।** नदरई गेट बाजार में गांधी मूर्ति के निकट यात्रियों को लेकर बस स्टैंड की ओर जा रहे ई रिक्शा की स्कूटी से भिड़ंत हो गई। जिसमें स्कूटी चालक नितिन निवासी गांव ततारपुर कोतवाली कासगंज घायल हो गया। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया है। परिजनों के मुताबिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार है। उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष के निधन पर शोक

**कासगंज, अमृत विचारः** साहित्यिक सामाजिक अखिल भारतीय श्री मन मस्त सत्संग मंडल की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी देवी( 58 ) पत्नी श्री गुरु योगेश योग पीठाधीश्वर श्री मन मस्त महाराज सिद्धपीठ कासगंज का निधन होने पर भक्तजनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंकुर शर्मा, वीरेश, पूनम वशिष्ठ, वंदना लवानिया, अशोक, सनी, सरला त्रिपाठी, सुमन, राधिका, कुमारी प्रतिज्ञा जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ महिला शाखा, राम गुप्ता, शालू गुप्ता, राजवीर, मुनीश गौड़, नितिज्ञा, सरोज महाजन आदि ने शोक व्यक्त कर गुरु माता के परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**कासगंज** पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत अमांपुर पुलिस ने शुक्रवार को अजेंद्र प्रताप निवासी भगुपुरा थाना अमांपुर और सहावर थाना पुलिस ने त्रिवेणी देवी निवासी जमालपुर थाना सहावर को गिरफ्तार किया है। सहावर की सीओ शाहिदा नसरीन ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों को संबंधित थाना पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेजा है।

# मॉडल देख अचंभित रह गए अतिथि

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं जिलाधिकारी मेधा रूपम। ● अमृत विचार

- डीएम बोले, समझ को प्रदर्शित करने का मौका देती है प्रदर्शनी
- सेंट जोसफ स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभागी पुरस्कृत

**अमृत विचारः** शहर के सेंट जोसफ पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने आधुनिक और स्वदेशी तकनीक पर तैयार कर मॉडल और प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों की प्रतिभा और मॉडलों को देखकर अतिथि अचंभित रह गए।

प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी मेधा रूपम ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी विद्यार्थियों को किसी विचार के बारे में अपनी समझ को प्रदर्शित करने और समझाने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

प्रायः देखा गया है, जो बच्चे आम तौर पर कक्षाओं में चुप रहते हैं, वे भी प्रदर्शनी में अपने अनोखे विचार से आगे आकर अपनी अवधारणा के बारे में बताते हैं। यह आज के बाल वैज्ञानिक देश के भावी वैज्ञानिक है। प्रदर्शनी का अवलोकन कर उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की भूरि- भूरि प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य सिरिल प्रकाश मोरस ने कहा कि विद्यार्थी हमेशा कुछ नया करने की सोचे। प्रदर्शनी देखने के लिए बडी संख्या में अभिभावक विद्यालय पहुंचे। विद्यार्थियों द्वारा हस्त कला, वेस्टमैटेरियल, साइंस से संबंधित दर्जनों मॉडलों को प्रदर्शित किया।

अभिभावकों द्वारा भी बच्चों को तराशे जाने के लिए विद्यालय प्रबंधन और प्रशासन की सराहना की गई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।


विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडलों को प्रदर्शित करते बाल विज्ञानी। ● अमृत विचार

# अपने नाम से द्वार बनवा पालिकाध्यक्ष ने किया भगवान वराह को अपमानित

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** सोरों के पालिकाध्यक्ष द्वारा स्वयं के नाम से तीर्थ नगरी में द्वार बनवाए जाने पर कांग्रेसियों ने आपत्ति जताई है। पालिकाध्यक्ष पर भगवान वराह का अपमान करने का आरोप लगाया है। सदर तहसील में नायाब तहसीलदार को ज्ञापन देकर बनवाए गए द्वार का नाम बदलवाए जाने की मांग की है।

कांग्रेस के जिला महासचिव अमित पाठक के नेतृत्व में शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी मेधा रूपम को संबोधित नायाब तहसीलदार सुमित यादव को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि सोरों के पालिकाध्यक्ष ने तीर्थ नगरी में एक द्वार का निर्माण कराया गया है। जिसका नामकरण स्वयं के नाम से कर लिया है। यह कार्य भगवान वराह का अपमान है।

पहले इस द्वार का नाम वराह और द्वारिकाधीश द्वार था लेकिन अभी भाजपा पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने इस द्वार का फिर से निर्माण कराया और द्वार पर अपना नाम अंकित कर दिया, जो गलत है इसलिए कांग्रेस जिला प्रशासन से तुरंत द्वार का नाम बदलने और जो पहले प्रस्तावित नाम था उसे रखने की मांग करती है।


नायब तहसीलदार सुमित यादव को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता ● अमृत विचार

# 20 घंटे बाद नहर से मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- परिजनों से विवाद के बाद गुरुवार को हजारा नहर में कूद गया था नितेश
- कोतवाली पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा


पोस्टमार्टम गृह पर मौजूद परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गुरुवार को आत्महत्या के उद्देश्य से नहर में कूदे युवक का शव लगभग 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नहर से मिला है। कोतवाली पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।


मृतक नितेश।

गुरुवार की दोपहर थाना ढोलना के गांव मंडनपुर निवासी नितेश(24) का परिजनों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसी विवाद के चलते उसने खुदकुशी का मन बना लिया था। वह बाइक से भगवंतपुर के हजारा नहर पुल पर पहुंचा। उसने बाइक किनारे खड़ा कर दी थी। कपडे, जूते और मोबाइल बाइक पर रख दिए और नहर में कूद गया। घटना के बाद से ही पीएसी फ्लड यूनिट और ग्रामीण गोताखोर युवक की तलाश कर रहे थे। लगभग 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार को गोताखोर नितेश के शव को हजारा नहर से खोज पाने में सफल हुए। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग विलाप करने लगे। थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने खुदकुशी की है। मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। यदि परिजन कोई तहरीर देंगे, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### बस से गिरकर महिला गंभीर रुप से घायल

**कासगंज।** शहर के सरकुलर रोड पर रोडवेज बस में चढ़ने का प्रयास कर रही एक महिला गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला रामवती पति भूपसिंह के साथ कछला गंगा स्नान को जा रही थी। पति ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताते हुए हायर सेंटर रेफर किया है। महिला के सिर में गंभीर चोट हैं। परिजन उसे आगरा ले गए हैं।

# अधिवक्ता के हत्यारोपियों पर बढाई जाएगी इनामी राशि

## इनाम एक-एक लाख करने की संस्तुति सहित उच्चाधिकारियों को भेजी गई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**50** हजार के इनामी दो आरोपी चल रहे हैं फरार

> दोनों फरार आरोपी सुनील फौजी व रजत के खिलाफ इनाम बढ़ाकर एक–एक लाख रुपये करने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। इन्हें गिरफ्तार किए जाने के लिए हरसंभव स्थानों पर दबिशें दी जा रही हैं। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। –**राजेश भारती**,अपर पुलिस अधीक्षक

**अमृत विचारः** महिला अधिवक्ता की हत्या कर शव गोरहा नहर में फेंक देने के फरार चल रहे 50-50 हजार के दो इनामी आरोपियों पर पुलिस इनाम की राशि बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इनामी की राशि बढ़ाकर एक –एक लाख रुपए किए जाने के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा रिपोर्ट आला अफसरों को भेजी गई है।अधिवक्ता मोहिनी तोमर तीन सितंबर को लापता हो गई थीं। चार सितंबर को उनका शव गोरहा नहर में मिला था।


मोहिनी तोमर

मामले में पति ब्रजतेंद्र तोमर ने छह आरोपियों मुस्तफा कामिल, असद, हैदर, सलमान, मुनाजिर रफी व केशव मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बाद में विवेचना के दौरान चार आरोपियों के नाम भी प्रकाश में आए। इसमें से बॉबी और रेनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि सुनील फौजी और रजत फरार चल रहे हैं। इन पर पुलिस ने 50- 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

इसके बाद भी पुलिस इन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। अब पुलिस दोनों फरार आरोपियों पर इनामी राशि बढ़ाने की तैयारी कर रही है। दोनों पर अब एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित किए जाने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

## सभासद ने पालिकाध्यक्ष पर लगाया नाम हटाने का आरोप

**एटा, अमृत विचारः** नगर पालिका जलेसर के वार्ड नंबर 15 (गली बौहरान) के सभासद ललित कुमार वाष्र्णेय ने मण्डलायुक्त अलीगढ़ को लिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वार्ड में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा की स्थापना उनके द्वारा की गई थी, जिस पर उनका नाम अंकित था। पालिका अध्यक्ष ने उनके नाम को खुरचवा दिया।

ललित ने बताया कि हाल ही में कुछ विरोधी सभासदों और पालिका प्रशासन के कहने पर पालिका अध्यक्ष गौरी देवी और उनके पति संजीव वर्मा ने कटर मशीन से उनके नाम को हटवा दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन, विशेष रूप से एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ललित ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें और उनके समर्थकों को धमकियां दी गई हैं। ललित ने अनुरोध किया कि पालिका अध्यक्ष गौरी देवी और कार्यकारी अधिकारी (ईओ) को निर्देशित किया जाए कि उनके नाम को पुनः लिखवाया जाए।

## अमांपुर की सहकारी समिति को मिली 400 बोरी डीएपी


अमांपुर सहकारी समिति इफको पर डीएपी लेने के इंतजार में खडे.किसान।

**अमांपुर , अमृत विचार :** कई दिनों से खाली पड़ी सहकारी समिति को गुरुवार को 400 बोरियां मिली। जिनका शुक्रवार को वितरण किया गया। लंबी कतारों में लगे किसान वितरण के बाद भी मायूस रह गए। दर्जनों किसानों को डीएपी नहीं मिली। अमांपुर में ही नहीं जिले भर में डीएपी की मारामारी है। किसान परेशान है। अमांपुर इफको केंद्र पर डीएपी खाद लेने के लिए शुक्रवार को भी किसानों की भीड़ लगी रही। घंटों तक लाइन में लगे रहने के बाद भी अधिकांश किसानों को डीएपी नही मिल सकी। गुरुवार को 400 बोरी डीएपी आने के बाद शुक्रवार को वितरण किया गया। लेकिन किसानों की भीड़ कम नही हो रही है। इस समय गेंहू, सरसों, आलू, मटर आदि की फसलों की बुआई का सीजन हैं। डीएपी लेने के लिए शुक्रवार सुबह से गोदाम पर भीड़ लगना शुरू हो गई। गेंहू, आलू की फसल की बुवाई के चलते खाद की किल्लत के कारण किसान सुबह से ही लाइन में लग जाते है। फिर भी बड़ी मशक्कत के बाद किसानों को खाद नही मिल पा रही है। जिन किसानों को खाद मिल गई है। वह खेतों में आलू, गेंहू, मटर की फसलों की बुवाई में जुट गए है। क्षेत्रीय सहकारी समिति सचिव दिनेश कुमार ने कहा कि किसान परेशान ना हो खाद की कोई कमी नही है।

# एसएसपी ने बलवा ड्रिल का कराया अभ्यास

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन और रखरखाव की जानकारी साझा की। जवानों को आधुनिक हथियारों जैसे एंटी राइट गन और टियर गैस गन के संचालन का अभ्यास कराया। उन्होंने परिसर, वर्दी स्टोर, चिकित्सालय, भोजनालय, आर.ओ वाटर प्लांट, बैरक और कैंटीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर खामियां मिलने पर उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस निरीक्षण में अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सकीट नीतीश गर्ग, क्षेत्राधिकारी कीर्तिका सिंह, शाखा प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।


पुलिसकर्मियों को उपकरणों का अभ्यास कराते एसएसपी श्याम नारायण सिंह।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पांच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# भारत-जर्मनी की दोस्ती

भारत और जर्मनी के बीच विकास सहयोग द्विपक्षीय संबंधों का एक अहम हिस्सा है। हर स्तर पर भारत और जर्मनी के संबंध मजबूत हो रहे हैं। भारत और जर्मनी के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है। भारत और जर्मनी का द्विपक्षीय कारोबार 30 बिलियन डॉलर से अधिक पहुंच गया है, जो दोनों देशों के मजबूत द्विपक्षीय रिश्तों को दर्शाता है। जर्मनी, यूरोपीय संघ में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। महत्वपूर्ण है कि भारत और जर्मनी की रणनीतिक साझेदारी ऐसे समय में मजबूत सहारे के रूप में उभरी है, जब दुनिया तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता का सामना कर रही है। साथ ही युद्ध के कारण हो रहे राजनीतिक बदलावों ने भी इस ओर ध्यान खींचा है कि अपनी साझेदारी को किस तरह अलग रूप दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) के बाद कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष दोनों देशों के लिए चिंता का विषय हैं। भारत का हमेशा मत रहा है कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। गौरतलब है कि भारत और जर्मनी के बीच अंतर-सरकारी परामर्श हर दो साल में होता है। इसमें सहयोग की व्यापक समीक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच जुड़ाव के नए क्षेत्रों की पहचान की जाती है। पिछली बार इसका आयोजन मई 2022 में बर्लिन में किया गया था। इन दो वर्षों में रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, हरित और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़े सहयोग की प्रगति उत्साहजनक कही जा सकती है।

जर्मन चांसलर शोल्ज का चौथी बार का दौरा भारत-जर्मनी के संबंधों पर उनके फोकस को दिखाता है। जर्मन चांसलर एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हुए हैं। वास्तव में भारत-जर्मनी के संबंध आदान-प्रदान के संबंध नहीं बल्कि दो सक्षम और मजबूत लोकतंत्रों की परिवर्तनकारी साझेदारी है। जर्मनी की 'फोकस ऑन इंडिया' रणनीति भी स्वागत योग्य है। इस नीति के तहत जर्मनी, भारत के साथ आर्थिक और सामरिक सहयोग और मजबूत करना चाहता है। उम्मीद है कि भारत दशक के अंत तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। जर्मनी की कंपनियां भी भारत में उज्ज्वल भविष्य देख रही हैं। भारत और जर्मनी के बीच भू-राजनीतिक मामलों पर नियमित परामर्श से विश्वास और आत्मविश्वास का निर्माण हो सकता है। फिर भी भारत और जर्मनी के बीच राजनय संबंधों को जटिल बनाने वाले मतभेदों को रचनात्मक संवाद के जरिए सुलझाना होगा।

# प्रकाश-पर्व के पांच दिन



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

दीपोत्सव के दूसरे दिन को नरक चतुर्दशी या छोटी दीवाली के रूप में मनाया जाता है। इसे रूप चतुर्दशी भी कहाते हैं। इस उत्सव की पृष्ठभूमि में यह पौराणिक कथा है कि प्राग्ज्योतिषपुर के शक्तिशाली असुर सम्राट नरकासुर ने देवराज इंद्र को पराजित करने के बाद देवताओं तथा ऋषियों की सोलह हजार से ज्यादा कन्याओं का अपहरण कर उन्हें अपने रनिवास में रख लिया था।

कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी या तेरस से आरंभ होने वाला पांच दिनों का प्रकाश-पर्व भारतीय संस्कृति की पांच बड़ी घटनाओं के उत्सव हैं। ये पांच दिन-रात ऐसे हैं जिनमें हमारी उत्सवधर्मिता ही नहीं, हमारी जीवन-दृष्टि की जड़ें भी तलाशी जा सकती हैं। इस आयोजन का पहला दिन उस घटना की स्मृति है जब समुद्र मंथन के अपने संयुक्त अभियान के दौरान देवों और असुरों ने समुद्र पार के किसी देश में अमृत घट अर्थात जीवनदायी औषधियों के साथ आयुर्वेद के जन्मदाता धन्वंतरि की खोज की थी। आधुनिक समय में यह पर्व बहुत सारी विकृतियों का शिकार होकर अपना उद्देश्य खो चुका है। धनतेरस का वर्तमान स्वरुप बाजार और उपभोक्तावाद की देन है जब हमारी धनलिप्सा ने एक महान चिकित्सक को धन का देवता बना दिया। बाजार ने हमें बताया कि धनतेरस के दिन सोने-चांदी या सट्टे में निवेश करने, विलासिता के महंगे सामान खरीदने या जुआ खेलने से धन तेरह गुना बढ़ जाता है। हाल के वर्षों में इसमें एक और अंधविश्वास यह जुड़ा है कि धनतेरस की रात उल्लुओं की बलि देने से संपति में बेतहाशा वृद्धि होती है।

दीपोत्सव के दूसरे दिन को नरक चतुर्दशी या छोटी दीवाली के रूप में मनाया जाता है। इसे रूप चतुर्दशी भी कहाते हैं। इस उत्सव की पृष्ठभूमि में यह पौराणिक कथा है कि प्राग्ज्योतिषपुर के शक्तिशाली असुर सम्राट नरकासुर ने देवराज इंद्र को पराजित करने के बाद देवताओं तथा ऋषियों की सोलह हजार से ज्यादा कन्याओं का अपहरण कर उन्हें अपने रनिवास में रख लिया था। नरकासुर को किसी भी देवता अथवा पुरूष से अजेय होने का वरदान प्राप्त था। कोई स्त्री ही उसे मार सकती थी। हताश देवता सहायता की याचना लेकर जब कृष्ण के पास पहुंचे तो उनकी दुर्दशा और अपने पति की चिंता देखकर कृष्ण की एक पत्नी सत्यभामा सामने आई। कृष्ण के रनिवास की वह एकमात्र योद्धा थी जिनके पास कई युद्धों में भाग लेने का अनुभव था। उन्होंने नरकासुर से युद्ध की चुनौती स्वीकार की। कृष्ण को सारथि बनाकर वीरांगना सत्यभामा युद्ध में उतरीं और नरकासुर को पराजित कर उसे मार डाला। नरकासुर की इसी कथा से जुड़ा कृष्ण की सोलह हजार से ज्यादा पत्नियों का मिथक भी है। जब कैद से मुक्त सोलह हजार से ज्यादा स्त्रियों को कृष्ण ने उनके घर भेजने का प्रयास किया तो नरकासुर के रनिवास में लंबे समय तक रही ज्यादातर औरतों को सामाजिक निंदा के भय से उनके घरवालों ने अपनाने से इंकार कर दिया। कुछ स्त्रियां स्वयं तिरस्कार के भय से घर लौटने को तैयार नहीं हुईं। कृष्ण ने इन सभी स्त्रियों को सामाजिक सम्मान और सामान्य जीवन दिलाने के लिए अपनी पत्नी का दर्जा दिया। उत्सव के साथ यह दिन हमारे लिए खुद से यह सवाल पूछने का अवसर भी है कि क्या उस घटना के हजारों साल बाद भी हम स्त्रियों को अपने भीतर मौजूद वासना और पुरूष-अहंकार जैसे नरकासुरों की कैद से मुक्ति दिला पाए हैं ?

कार्तिक शुक्ल पक्ष की दूसरी तिथि यम द्वितीया दीपोत्सव के पांच-दिवसीय आयोजन की आखिरी कड़ी है। लोक भाषा में इस दिन को भैया दूज या भाई दूज कहा जाता है। दीपोत्सव का यह दिन भाई-बहनों के आत्मीय रिश्ते को समर्पित है।

कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाने वाली दीपावली देश का अकेला पर्व है जिसकी उत्पति के बारे में भारतीय धर्म-संस्कृति में सबसे ज्यादा मत-भिन्नताएं हैं। ज्यादा लोग इस दिन को लंका विजय कर चौदह वर्षों के बनवास के बाद राम की अयोध्या वापसी के उत्सव के रूप में देखते हैं। कुछ लोग इस दिन को महाभारत युद्ध के बाद विजेता पांडवों के कृष्ण के साथ हस्तिनापुर लौटने की घटना का उत्सव मानते हैं। पूर्वी भारत के बंगाल और उड़ीसा की शक्ति-पूजक संस्कृति दिवाली को काली पूजा के रूप में मनाती है। बौद्धों के लिए यह दिन कलिंग युद्ध के रक्तपात से विचलित सम्राट अशोक के बौद्ध धर्म में दीक्षित होने का दिन है। जैन इसे तीर्थंकर महावीर के निर्वाण दिवस के तौर पर देखते हैं। इतनी मान्यताओं के बीच अजीब यह है कि इस दिन राम, कृष्ण, काली, बुद्ध या महावीर की नहीं, देवी लक्ष्मी और गणेश की पूजा होती रही है। संभवतः इसलिए कि दीवाली की एक कथा देवी लक्ष्मी से भी जुड़ती है। समुद्र-मंथन में लक्ष्मी के प्रकट होने के बाद उन्हें पाने के लिए देवों और असुरों के बीच विवाद हुआ था। आज ही की रात लक्ष्मी ने पति के रूप में विष्णु का वरण किया था।

दीवाली की अगली सुबह मनाया जाने वाला गोवर्द्धन पूजा या अन्नकूट उत्तर भारत के पशुपालकों का सबसे बड़ा पर्व है। हमारी संस्कृति में सदियों से स्थापित मान्यताओं के विरुद्ध इसे पहले विद्रोह का दिन भी माना जाता है। देवराज इन्द्र की निरंकुश सत्ता के प्रतिरोध में इस पर्व की शुरूआत द्वापर युग में कृष्ण ने की थी। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार जब अतिवृष्टि से गोकुल और वृंदावन जलमग्न हो गए तो वहां के निवासियों ने अपनी और अपने पशुधन की रक्षा के लिए वर्षा के देव इंद्र से गुहार की। इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए वैदिक अनुष्ठानों का लंबा क्रम चला। जलप्रलय की स्थिति देखकर कृष्ण ने अहंकारी इंद्र को समर्पित तमाम वैदिक अनुष्ठान बंद करा दिए। तमाम आशंकाओं के बीच उन्होंने गोकुल और वृन्दावन के लोगों को उंगली से गोवर्द्धन पर्वत की ओर चलने का संकेत किया। उनकी बात मान लोगों ने अपने परिवार, धन-धान्य और पशुओं के साथ गोवर्द्धन पर्वत की शरण लेकर जलप्रलय से अपनी और पशुधन की रक्षा की थी। माना जाता है कि उसी दिन से देवराज इंद्र की पूजा बंद हुई और गोवर्द्धन पर्वत के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन का अनुष्ठान आरम्भ हुआ। गाय के गोबर से घर-आंगन लीपने के बाद प्रतीकात्मक रूप से गोबर से गोवर्द्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसके प्रति श्रद्धा निवेदित की जाती है।

कार्तिक शुक्ल पक्ष की दूसरी तिथि यम द्वितीया दीपोत्सव के पांच-दिवसीय आयोजन की आखिरी कड़ी है। लोक भाषा में इस दिन को भैया दूज या भाई दूज कहा जाता है। दीपोत्सव का यह दिन भाई-बहनों के आत्मीय रिश्ते को समर्पित है। जहां रक्षा बंधन या राखी सभी उम्र की बहनों के लिए निर्धारित है, भैया दूज की कल्पना मूलतः विवाहित बहनों की भावनाओं को ध्यान में रखकर की गई है। यम द्वितीया के लिए भी पुराणों ने एक मार्मिक कथा गढ़ी है। इस कथा के अनुसार सूर्य के पुत्र और मृत्यु के देवता यम का अपनी बहन यमुना से अपार स्नेह था। यमुना के ब्याह के बाद स्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि लंबे अरसे तक भाई और बहन की भेंट नहीं हो सकी। यमुना के निरंतर निवेदन के बाद यम अंततः कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को बहन के घर पहुंच ही गए। यमुना ने दिल खोलकर भाई की सेवा की। प्रस्थान के समय स्नेह और सत्कार से अभिभूत यम ने बहन से वरदान मांगने को कहा। यमुना ने अपने लिए कुछ नहीं मांगा। उसने दुनिया की तमाम बहनों के लिए यह वर मांग लिया कि आज के दिन जो भाई अपनी बहन की ससुराल जाकर यमुना के जल से या बहन के घर में ही स्नान कर उसके हाथों से बना भोजन ग्रहण करे, उसे यमलोक का मुंह नहीं देखना पड़े। यम और यमुना की यह पौराणिक कथा काल्पनिक सही, लेकिन इसमें अंतर्निहित भावनाएं काल्पनिक नहीं है। इस कथा के पीछे हमारे पूर्वजों का उद्देश्य निश्चित रूप से यह रहा होगा कि भैया दूज के बहाने ही सही, भाई साल में कम से कम एक बार बहन की ससुराल जाकर उससे जरूर मिले। इस दिन विवाहित स्त्रियों द्वारा गोधन कूटने की प्रथा भी है।

'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का संदेश लेकर आने वाले प्रकाश-पर्व का एक आर्थिक पक्ष भी है जिसे हम विस्मृत करते जा रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने किसी भी धार्मिक या लोकपर्व की परिकल्पना करते समय गांवों के कारीगरों, शिल्पियों और कृषकों की रोज़ी-रोटी और सम्मान का पूरा-पूरा ख्याल रखा था। उनके उत्पादों के बिना कोई भी पूजा सफल नहीं मानी जाती थी। हमारे लाखों कुंभकार और शिल्पी अपने बनाए दीयों, मूर्तियों, सजावट के सामानों और कलाकृतियों के साथ बरस भर प्रकाश पर्व की बाट जोहते हैं। औद्योगीकरण के दौर में आज वे लगभग हाशिए पर खड़े हैं। देश के कुटीर उद्योगों की बिगड़ती सूरत के कारण लगभग बर्बादी के कग़ार पर खड़े अपने लाखों शिल्पकारों को सहारा देने के लिए हमें आगे आना होगा।

## प्रसंगवश

# अनुसंधान ही पूजा

मेरे गुरु डॉक्टर नंदकिशोर नवल ने कभी एक संस्मरण सुनाया था। राहुल सांकृत्यायन रूस गए थे। स्वागत करने वाले ने उनसे हाथ मिलाया। मिलाते ही उन्होंने अपना हाथ तुरत खींच लिया, "आपके हाथ इतने कोमल हैं? क्या आप शारीरिक श्रम नहीं करते?" शारीरिक श्रम न करना रूस में अपमानजनक बात है, भारत में सम्मानजनक! ऐसी स्थिति में रूस प्रगति नहीं करेगा तो क्या भारत करेगा? किस देश में सौंदर्य का मानदंड क्या है, इसे देखकर बताया जा सकता है कि वह देश प्रगति कर रहा है या पिछड़ रहा है। प्रगतिशील साहित्यकारों ने कोमलता के पुराने मानदंड को खारिज कर दिया। उन्हें कुदाल चलाने वाले खुरदुरे हाथों में सौंदर्य दिखाई देने लगा। किसी की हत्या से अगर शरीर में खून के छींटे पड़ जाएं तो क्या वे सुंदर लगेंगे? नहीं न? लेकिन वे छींटे अगर आततायियों के हों तब? तब तो वे छींटे भी उन्हें अत्यंत सुंदर लगेंगे जो आततायियों से पीड़ित रहे हैं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शारीरिक सौंदर्य के अंतर्गत ही आता है उपयोगिता वादी सौंदर्य या कल्याणकारी सौंदर्य। यहां यह प्रश्न उठ सकता है कि क्या इस तरह का सौंदर्य आरोपित या झूठा सौंदर्य नहीं है? खुरदुरे हाथों का सुंदर लगना या शरीर में खून के छींटों का शोभायमान होना वास्तविकता से परे नहीं है क्या? है, लेकिन बैठे-ठाले और शोषकों के लिए, श्रमिकों और शोषितों के लिए खुरदुरे हाथ और दुष्टों के रक्त से सने शरीर ही सुंदर हैं। यह स्पष्ट है कि शोषकों और शोषितों के सौंदर्य के मानदंड अलग -अलग हुआ करते हैं। इस पर थोड़ा और विचार करने की जरूरत है। क्या ऐसा रास्ता नहीं निकल सकता जिसमें शारीरिक श्रम भी भरपूर हो और हाथ की कोमलता भी बनी रहे? हो सकता है, टैक्नोलॉजी के विकास से कुछ भी संभव है। हाथ की जगह मशीन काम करने लगे तो यह संभव है या हाथ में सुरक्षा-कवच लग जाय तो यह संभव है। दस्तानें पहनकर काम करने से हाथ की कोमलता बनी रह सकती है। लेकिन इसके लिए संपन्नता चाहिए। विज्ञान के विकास से संपन्नता आएगी, लक्ष्मी-पूजा करने से नहीं। विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान ही पूजा है। इसी पूजा में सौंदर्य है।

# बेईमान क्यों हो जाती है नौकरशाही



अनूप शुक्ल
कानपुर

नौकरशाही में काम करने के दौरान अधिकारियों को जनहित में कई अप्रिय फ़ैसले लेने पड़ते हैं। अक्सर उन फ़ैसलों से सत्ता के हित प्रभावित होते हैं।

यह शीर्षक है उस किताब का जिसे उत्तर प्रदेश में सेवा के अधिकारी रहे डा. हरदेव सिंह ने लिखा था। उन्होंने अपनी सरकारी सेवाओं के विविध अनुभवों का ज़िक्र करते हुए नौकरशाही के बेईमान हो जाने के कारणों की पड़ताल की थी। सरकारी सेवा में आने से पहले हरदेव सिंह ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र की पढ़ाई की थी। इसलिए उनके विवरणों में दर्शन के आधार पर व्याख्याएं भी थीं।

नौकरशाही के बेईमान होने के कई कारणों का ज़िक्र करते हुए हरदेव सिंह ने एक कारण पारिवारिक भी बताया था। उनका मानना था कि सिविल सेवाओं में आम तौर पर गरीब, मध्यम वर्गीय घरों के प्रतिभाशाली, मेहनती बच्चे आते हैं। जैसे ही उनका चयन इन सिविल सेवाओं में होता हैं, उनको सम्पन्न, ऊंचे पदों पर तैनात लोग अपनी बेटियों के लिए चुन लेते हैं। अपनी बेटियों की शादी उनसे करा देते हैं।

नौकरशाही में काम करने के दौरान अधिकारियों को जनहित में कई अप्रिय फ़ैसले लेने पड़ते हैं। अक्सर उन फ़ैसलों से सत्ता के हित प्रभावित होते हैं। ऐसे में अधिकारियों को कई तरह से प्रताड़ित करना अब आम बात हो गई है। उनका तबादला, प्रतिकूल प्रविष्टि और अन्य तमाम साज़िशें होती हैं। पहले ऐसे अधिकारियों को उनके वरिष्ठ अधिकारी बचाते थे। बदलते हालत में वे भी इसी खेल में शामिल हो गए हैं।

हरदेव सिंह का मानना है कि अधिकारी स्वयं तो इन अभावों, कष्ट साध्य जीवन जीने के आदी होने के कारण ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों का आसानी से मुक़ाबला कर सकता है लेकिन उनका परिवार जिसको अपने बचपन और बाद में आराम तलबी के जीवन की आदत पड़ चुकी होती है, ये कष्ट झेलने की आदत नहीं होती। अधिकारी अपने परिवार को परेशान नहीं देख पाते। इस परेशानी से बचने के लिए वे ऐसे निर्णय लेने से बचते हैं जिनके कारण उनके खिलाफ़ कार्यवाही की आशंका हो और उनका परिवार कष्ट झेले।

अधिकारियों की इस तरह की प्रताड़नाओं के अनेक उदाहरण हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में इंदिरा गांधी के ख़िलाफ़ निर्णय सुनाने वाले जस्टिस सिन्हा को आगे पदोन्नत नहीं किया गया। सुनने में आता है कि उन्होंने फ़ैसला सुनाने वाले दिन अपनी पत्नी से कहा था- 'आज मैं यह फ़ैसला सुनाने जा रहा हूं, अब मेरा आगे प्रमोशन नहीं होगा।' उनका परिवार उनके साथ था।

आज तमाम न्यायाधीशों के लोगों के नाम किसी को भले याद न हों लेकिन जस्टिस सिन्हा का नाम आदर से लिया जाता है। एक ऐसा न्यायाधीश जिसमें तत्कालीन सत्ता के ख़िलाफ़ फ़ैसला लेने की हिम्मत थी।

हरदेव सिंह ने जब यह किताब लिखी थी तब उनके सामने उदाहरण के लिए केवल परिवार ही था। वे मानते थे कि परिवार के लोगों के कारण अधिकारी अपने उसूलों से समझौता करते हैं। गत वर्षों में इसमें परिवार के साथ स्वयं अधिकारी भी शामिल हो गए हैं। उनको अपने सेवा काल के साथ सेवा के बाद भी आरामतलब ज़िंदगी का लालच हो गया है। इसीलिए सर्वोच्च पदों पर पहुंचने के बाद वे रिटायर होने के बाद भी कोई अच्छा माना जाने वाला पद पाने के लिए सत्ता की चापलूसी करते हैं। उसके हिसाब से निर्णय लेते हैं। काम करते हैं। ऐसा करते समय वे भूल जाते हैं कि भविष्य में उनको, बावजूद तमाम प्रतिभा और ज्ञान के, एक अवसरवादी, चापलूस अधिकारी के रूप में ही याद किया जाएगा। अपने 36 साल के सेवाकाल में मैंने ऐसे तमाम लोगों को देखा जो व्यक्तिगत तौर स्वयं बहुत अच्छे, ईमानदार अधिकारी थे लेकिन अक्सर ग़लत बात का विरोध करने से बचते रहे ताकि उनके आगे की राह में रोड़े न आएं। दुनियावी सफलताएं तमाम बलिदान भी मांगती हैं। पिछले दिनों अपने न्यायाधीश महोदय के बाबरी मस्जिद के निर्णय के समय ईश्वर की शरण में जाने वाला बयान और उस पर जस्टिस काटजू का मत सुना तो किताब में वर्णित यह प्रसंग याद आया। जस्टिस काटजू ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा -'भगवान वाली बात सही नहीं है। फ़ैसले के पीछे न्यायाधीश महोदय का करियरिस्ट होना है।'

आज दुनिया एक बाज़ार में तब्दील हो चुकी है। इंसान भी आइटम में बदलता जा रहा है। उसको भी अपनी क़ीमत चाहिए-जितनी मिल जाए,जितने में निकल जाए। कानपुर के गीतकार 'अंसार कंबरी' कहते हैः'अब तो बाज़ार में आ गए 'कंबरी'/ अपनी क़ीमत को और हम कम क्या करें?' ऐसे विकट समय भी तमाम ऐसे लोग हैं सब जगह जो बिकने से इंकार करते हैं। अपने उसूलों से समझौता नहीं करते। इसकी क़ीमत भी चुकाते हैं। ऐसे लोगों से ही दुनिया ख़ूबसूरत बनी हुई है।

## सोशल फोरम

# तनाव का चुनौती रूप

तनाव हमें अधिक कार्य करने की प्रेरणा दे तो इसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे अन्यथा तनाव की वज़ह से हमें मानसिक कष्ट होगा ही।

वर्तमान समय में हर व्यक्ति अपनी क्षमता से अधिक कर गुजरने की कोशिश में लगा हुआ है। इस भौतिकवादी युग में हर काम में तेजी, प्रतिद्वंद्विता का दबाव एवं हर हाल में सर्वोच्च बनने की इच्छा के चलते हमारे तन मन और बुद्धि को बहुत से परिवर्तन झेलने पड़ते हैं। इससे हमारा शारीरिक और बौद्धिक तारतम्य गड़बड़ हो जाता है। ऐसे परिवर्तनों के लिए हमारे तन और मन में जो स्वाभाविक प्रतिक्रिया परिलक्षित होती है, वही तनाव है। इन संकेतों की अनदेखी निश्चयतः हानिकारक और घातक सिद्ध होती है। तनाव प्रबंधन के लिए तीन उपाय बताए गए हैं, ए ए ए। ए यानी अल्टर-परिस्थिति में बदलाव : जो भी तनावपूर्ण स्थिति है या जो भी तनाव देने वाला व्यक्ति या स्थान है, उसे बदल दिया जाए।



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

ए यानी अवॉयड-परिस्थिति से बचाव : तनावपूर्ण स्थिति से दूर रहा जाए या उस पर ध्यान न दिया जाए।

ए यानी असेप्ट-परिस्थिति से समझौताः जैसा भी तनाव हो उसे सहर्ष स्वीकार कर लिया जाए।

भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए दिन-रात की भागदौड़ से उपजे तनाव को कम किया जा सकता है लेकिन समाप्त करना असंभव है। बेहतर है कि तनाव को तनाव न मानकर चुनौती के रूप में स्वीकार कर लिया जाए तो तनाव का मौलिक स्वरुप ही बदल जाएगा। वैसे थोड़ा तनाव हमारी क्षमताओं को जागृत करने में उसी प्रकार सहायक होता है जैसे अल्प मात्रा में सर्प का विष। यदि जीवन में प्रतिस्पर्धा नहीं होगी तो हमारे जीवन में ठहराव आ जाएगा। इसलिए काम को पूरा करने का तनाव हमारी मदद भी करता है। तनाव हमें अधिक कार्य करने की प्रेरणा दे तो इसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे अन्यथा तनाव की वज़ह से हमें मानसिक कष्ट होगा ही।

**-फेसबुक वॉल से**

## जयंती पर

# बिल्लइया-दंडवत से न रीझें, योग्य नेता को ही वोट दें



शैलेश अवस्थी
कानपुर

पत्रकार पुरोधा शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जयंती पर उनका वह सुझाव और नसीहत याद आ रही है, जिसमें उन्होंने खुशामद से रीझकर नहीं, निडर और योग्य नेता को चुनने की सलाह दी थी। यह एक सदी बीत जाने के बाद आज भी प्रासंगिक है। 'प्रताप' में यह अग्रलेख उन्होंने मार्च 1916 में लिखा था। तब मुनिस्पिल बोर्ड के चुनाव होते थे। उनकी लेखनी के अंश पढ़िए.., "भलाई के नाम पर अपील हो रही हैं । नम्रता और शिष्टता का इतना जोर, परहित की इतनी चिंता, लगता है जैसे पापमय भूतल पर सतयुग उतर आया हो। परन्तु ढोल के अंदर पोल ही है। लोकोपकार की माला फेरी जा रही है, बिल्लइया-दंडवतें हो रही हैं। चलते पुर्जे जनता के मुर्देपन का लाभ उठाकर अपना उल्लू सीधा कर रहें हैं, मीठी बातों में फुसलाकार कौंसिलों और मुनिस्पिल बोर्डो के मेंबर बनते हैं। जीतने के बाद अपने को सेवक कहने वाले प्रभु बन जाते हैं। जनता उनकी अयोग्यता और करतूतों का फल भोगती है ।

विद्यार्थी जी आगे लिखते हैं, "मुनिस्पिलटी के नौकर और मेंबर हमारे सेवक हैं। यदि इन्हें रखने में हम बुद्धि से काम नहीं ले सकते तो क्या हम अपने को स्वराज्य के योग्य कह सकते हैं? क्या हम विचार करते हैं कि वोट डालने का दबाव बनाने वाला योग्य है भी या नहीं? लोभ दिए जाते हैं, घर के सामने लालटेन लग जाएगी, नालियां साफ रहेंगी, दरवाजे पर छिड़काव होगा, रिश्ते निकाले जाते हैं, मित्रता के नाम पर अपील की जाती है।...वोट देने वाले सज्जन! अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि वोट उचित पात्र को दो, स्वार्थी और अयोग्य को नहीं"।

वे लिखते हैं, "जो योग्य नहीं, निडर नहीं, जो सच्चाई और प्रजा हित को सामने रखने में समर्थ नहीं, जो अधिकारियों की इच्छा पर नाचना अपना कर्तव्य समझता हो, जो अपने लाभ के लिए लोगों के लाभ को न्योछावर कर देता है और दुहाई देता है पब्लिक की। यदि ऐसे आदमी को वोट दिया तो तुमने अनाचार को सदाचार के स्थान पर बैठाया। ऐसा आदमी धृष्टता करे तो उसकी खुलामखुल्ला आलोचना करो, उसको जबरदस्ती पीछे धकेल दिया जाए।" विद्यार्थी जी के इस अग्रलेख पर नज़र डालें तो आज दौर में उनके विचार, नसीहत, सुझाव और अपील प्रासंगिक है। आज भी ऐसा ही तो हो रहा है। ज्यादातर नेता ऐसा ही तो कर रहे हैं। सच है कि विद्यार्थी जी युगदृष्टा पत्रकार थे, जो पत्रकार को सत्य का प्रहरी कहते थे..।

-कौन्सिल का चुनाव, नेहरू जी का प्रभाव और गुटबाजी...

1925 के दौरान कांग्रेस की गतिविधियां तेज़ हो गईं थीं और वह लगभग सत्ता का केंद्र बनती जा रही थी। जवाहरलाल नेहरू और गणेश शंकर विद्यार्थी जी का प्रभाव बढ़ रहा था। कांग्रेस के सामने राष्ट्रसभा का विरोध करते हुए मदन मोहन मालवीय और लाला लाजपत राय के नेतृत्व में हिंदू दल बन गया। इसी के साथ कांग्रेस में खींचतान भी शुरू हो गई। अपने-अपने सुर अलापे जाने लगे। नेहरू जी की टिकट वितरण में बड़ी भूमिका थी। तब विद्यार्थी जी के खास बाबू बंशगोपाल ने कांग्रेस के हालात का कुछ इस तरह कटाक्ष किया.... "बड़े-बड़े नेताओं को दिया है असेंबली में स्थान, हो जाता है तुरत असर ही जिसको दें नेहरू वरदान.....।" स्वांग बनाए थाढ़े लोलुप, मुख से टपक रही है लार, टिकट कांग्रेस का मिल जावे, केहि विधि मन में करत विचार..। "आ-आ कर आनंद भवन में, हैं चौखट पर घिसते माथ, नाम हमारा भी लिख लीजे निज सूची में मेरे नाथ"।

-विद्यार्थी जी चुनाव लड़े और बहुमत से जीते, खूब काम किया..

1926 के कौंसिल चुनाव में कानपुर से गणेश शंकर विद्यार्थी जी को कांग्रेस ने टिकट दिया। उनके विरोध में उतरे चुन्नी लाल गर्ग, वह पैसा पानी की तरह बहा रहे थे, लेकिन विद्यार्थी जी अपनी छवि, जनसेवा और योग्यता पर मैदान में थे। इस चर्चित चुनाव में विद्यार्थी जी बड़े अंतर से जीत कर विधान परिषद पहुंचे और जनहित के मुद्दे उठाए। किसान और मजदूरों की आवाज बने। उनके हित में कई प्रस्ताव रक्खे, उन पर मुहर लगवाई। वह 1929 तक सदस्य रहे। उनकी लोकप्रियता इस कदर बढ़ी कि 1929 में ही कांग्रेस ने उन्हें संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश) का अध्यक्ष बना दिया। पत्रकारिता के साथ स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन का नेतृत्व किया। सात बार जेल गए और 1931 में राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान हो गए।



-गणेश-गाथा, मात्र 41 साल की अपनी उम्र में इतने काम किए...

26 अक्टूबर 1890 में अतरसुईया प्रयागराज) में जन्म, हाथगाम (फतेहपुर), ग्वालियर और प्रयागराज में शिक्षा, 1908 में कानपुर आकर सरकारी नौकरी की, पीपीएन में अध्यापक, कर्मयोगी, स्वराज्य और हितवार्ता से जुड़े, 1911 में सरस्वती पत्रिका में, 9 नवम्बर 1913 में 'प्रताप' का प्रकाशन शुरू किया, 1925 में कानपुर के कांग्रेस अधिवेशन में स्वागतध्यक्ष, गोरखपुर में हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष चुने गए, मजदूर सभा और गणेश सेवा आश्रम की स्थापना, महात्मा गांधी सहित कई नेता प्रताप प्रेस आए थे, नेहरू उन्हें अपना नेता मानते थे। भगत सिंह, चंद्र शेखर आजाद सहित कई क्रांतिकारी उनके सानिध्य में रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में भी आगे रहे, झंडा गीत के प्रणेता और निडर पत्रकारिता के जरिए अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दी थीं। 25 मार्च 1931 को शहीद हो गए।

बलिदान स्थल पर स्मारक न बन सका....

25 मार्च 1931 को चौबेगोला (मूलगंज) में हिंदू-मुस्लिम दंगे के दौरान उपद्रवी भीड़ से लोगों को बचाने के दौरान विद्यार्थी जी को घेर कर मार दिया गया था । गांधी जी ने इसे सर्वोच्च बलिदान कहा और इच्छा प्रकट कि "काश ऐसी ही मौत मुझे मिले"..। लेकिन विद्यार्थी जी की शहादत स्थल पर आज तक उनका स्मारक न बन सका। उस स्थान पर एक मंदिर है, जिसके ऊपरी हिस्से में विद्यार्थी जी नाम अंकित है, लेकिन उसे तलाशना आसान नहीं ।

-पैतृक घर भी खंडहर सा है, नाम का एक पत्थर ज़रूर है..

विद्यार्थी जी के पैतृक गांव हथगाम, जो अब एक क़स्बा है, वहां उनका घर मुश्किल से मिलता है। घर खंडहर सा है। कुछ साल पहले वहां एक चबूतरा बना कर विद्यार्थी जी के नाम का पत्थर लगा दिया गया है, उनकी जयंती और बलिदान दिवस पर वहां फूल ज़रूर चढ़ाए जाते हैं, उनके नाम पर इंटर कालेज और गर्ल्स कालेज भी हैं।

# दीवाली पर उपहार



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हम भारतीय लोग अपने त्योहारों को परंपरागत रूप से मनाते आए हैं, इनमें भी दीवाली या दीपावली सबसे बड़ा त्योहार माना गया है। आम भारतीय को इस पर्व का हमेशा इंतजार रहता है जो शीत ऋतु के आगमन के साथ शुरू होता है इन दिनों बाजारों की रौनक और सजी धजी दुकानें ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। घरेलू समान की खरीद के साथ साथ कुछ वर्षों से उपहार देने का प्रचलन तेजी से बढ़ा है।

तरह-तरह के उपहारों से दुकानें सज चुकी हैं। वहीं आन लाइन खरीदारी में ऑफर और सेल का दौर जारी है। मिठाई चॉकलेट, बेकरी के बने समानों, मोमबत्ती, ड्रायफ्रूट्स, क्रॉकरी, बच्चों के खिलौने के साथ नए-नए तरीके के उपहारों की भरमार है।

एक सर्वे के मुताबिक हम भारतीय करीब 1.85 लाख करोड़ खर्च करेंगे जिसमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा शहरी क्षेत्र के लोग स्थानीय बाजारों में खुद जा कर गिफ्ट खरीदेंगे। बढ़ती महंगाई के बावजूद दीवाली पर गिफ्ट खरीदने और देने की यह परंपरा हमारे सामाजिक सरोकार का प्रतीक है। पूरे साल कितने भी व्यस्त या दूर रहें, हम इस पर्व को अपने प्रियजनों के साथ रह कर और एक दूसरे को उपहार देकर आंतरिक खुशी प्राप्त करते हैं। अंधकार पर प्रकाश की विजय का यह त्योहार यो ही हम सभी भारतीय मनाते रहे ऐसी आशा की जानी चाहिए।

# बच्चों में खेलों से विकसित होती है नेतृत्व करने की क्षमता

## विकास खंड अमांपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, अमांपुरः

**अमृत विचारः** विकास खंड अमांपुर की न्याय पंचायत जटाऊ अशोकपुर की खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को हुई। जिसमें न्याय पंचायत के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना कर उनका उत्साह वर्धन किया।

खेलकूद प्रतियोगिताओं का आरंभ मुख्य अतिथि विधायक हरिओम वर्मा, बीएसए सूर्य प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान 50 मीटर, 100 मीटर, दो सौ मीटर की प्रतियोगिताए दो वर्गों में हुई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय अभयपुरा के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत गाए गए। विधायक हरिओम वर्मा ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देना चाहिए। खेलों से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। जिला बेसिक शिक्षा सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि खेलों से नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है। भाईचारे की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक पीटीआई मुनेश राजपूत ने किया। इस अवसर पर सुनील कुमार आर्य, धीरेंद्र सोलंकी, संगीता, बीना सिंह, यादराम, राहुल, प्रवीण शर्मा, अनुज प्रताप, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार, सुनील कुमार, देवेश मित्तल, अरविंद कुमार, गौरव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रिचा कुमारी, रामपाल सिंह, तार सिंह, राघवेंद्र सिंह, नरेंद्र पाल सिंह शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।


हरी झंडी दिखाकर खेलकूद प्रतियोगिता का आरंभ करते विधायक हरिओम वर्मा।

### प्रतियोगिता का परिणाम

प्राथमिक बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रांशु मझोला, द्वितीय स्थान आयुष डोरा, तृतीय स्थान हरिकांत नगला यादकरण। 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रांशु मझोला, द्वितीय स्थान आशु नगला यादकरन, तृतीय स्थान हरेंद्र डोरा। 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रांशु मझोला , द्वितीय स्थान अभिषेक अभयपुरा, तृतीय स्थान आयुष डोरा ने प्राप्त किया, जबकि प्राथमिक बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान संध्या मझोला, द्वितीय स्थान मोहिनी कुचलपुर, तृतीय स्थान शिवानी अशोकपुर,100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान संध्या मझोला, द्वितीय स्थान चंचल कुचलपुर, तृतीय स्थान आरती अभयपुरा,200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान संध्या मझोला, द्वितीय स्थान शिवानी अशोकपुर, तृतीय स्थान पूनम कुचलपुर ने हासिल किया। जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रांशु अभयपुरा, द्वितीय स्थान दिव्यांश नगला यादकरन, तृतीय स्थान राजेश नगला यादकरन, 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सुशील अभयपुरा, द्वितीय स्थान प्रांशु अभयपुरा, तृतीय स्थान शिवकुमार नगला यादकरन के अलावा जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ प्रथम स्थान गौरी नगला यादकरन, द्वितीय स्थान ललिता नगला यादकरन, तृतीय स्थान दीपमाला अभयपुरा, 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान गौरी नगला यादकरन, द्वितीय स्थान संगीता नगला यादकरन,तृतीय स्थान दीपमाला अभयपुरा, कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में विजेता नगला यादकरन, उपविजेता अभयपुरा, कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग विजेता अभयपुरा, उपविजेता नगला यादकरन रहा।

## कक्षाओ में नहीं थे शिक्षक, बाहर घूम रहे थे विद्यार्थी

**सोरों, अमृत विचार :** पालिकाध्यक्ष ने पालिका द्वारा संचालित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। अव्यवस्थाओं का आलम देख नाराजगी जताते व्यवस्थाएं दुरुस्त करने अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी दी। पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे शुक्रवार को कस्बा के कासगंज रोड स्थित पालिका द्वारा संचालित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के निरीक्षण को पहुंचे। निरीक्षण में शिक्षक कक्षाओ में नहीं थे। विद्यार्थी कक्षाओं से बाहर घूम रहे थे। कई शिक्षक अनुपस्थित थे। नवीन प्रयोगशाला बंद पड़ी थी। पुस्तकालय में पुस्तकें भी पर्याप्त नहीं थी। अव्यवस्थाओं पर पालिकाध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताई। प्रधानाचार्य रामकरन राज, सहायक अध्यापक बसंत कुमार, जनारधन राम, स्ववित्त पोषक शिक्षक नितिन कुमार, दिनेश कुमार अनुपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### ऑल इंडिया किसान यूनियन ने एसडीएम को ज्ञापन



**जलेसर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया किसान यूनियन के द्वारा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी विपिन कुमार मोरल को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी समस्याओं का समाधान न हुआ तो तहसील मुख्यालय पर तालाबंदी एवं अन्य आंदोलन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वर्मा ने बताया कि मोहम्मद और गैरवार में चक रोड जीएस की जमीन खाली करवाने गांव में चकबंदी कराई जाने विद्युत समस्या के समाधान आदि समस्याओं को लेकर पूर्व में भी कई बार धरना प्रदर्शन किए गए। हर बार आश्वासन का पिटारा थमाया गया। समस्याओं का समाधान न हुआ तो मजबूरी में तहसील मुख्यालय पर तालाबंदी एवं अन्य आंदोलनात्मक कार्रवाई की जाएगी। धरना प्रदर्शन के दौरान यशपाल सिंह राजपूत, राम प्रकाश वर्मा, अमरानंद महाराज, नेपाल सिंह, रामसेवक शर्मा, दौजी राम, कमलेश देवी, कैलाश कुमार, देवेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, रामेंद्र सिंह पथरिया आदि मौजूद थे।

### दिवाली मेले का आयोजन आज से

**जलेसर।** दीपावली महोत्सव के अंतर्गत विशाल दीपावली मेले का आयोजन एमजीएम इंटर कॉलेज के ग्राउंड में कल आज 26 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। मेला आयोजन विकास जादूगर ने बताया कि मेले में हैंडलूम एवं हस्त शिल्प प्रदर्शनी के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा मेले का शुभारंभ विधायक संजीव दिवाकर एवं पालिका अध्यक्ष गौरी देवी वर्मा के द्वारा किया जाएगा।

### बेरनी एवं ईसौली में 7 से 10 तक विद्युत आपूर्ति रहेगी वाधित

**जलेसर।** विद्युत उपखंड अधिकारी गुलशन कुमार ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई जानकारी कि 26 अक्टूबर को 33 केवीए विद्युत स्टेशन इसौली एवं बेरनी रिपेयरिंग कार्य हेतु प्रात: काल 7 बजे से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपभोक्ता इस दौरान अनावश्यक रूप से परेशान न करें। अपनी-अपनी व्यवस्था सुचारु कर लें।

### जुआ खेलने वालों पर कार्रवाई, 5 गिरफ्तार

**एटा।** थाना अलीगंज पुलिस ने जुआ खेलते हुए धर्मपाल निवासी फरसौली थाना अलीगंज, सत्यराम , जुगेन्द्र निवासी डिबईया थाना अलीगंज, शिवकुमार निवासी मो. काजी कस्बा व थाना अलीगंज, मिथुन निवासी सुदर्शनदास को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 22,000 रुपये और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए।

### बस के संचालन से यात्रियों को होगी सुविधा



**कासगंज।** कासगंज डिपो द्वारा कासगंज से वाया भूपाल गढी अलीगढ़ के लिए निगम की बस का संचालन शुरू किया गया है। इस बस को शुक्रवार को बस स्टैंड से भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने फीता काटकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में जनता की सुविधाओं को लेकर गंभीर है। जन सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए यह बस शुरू की गई है। एआरएम सहित अन्य विभागीय कर्मचारियों अधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को फूल माला पहना कर स्वागत किया। अनिल शर्मा, अशोक चौहान, अनिल चौहान, मुकुट सिंह, अशोक शर्मा, अरबिंद सक्सेना, गौरव सक्सेना, सतेंद्र चौधरी, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

### सेवा से हटाए जाने पर भूख हड़ताल पर बैठी महिला सफाई कर्मी



**कासगंज।** सेवा से हटाए जाने पर ठेका महिला सफाई कर्मी स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले शुक्रवार को पालिका परिसर में भूख हड़ताल पर बैठ गई। महिला कर्मचारी ने सफाई नायक और जमादार घूस मांगने का आरोप लगाया है। अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर न्याय दिलाए जाने की मांग की है। नगर पालिका में ठेका महिला सफाई कर्मी कमलेश वाल्मीकि को जमादार द्वारा बिना किसी कारण के सेवा से हटा दिया गया है। कई बार गुहार के बावजूद भी जब पालिका प्रशासन ने उसकी एक न सुनी तो सफाई कर्मी निकाय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले नगर पालिका परिसर में अनिशिचत कालीन भूख हड़ताल पर बैठ गई। महिला का कहना है कि जमादार और सफाई नायक द्वारा पैसों की मांग की गई, जब पैसे नहीं दिए गए तो बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश से कार्य से हटा दिया गया है। उसका कहना है जब तक उसे न्याय नहीं मिलेंगा। वह भूख हड़ताल पर बैठी रहेंगी। समर्थन में सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सोनू भंडारी एवं प्रांतीय सह संगठन मंत्री मुकेश वाल्मीकि भूख हड़ताल में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष का कहना है कि यदि महिला सफाई कर्मी को न्याय नहीं मिला, तो उनका यह आंदोलन उग्र हो सकता है।

## खिलाड़ियों का भविष्य तय करती हैं प्रतियोगिताएं



**कासगंज,अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहोरा पर शुक्रवार को मिनी कीड़ा प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पति विजय कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली खेल प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों का भविष्य तय करती हैं। इन्हीं से सीख कर बच्चे ब्लॉक, जिला और प्रांतीय स्तर पर स्थान बनाते है। यही आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में खेलते हैं। विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष अमित द्विवेदी, वीरेंद्र सिंह, रनवीर सिंह, गया प्रसाद, शिवकुमार, वीरेश कुमार, आशीष पटेरिया, अवधेश कुमार,दीपक कुमार, राघवेंद्र , आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## मारपीट में घायल ग्रामीण की मौत

**एटा, अमृत विचार :** अलीगंज कस्बे की काशीराम कॉलोनी के रहने वाले अधेड़ की पड़ोसी युवकों ने पीट-पीटकर जान ले ली। परिवार के लोग बुजुर्ग को अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सीय परीक्षण से पहले ही बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। मृतक के बेटे ने पोस्अमार्टम कर्मियों पर पैसे मांगने का आरोप लगाया जिसे सीएमओ ने झूठा बताया। काशीराम कॉलोनी निवासी इरफान ( 50 ) पुत्र अल्ताफ के साथ पड़ोस के ही रहने वाले तनु पुत्र लालाराम, अन्ना पुत्र मल्लू, ओमशंकर, चंदन पुत्रगण बिल्ला और लखन पुत्र संतोष ने मारपीट की। झगड़े में इरफान गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के लोग इरफान को अस्पताल ले गए जहां उनकी मौत हो गई। पिता के शव के साथ पोस्टमार्टम हाउस आए बेटे आशिक ने बताया कि पिता के पोस्टमार्टम के लिए उससे पैसे मांगे गए। क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि मौत हार्ट अटैक से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी बुजुर्ग की मौत बीमारी की वजह से होना पाई गई है।



मृतक की पत्नी नसरीन का कहना है कि घटना की सूचना अलीगंज थाना पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस केवल जांच करने आई और वापस चली गई। उन्होंने बताया कि राजनैतिक हस्तक्षेप के बाद ही उनके पति की चिकित्सा जांच हुई। एक्सरे के लिए पर्ची बनवाने में ही काफी समय लग गया, तब तक उनके पति की हालत बिगड़ गई। बाद में पति को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बदले पैसे मांगे जाने के आरोप पर जब सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने बताया कि पैसे मांगने का आरोप लगाना आम बात हो गई है। पीड़ित शपथ पत्र के माध्यम से अगर शिकायत देगा, तो मामले की जांच कराई जाएगी।


# कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी, भदैयाँ-सुल्तानपुर

पत्रांक : 605/ 2–लेखा/क्षेत्र पं0/निविदा सूचना/ 2024–25 दिनांक : 22.10.2024

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

महामाहिम राज्य पाल, उत्तर प्रदेश कि ओर से खण्ड विकास अधिकारी–भदैयाँ, सुल्तानपुर द्वारा पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत निम्न कार्यों पर किसी भी विभाग में A, B, C एवं D श्रेणी मे कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्युल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गए गए कार्यों को कराये जाने हेतु निम्न शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 25.10.2024 से दिनांक 12.11.2024 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11 बजे से सायं काल 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किए जा सकते है एवं निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 13.11.2024 को सायं 3.00 बजे तक कार्यालय के टेण्डर बाक्स मे जमा किया जा सकता है। प्राप्त निविदा दिनांक 14.11.2024 को सायं 3.00 बजे विकास खण्ड भदैयाँ के सभा कक्ष मे अधोहस्ताक्षरी एवं निविदा समिति के सदस्यों द्वारा निविदा दाताओ के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र0 सं0 | पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाइड/टाइड) | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत (लाख रू0 में) | जमानत की धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पंद्रहवाँ वित्त आयोग | क्षेत्र पं० इंटरलाकिंग से निषाद बस्ती तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.93 | 9,93000 | 1000 | 3 माह |
| 2 | पचम राज्य वित्त आयोग | ग्रा०प० मीरानपुर (रतनपुर) मे पिचरोड से शिवमूरत वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.93 | 9,93000 | 1000 | 3 माह |
| 3 | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्रा०प० औझी में जमुवावा पश्चिम पिच रोड मदन साहूके घर से अनिल वर्मा के घर तक मिट्टी खड़ंजा कार्य | 7.97 | 7,97000 | 1000 | 3 माह |
| 4 | पचम राज्य वित्त आयोग | ग्रा०पं० उचहरा मे पिचरोद से राम जानकी मंदिर तक खड़जा निर्माण कार्य | 4.01 | 4,10000 | 500 | 3 माह |
| 5 | पंचम राज्य वित्त आयोग | छतौना लिंक मार्ग से अतहर के दरवाजे तक मिट्टी सोलिंग कार्य | 3.10 | 3,10000 | 500 | 3 माह |
| 6 | पद्रहवाँ वित्त आयोग | ग्रा०पं० जगदीशपुर में चादपारा ग्रा० मे पिचरोद से विजय बहादुर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.98 | 9,98000 | 1000 | 3 माह |
| 7 | पचम राज्य वित्त आयोग | ग्रा०प० तेरये शम्भूगंज शिवगढ़ मार्ग से राम चन्द्र चौहान एवं राम प्रताप के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 8.11 | 8,110000 | 1000 | 3 माह |
| 8 | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्रा०प० अभियाकला रेलवे फाटक पक्की सड़क से राम शिरोमणि वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 7.85 | 7,85000 | 1000 | 3 माह |
| 9 | पद्रहवाँ वित्त आयोग | सेमरीपुरषोत्तमपुर मे हरिजनबस्ती से राजबहादुर के घर इंटरलाकिंग कार्य | 7.85 | 7,85000 | 1000 | 3 माह |
| 10 | पचम राज्य वित्त आयोग | ग्रा०प० मझिलेगाँव रामपुर पक्की सड़क से रमाशंकर वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.97 | 9,97000 | 1000 | 3 माह |
| 11 | पंचम राज्य वित्त आयोग | उमाकांत उपाध्याय के खड़जे से शिवाकान्त के घर तक मिट्टी खड़जा कार्य | 13.10 | 13,10000 | 1500 | 3 माह |
| 12 | पंचम राज्य वित्त आयोग | वि०ख० परिसर में प्रधानमन्त्री माडल आवास का सुंदरीकरण एवं विद्युत कार्य | 2.10 | 2,10000 | 500 | 3 माह |
| 13 | पद्रहवाँ वित्त आयोग | वि० ख० के विभिन्न स्थलों पर वाटर कूलर स्थापना कार्य | 40.00 | 40,00000 | 2000 | 3 माह |
| 14 | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्रा०पं० मीरानपुर (रतनपुर पिच रोड) से राम किशोर के घर तक मिट्टी खड़ंजा मरम्मत कार्य | 3,78 | 3,78000 | 500 | 3 माह |
| 15 | पचम राज्य वित्त आयोग | दलित बस्ती पक्की सड़क से भप्टा ग्राम तक सी०सी० मरम्मत कार्य | 9.90 | 9,90000 | 1000 | 3 माह |
| 16 | पंचम राज्य वित्त आयोग | वि० ख० भदैया प्रमुख कक्ष के बगल के कक्ष का मरम्मत एवं रंगाई पुताई व सौन्दरीकरण | 2.95 | 2,95000 | 500 | 3 माह |
| 17 | पंचम राज्य वित्त आयोग | जुड़ारा पक्की सड़क से उपहरा मिश्रान तक मिट्टी खड़जा मरम्मत कार्य | 5.00 | 5,00000 | 500 | 3 माह |
| 18 | पचम राज्य वित्त आयोग | वि०ख० भदैयान सहायक विकास अधिकारी पंचायत कक्ष का रंगाई पुताई व सौन्दरीकरण | 3.50 | 3,50000 | 500 | 3 माह |
| 19 | पद्रहवाँ वित्त आयोग | सौराई में निराश्रित गौवश में पानी एवं जल आपूर्ति हेतु निर्माण कार्य | 3.90 | 3,90000 | 500 | 3 माह |
| 20 | पंद्रहवाँ वित्त आयोग | ग्रा०प० खजुरी में सुरेश दरोगा के घर से प० भवन तक इंटरलाकिंग कार्य | 5.26 | 5,26000 | 1000 | 3 माह |
| 21 | पंद्रहवाँ वित्त आयोग | सकवा राम तीरथ यादव के घर से मिनहाज के घर तक नाली निर्माण कार्य | 7.65 | 7,65000 | 1000 | 3 माह |
| 22 | पंद्रहवाँ वित्त आयोग | भैरवपुर बकरीदी के घर से छोटे मिश्रा के घर तक खड़जा निर्माण कार्य | 5.10 | 5,10000 | 1000 | 3 माह |
| 23 | पंद्रहवाँ वित्त आयोग | ग्रा०प० गौरा जितेन्द्र वर्मा के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 6.92 | 6,92000 | 1000 | 3 माह |
| 24 | पंद्रहवाँ वित्त आयोग | सेमरी समर बहादुर के घर से भारत के घर तक पटिया नाली निर्माण कार्य | 5.30 | 5,30000 | 1000 | 3 माह |
| 25 | पद्रहवाँ वित्त आयोग | केशापट्टी कोठौत जमाल के घर से फकरौती होते हुए कल्याणपट्टी खड़झा लक इंटरलाकिंग कार्य | 9.80 | 9,80000 | 1000 | 3 माह |
| 26 | पंचम राज्य वित्त आयोग | एम०एच० 56 पिचरोड से वि०ख० बाउंड्री बाल तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.00 | 9,00000 | 1000 | 3 माह |
| 27 | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्रा०प० बभनगया में अजीत सिंह के घर से सुरैमन गुप्ता के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.98 | 9,98000 | 1000 | 3 माह |
| 28 | पंचम राज्य वित्त आयोग | सलाहपुर में सत्यदेव के घर से विगहिया तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 6.01 | 6,10000 | 1000 | 3 माह |
| 29 | पंद्रहवाँ वित्त आयोग | बभनगवा सच्चिनन्द के घर से लालता के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.98 | 9,98000 | 1000 | 3 माह |
| 30 | पंद्रहवाँ वित्त आयोग | ग्रा०प० पन्ना टिकरी में अशुल दूबे के बाग तक इंटरलाकिंग कार्य घर से | 9.98 | 9,98000 | 1000 | 3 माह |
| 31 | पंचम राज्य वित्त आयोग | हरीपुर बनवा पुलहिया से धर्मराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.98 | 9,98000 | 1000 | 3 माह |

**शर्ते**:– सन्दर्भित कार्य स्वीकृत लागत के अन्तर्गत ही कराये जायेंगे। निविदा दाता अपनी अधिकृत क्षमता के अनुसार किसी एक अथवा एक से अधिक कार्यों हेतु निविदा दे सकते है निविदा दाताओं को सलाह दी जाती है कि वे कार्यस्थल का भालिभांति निरीक्षण कर ले। कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। निर्धारित कार्य एवं स्वीकृत प्राक्कलन दर के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यय अथवा चार्जेज देय नहीं होगा। कार्य कराने के उपरान्त प्रस्तुत बिल से नियमानुसार आयकर, जी०एस०टी० एवं लेबर सेस कटौती के पश्चात ही बिल भुगतान किया जाएगा। निविदा दाता को निविदा के कार्य के साथ कार्य कि लागत के सापेक्ष दो प्रतिशत कि धनराशि अर्नेस्ट मनी एफ०डी० अथवा एन०एस०सी० के रूप मे जो खण्ड विकास अधिकारी भदैयाँ के पक्ष मे बन्धक करके जमा किया जाना अनिवार्य है। कार्यादेश प्राप्ति के समय रु0 100 के स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र दाखिल करना होगा । अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त किए जाने का पूर्ण अधिकार होगा। निर्धारित समय मे कार्य न कराने अथवा मानक एवं गुणवत्ता के विपरीत होने की स्थिति मे कार्यादेश निरस्त कर दिया जाएगा एवं संबन्धित से वसूली अपेक्षित होगी।

**नोट** :– उक्त कार्यों को कराने हेतु कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर कार्यालय के समय समय पर जारी किया जाएगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**भदैयाँ–सुल्तानपुर**

# लोडर वाहन से टकराकर पलटा ट्रक, बाइक सवार दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



युवकों को निकालने के लिए बोरियां हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

- देर रात फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ओरछी चौराहे पर हुई दुर्घटना

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ओरछी चौराहे पर एक ट्रक लोडर वाहन से टकरा गया। लोडर वाहन और ट्रक पलट गया। चंदौसी की ओर से आ रहे बाइक सवार को युवकों की दबकर मौत हो गई।

शुक्रवार देर रात चंदौसी की ओर से आया लोडर वाहन यूपी 23 पी 7635 इस्लामनगर मार्ग की पर मुड़ा था। उसने इंडिकेटर नहीं दिया।


मृतक नवप्रभात।

इसी दौरान बिसौली की साइड से ट्रक यूपी 38 टी 4730 आ गया। उसकी सामने से लोडर वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में लोडर वाहन और ट्रक पलट गया। चंदौसी की ओर से आए बाइक से आ रहे दो युवक ट्रक के नीचे दब गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस बल पहुंचा। क्रेन से ट्रक हटाकर बाइक सवारों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। जेब में मिले पहचान पत्र से युवकों की शिनाख्त बरेली के थाना विसारतगंज के सतेंद्र प्रताप सिंह और नवप्रभात पुत्र दुर्गा प्रसाद के रूप में हुई। मौके पर जाम लग गया। पुलिस करीब दो घंटे में जाम को खुलवा सकी।

# नैनीताल हाईवे पर पत्नी ने पति को चप्पलों से पीटा

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

- पत्नी ने दूसरी महिला के साथ घूमते हुए रंगे हाथ पकड़ा
- ई रिक्शा से घूमने की जानकारी पत्नी को लगी तो मौके पर पहुंची

**अमृत विचार :** बेवफाई से क्षुब्ध पत्नी ने पति की सरेराह चप्पलों से पीटा। पत्नी ने पति को हरिद्वार निवासी युवती के साथ घूमते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। हंगामा होने पर लोग एकत्र हो गए।

मामला शुक्रवार की दोपहर 12:30 बजे का है। एक युवक हरिद्वार निवासी युवती के साथ ई-रिक्शा में घूम रहा था। इसी बीच युवक की पत्नी को इसकी भनक गई। वह अपने परिजनों को लेकर मौके पर पहुंच गई और पति को चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। यह देख मौके पर भीड़ लग गई। तमाशा देख रहे लोगों ने बीच-बचाव किया। पत्नी ने बताया कि करीब 8 वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था। उनके दो बच्चे भी हैं। लेकिन, उसका पति कुछ दिन पूर्व हरिद्वार में मजदूरी करने गया था। वहां उसका प्रेम-प्रसंग एक अविवाहित युवती से हो गया। उसका पति हरिद्वार से आने के बाद वापस नहीं गया। इस पर युवती उससे मिलने यहां आ गई। उसे दोनों के एक साथ घूमने की जानकारी मिल गई। उधर, हरिद्वार से आई युवती विवाह की जिद पर अड़ गई। इसकी वजह से वहां खूब हंगामा हुआ। दोनों महिलाओं में मारपीट तक की नौबत आ गई। बेवफा पति की उसके ससुराल वालों ने भी जमकर धुनाई की। इसके बाद युवती के परिजनों को सूचना दी गई। मामले को पंचायत के माध्यम से निपटाने का प्रयास किया जा रहा। इसके चलते घटना की पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

# रुविवि के छात्रावास में प्रवेश को बनेगी नियमावली

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के छात्रावासों में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए नियमावली तैयार की जा रही है। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है। समिति एक दो दिन में अपनी रिपोर्ट कुलसचिव को सौंप देगी। इसके बाद कुलपति के आदेश पर नियमावली लागू की जाएगी। वहीं उच्च शिक्षा विभाग ने भी सभी विश्वविद्यालयों, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी और जिलाधिकारी से छात्रावास के पंजीकरण और संचालन के संबंध में सुझाव मांगे हैं। इन सुझावों के बाद एक ड्रॉफ्ट तैयार किया जाएगा।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावासों में कई बार विद्यार्थियों में विवाद हो चुके हैं। कई बार अनुशासन न होने की बात सामने आई।

## कन्याभोज व भंडारा आयोजित

**संसारपुर :** ग्राम पंचायत संसारपुर के बोझिया गांव स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर पर श्रीरामचरित मानस अखंड पाठ के समापन पर हुए कन्या भोज, भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान पति रामप्रसाद देवल, अखिलेश कुमार वर्मा, संदीप कुमार, ऋतिक वर्मा, अवनी कुमार, अखिलेश तिवारी, कपिल कुमार, गोविंद कुमार आदि का सहयोग रहा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा रेल कोच रेस्टोरेंट, बैटरी ऑपरेट व्हीकल, ई–वी चार्जिंग कम पार्किंग, हेल्थ एटीएम कीओस्क एवं वाणिज्य विज्ञापन के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 11.11.2024 एवं 12.11.2024 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3319/24

**कार्यालय जिला लेखा परीक्षा अधिकारी पीलीभीत**

**सरकारी कार्यालय हेतु भवन की आवश्यकता**

एतत्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला लेखा परीक्षा अधिकारी स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग उ0प्र0, जनपद–पीलीभीत के कार्यालय हेतु नगर पालिका परिषद सीमान्तर्गत 1500 वर्गफीट कारपेट एरिया भवन की आवश्यकता है जिसमें बिजली, पानी, रोशनी एवं पार्किंग की सुविधा हो। इच्छुक भवन स्वामी कृपया मोबाईल संख्या:– 7668466033 पर संपर्क कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को अपना प्रस्ताव प्रेषित करें।

(ऋषभ सिंह)
जिला लेखा परीक्षा अधिकारी पीलीभीत
नगर पालिका परिषद, परिसर पीलीभीत

UP-221241 दिनांक 24.10.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## धोखाधड़ी कर 10 लाख रुपए ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**एटा।** कोतवाली नगर क्षेत्र में स्वतंत्र कुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी कैलाशगंज ने सूर्यकांत पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी नगला बांस, थाना अमांपुर, जिला कासगंज के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। स्वतंत्र कुमार का आरोप है कि सूर्यकांत ने 9 अगस्त 2022 से 17 अक्टूबर 2022 के बीच उनसे 10 लाख रुपये ठग लिए।

# सिसरका की बिटिया ने लेफ्टिनेंट बनकर गांव का नाम किया रोशन


परिवार के साथ लेफ्टिनेंट ओजस्वनी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार:** बेटियां भी बेटों के साथ सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर रही है। क्षेत्र की एक बेटी ने सेना में भर्ती होकर न सिर्फ परिवार का रोशन किया गया है, बल्कि गांव की महिलाओं के लिए मिसाल बन गई हैं। गांव सिसरका निवासी सुधीर कुमार सिंह की बेटी ओजस्वनी का चयन सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। उनके चयन पर परिवार में खुशी का माहौल है।

ओजस्वनी के पिता सुधीर सिंह सेना के सूबेदार मेजर पद से रिटायर्ड हैं। वह वर्तमान में संघ लोक सेवा आयोग में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनकी मां मंजू गौतम गृहिणी है। जबकि इनके दादा जगवान सिंह एक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा संगठन मंत्री। ओजस्वनी के चाचा पुनीत कुमार सिंह इंजीनियर है और वर्तमान समय में मेरठ की एक नामी कंपनी में कार्यरत है। पिता सुधीर सिंह ने बताया। ओजस्वनी शुरू से अपने पापा को वर्दी में देखकर सेना में भर्ती होने का ख्वाब देखती थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने सेना में भर्ती होने की तैयारी शुरू कर दी थी।

### इन स्कूलों में की थी पढ़ाई

ओजस्वनी ने आरआरके सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंदौसी से पढ़ाई प्रारंभ की, फिर इसके बाद आर्मी स्कूल सिकंदराबाद तेलंगाना, आर्मी स्कूल जालंधर, आर्मी स्कूल नसीराबाद राजस्थान, इन स्कूलों में पढ़ाई की थी। कड़ी मेहनत के साथ परिवार और गांव का नाम रोशन किया अन्य बेटियों को सेना में भर्ती होने के लिए जागरूक किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:– **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण** : EL-MWS-GKP-2024-25-09 रिप्लेसमेंट आफ आइसोलेशन स्विच फार स्टार्टिंग बैट्री इन पावर कार्स इन मैकेनिकल वर्कशाप गोरखपुर। **अनुमानित लागत:** Rs. 4911591.85/– **बयाने की राशि:** Rs. 98200/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य** कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने की तिथि से–12 महीना। • आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 18.11.2024 समय 11:00 बजे तक • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)/ गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत–162

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 64/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है । **क्र.सं. 1 कार्य का विवरण** : समइं/लाइन/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में विविध सिविल निर्माण का कार्य (स्वीकृत कार्य के अर्न्तगत भोजीपुरा–लालकुआँ अनुभाग के मध्य बी.सी.एम मशीन से छनाई एवं बैलास्ट की आपूर्ति पूर्ण करना (64.3) किमी.)। **अनुमानित लागत रूपयों में** : रु. 3,24,42,886.03 **बयाना राशि रूपयों में:** रु. 3,12,200/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य** – शून्य **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह **1.** ई–निविदा दिनांक 20.11.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू–284

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**सम्मन बनाम प्रतिवादी व अदालत श्रीमान् उपजिलाधिकारी, बीसलपुर जिला पीलीभीत**

वाद संख्या:– टी. 202312560202434 / 2023

**राजेश कुमार आदि बनाम राकेश कुमार आदि**

**सम्मन बनाम–**

01. अन्सार खां पुत्र अलीरज़ा खां निवासी मोहल्ला पडाव कस्बा बिलसण्डा, पीलीभीत 02. सन्नोदेवी पत्नी अनवार खां निवासी मोहल्ला पडाव कस्बा बिलसण्डा, पीलीभीत

वाजै हो कि आपके खिलाफ नालिस दफा, धारा 144 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता दायर की है अत: आप तारीख 7 नवम्बर 2024 वक्त 10 बजे दिन असालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त तारीख पर अपना जवाब देहो पेश करो यह लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों की व नीज दस्तावेज जिसकी शहादत पर आप व ताईद अपना जवाब देही इस्तदमाल करना चाहते हो पेश करो अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमुअ फैसला होगा।

उपजिलाधिकारी
बीसलपुर, पीलीभीत

**अदालती नोटिस**
**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बाँदा**
**मूलवाद क्रमांक 262/2024 थाना कोतवाली नगर, जिला–बाँदा**

दीपक कुमार गहलौत पुत्र स्व. चन्द्रभान सिंह आयु लगभग 34 वर्ष निवासी कृष्णा नगर (काछीपुरा) आगरा कैन्ट, थाना– कोतवाली नगर सदर बाजार आगरा जिला–आगरा हाल मुकाम रेलवे क्वार्टर, डिंगवाही रेलवे स्टेशन, थाना कोतवाली नगर, जिला–बाँदा

**विरूद्ध**

श्रीमती पूनम पत्नी दीपक कुमार गहलौत पुत्री श्री रामपाल सिंह, आयु लगभग 30 वर्ष निवासिनी मोहल्ला– रविन्द्रनगर प्रयागो इण्टर कॉलेज के पास, गन्ना मील के सामने, बदायू रोड, थाना–सुभाष नगर, बरेली जिला बरेली।

धारा–9 हिन्दू विवाह अधिनियम चूंकि उपरिनामांकित दीपक कुमार गहलौत ने इस न्यायालय में यह आवेदन वावत् पत्नी को पुन: बुलाये जाने हेतु अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम का वाद दायर किया है। अतएव आपको एतद् चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए दिनांक 19.12.2024 को 10 बजे दिन में स्वयं या सम्यक रूपेग अनुदष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों, ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 24.10.2024 को निकाली गयी और अवधारित की गयी।

आज्ञा से
प्रशासनिक अधिकारी परिवार न्यायालय जनपद–बाँदा (उ.प्र.)

# जेलों में बेस स्टेशन बनाकर बंदी रक्षकों को दिए जाएंगे वॉकी-टॉकी

बरेली कार्यालय

- बेस स्टेशन का कंट्रोल यूपी पुलिस रेडियो मुख्यालय लखनऊ से होगा
- बरेली समेत 75 जेलों को 600 वॉकी टॉकी खरीदने को 2.70 करोड़ जारी

**अमृत विचार:** जेलों की सुरक्षा और पुख्ता करने के लिए बेस स्टेशन बनाकर बंदी रक्षकों को वॉकी-टॉकी दिए जाएंगे। बेस स्टेशन को यूपी पुलिस रेडियो मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। राज्य सरकार ने जेलों में होने वाली तमाम गतिविधियों की निगरानी के निर्देश दिए हैं।

बरेली समेत 75 जेलों में बेस स्टेशन बनाने के साथ 600 वॉकी-टॉकी खरीदने के लिए शासन ने 2.70 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित कर दी है। एक से अधिक एंटीना वाले रेडियो रिसीवर को बेस स्टेशन कहा जाता है। जेलों में बेस स्टेशन बनने से वॉकी-टॉकी के इस्तेमाल में दिक्कतें नहीं आएंगी।

संयुक्त सचिव शिव गोपाल सहाय ने धनराशि जारी करने के संबंध में पुलिस महानिरीक्षक जेल को पत्र भेजा है और 31 मार्च, 2025 से पहले ही वॉकी-टॉकी खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। एक जेल के लिए आठ वॉकी-टॉकी मिलेंगे।

## बदायूं के युवक की जेब काटकर उड़ाए 44 हजार

**बरेली, अमृत विचार :** ई–रिक्शा में सवार दो लोगों ने बदायूं के व्यक्ति की जेब काटकर 44 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उझानी कस्बा के मोहल्ला बाजार कलां निवासी सुभाषचंद्र सक्सेना ने बताया उनकी पत्नी निशा सक्सेना पीलीभीत रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। गुरुवार को निशा का ऑपरेशन होना था इसलिए वह अपने घर से 44 हजार रुपये लेकर बहन को बुलाने के लिए ई–रिक्शा से मढ़ीनाथ जा रहे थे। ई–रिक्शा में दो लोग सवार हुए जो सेटेलाइट के पास उतर गए। गांधी उद्यान के पास जब उनकी निगाह पैंट पर पड़ी तो वह हैरान हो गए। जेब कटी हुई थी और रुपये गायब थे।

## कार्यकत्रियों ने आठ मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**एटा, अमृत विचार :** महिला आंगनबाड़ी कार्यकत्री कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सौंपा। ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने, कार्यकत्रियों को 18,000 रुपये और सहायिकाओं को 9,000 रुपये मासिक वेतन देने के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य सेवा पद पर वरीयता के आधार पर सीधी भर्ती में शामिल करने की मांग भी की गई। कार्यकत्रियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने आदि मांग शामिल हैं।

**कार्यालय ग्रा. पं. अनिरूद्धपुर वि.खण्ड मझगवां, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अनिरूद्धपुर में वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में मनरेगा/ग्राम निधि आदि योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ईट, सरिया, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, लोहा आदि सामग्री की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 26.10.2024 से 01.11.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे 2.11.24 को सायं 4:00 बजे खोला जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लागत |
|---|---|---|
| 01 | अनिरूद्धपुर में वृहद गौशाला में अतिरिक्त शैड निर्माण | 997600/– |

रचना देवी, प्रधान — शिप्रा सिंह, सचिव

**कार्यालय नगर पंचायत मीरगंज बरेली**

पत्रांक : 890/न.पं.मीर./2024–25 दिनांक : 25.10.2024

**सार्वजनिक सूचना**
**(ODF++) घोषित किये जाने हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या–615/4 न.पं.मीर./2024 दिनांक : 29.06.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पंचायत मीरगंज के समस्त 12 वार्डो को (ODF++) घोषित किया गया था, जिससे सम्बन्धित जनसाधारण से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे जिसमें कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए है।

अत: नगर पंचायत मीरगंज को स्वत: (ODF++) घोषित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच या पेशाब करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध रू. 200.00 जुर्माना आरोपित करते हुए उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मीरगंज, बरेली। — अध्यक्ष, नगर पंचायत मीरगंज, बरेली

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत**

पत्रांक: 942/न.पा.पर.पी./2024–25 दिनांक: 25.10.2024

**सार्वजनिक सूचना**
**(ODF++) घोषित किये जाने हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या 99/न.पा.परि.पी./2024 दिनांक 21.01.23 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के नगर क्षेत्र के समस्त 27 वार्डो को सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पालिका परिषद के समस्त मानकों को पूर्ण करते हुये नगर क्षेत्र के (ODF++) घोषित किया गया था, जिसमें सम्बन्धित जनसाधारण से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे, जिसमें कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुये हैं।

अत: नगर पालिका परिषद, पीलीभीत को स्वत: (ODF++) घोषित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच या पेशाब करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध रू. 200.00 जुर्माना आरोपित करते हुये उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत**

पत्रांक: 941/न.पा.पर.पी./2024–25 दिनांक: 25.10.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**
**Garbage Free City (One Star)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या 710/न.पा.परि.पी./2024 दिनांक 21.06.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के नगर क्षेत्र के समस्त 27 वार्डो को सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पालिका परिषद, पीलीभीत के समस्त मानकों को पूर्ण करते हुये नगर क्षेत्र को Garbage Free City (One Star) घोषित किया गया था, जिसमें सम्बन्धित जनसाधारण से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे, जिसमें कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुये है।

अत: नगर पालिका परिषद पीलीभीत को Garbage Free City (One Star) घोषित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति खुले में कूड़ा डालते हुये पाया जाता है तो उसके विरूद्ध एस.डब्लू.एम. 2016 के अन्तर्गत विधिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

**कार्यालय नगर निगम, बरेली**

पत्रांक: 281/रा.वि./प्र.रा./2024–25 दिनांक: 25.10.2024

**सूचना-नीलामी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 के लिए राजस्व विभाग से संबंधित ठेकों की सार्वजनिक नीलामी उसके आगे उल्लिखित तिथियों पर पूर्वाहन 11:00 बजे से नगर निगम बोर्ड हॉल में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति बोली में भाग लेने से पूर्व पैन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र एवम् नगर निगम बरेली द्वारा जारी अदेयता प्रमाण– पत्र तथा जमानत धनराशि नगद/बैंक ड्राफ्ट जमा करके बोली में भाग ले सकते है। नीलामी से संबंधित शरायतें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय राजस्व विभाग में देखी जा सकती है निम्न ठेके स्वीकृति की दिनांक से एक वर्ष तक के लिए मान्य होंगे, कुल ठेका राशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगी। नीलामी का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र.सं. | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | नीलामी तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | कुतुबखाना सब्जी मंडी भू राजस्व शुल्क। | 1,00,000/– | 05.11.2024 |
| 02 | श्यामगंज सब्जी मण्डी भू राजस्व शुल्क। | 50,000/– | 05.11.2024 |

यदि किसी कारणवश कोई ठेका निर्धारित तिथि को नहीं होता है तो उक्त ठेकों की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 06.11.2024 को की जायगी।

उप नगर आयुक्त / प्रभारी राजस्व
नगर निगम, बरेली

**कार्यालय जिला पंचायत, बदायूं**

पत्रांक: 787/जि.पं./नि.अनु./2024–25 दिनांक: 25.10.2024

**ई-निविदा सूचना**

उ.प्र. शासन के आदेश सं. 05/2019/2902/33–2–2019–198 जी/2018 दिनांक 16 अगस्त 2019 व शासनादेश सं. 1129/33–2–2020–167जी/2018 दिनांक 03 जून 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों, लो.नि.वि. एवं सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाइड/टाइड) अन्तर्गत धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 88 कार्यो की ई–निविदायें दिनांक 11.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड करने हेतु आमंत्रित की जाती है जो इसी दिनांक 11.11.2024 की दोपहर 02:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत, बदायूं में खोली जायेगी। निविदा शुल्क की धनराशि आर.टी.जी.एस. (RTGS)/एन.ई.एफ.टी.(NEFT) के माध्यम से जिला निधि के खाता सं. 09830100009167 आई.एफ.एस.सी. कोड BARB0BADAUN में जमा करना अनिवार्य होगा और जमा निविदा शुल्क की युनिक नम्बर रसीद व 2% (दो प्रतिशत) धरोहर (जमानत) धनराशि की एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो के साथ–2 जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर व ठेकेदारी का नवीनीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा पर बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित होगा। सन्दर्भित वेबसाइड पर निविदा दिनांक 28.10.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे से देखी व अपलोड की जा सकती है। सशर्त प्राप्त निविदा तथा नियत तिथि व समय उपरान्त कोई भी वाद व प्रार्थना पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। लेपन कार्य हेतु मैक्सफाल्ट व इमल्शन सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा क्रय कर भुगतान से पूर्व सी.आर.सी. कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in व BUDAUN.NIC.IN पर भी देखा जा सकता है।

मासूम रजा, अभियन्ता/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बदायूं — वर्षा सिंह, अध्यक्ष, जिला पंचायत बदायूं

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूॅ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक 9373/7निविदा(सी0डी0–2)(ई–टेण्डर)–08/2024–25 दिनांक 15/10/2024

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूॅ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, बदायूॅ के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसारई–निविदा प्रतिशतदरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 28.10.2024 से दिनांक 15.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 15.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित निर्माणलागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुलअनुमानितनिर्माणलागत | विडसिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिडडाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्यपूर्णकरने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद–बदायूॅ में निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, बदायूॅ के अंतर्गतगन्ना विभाग के स्वामित्व के निम्न क्षतिग्रस्त मार्गो का पुनः निर्माण कार्य। 1–बढ़ोभर कुईंया प्र0/द्वि0 बिल्सी मार्ग से भरकुईंया मार्ग। 2–बदायूॅ बरेली मार्ग से दिउरियाजीत सम्पर्क मार्ग। | 141.10 | 8.60 | 149.70 | 9.50 | 2714.00 | 06 माह | A & B (Road Work) |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

(देवपाल सिंह), अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, बदायूॅ — (के0के0सिंह), अधीक्षण अभियन्ता, बदायूॅ/पीलीभीतवृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

UP-221232 दिनांक 24.10.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूॅ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक 9523/533सी0(ई–टेण्डर)–08/2024–25 दि0 19/10/2024

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूॅ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, पीलीभीत के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 28.10.2024 से दिनांक 08.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 08.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद पीलीभीत में ईंटगांव नौगवां सन्तोष मार्ग से आजमपुर बरखेड़ा सम्पर्क मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 3.00 किमी0) | 33.20 | 5.00 | 38.20 | 3.85 | 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |
| 2 | जनपद पीलीभीत में रिछोला घासी मार्ग से ललौर गुजरानपुर मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 3.00 किमी0) | 55.00 | 5.20 | 60.20 | 5.15 | 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |
| 3 | जनपद पीलीभीत में ईंटगांव बमरौली मार्ग से विलासपुर सम्पर्क मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 1.50 किमी0) | 38.20 | 2.25 | 40.45 | 40.10 | 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |
| 4 | जनपद पीलीभीत में महुआ से खानपुर बीरमपुर सम्पर्क मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 2.37 किमी0) | 40.50 | 3.70 | 44.20 | 4.25 | 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |
| 5 | जनपद पीलीभीत में जहानाबाद सरौरी सम्पर्क मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 3.60 किमी0) | 30.00 | 4.50 | 34.50 | 3.45 | 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |
| 6 | जनपद पीलीभीत में जहानाबाद रिछा मार्ग के किमी0 06 से बिन्दुआ नबादा सम्पर्क मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 1.85 किमी0) | 41.50 | 2.50 | 44.00 | 4.20 | 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |
| 7 | जनपद पीलीभीत में भोपतपुर से केशोपुर वाया फूटा कुऑ बरदा मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 7.30 किमी0) | 81.00 | 12.20 | 93.20 | 6.70 | 2714.00 | 02 माह | A & B (Road Work) |
| 8 | जनपद पीलीभीत में ईंटगांव रजवाहा नहर सेवा मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 3.50 किमी0) | 32.00 | 4.80 | 36.80 | 3.70 | 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |
| 9 | जनपद पीलीभीत में ढकिया रंजीत के पास माला नदी सेतु पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 0.30 किमी0) | 35.20 | 5.30 | 40.50 | 4.10 | 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |
| 10 | जनपद पीलीभीत में बारह पत्थर से कितनापुर सम्पर्क मार्ग (ग्रा0मार्ग) पर विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 1.90 किमी0) | 48.10 | 2.90 | 51.00 | 4.55 | 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉन ऑन किया जा सकता है।

(एस0के0जैन), अधिषासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,पीलीभीत — (के0के0सिंह), अधीक्षण अभियन्ता, बदायूॅ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली

UP-221223 दिनांक 24.10.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## बदलती अयोध्या : रामनगरी में अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की दस्तक

# मैकडॉनल्ड्स खोलेगी रेस्तरां, पिज्जा हट ले चुकी लाइसेंस

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या



उडुपी किचन का मुख्य प्रवेश द्वार।

● खानपान के क्षेत्र में आने को आतुर कई देशी व विदेशी कंपनियां

**अमृत विचार:** राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के प्रति विश्व का आकर्षण बढ़ा है। आस्था के साथ ही सुख-सुविधा और उद्योग व्यापार के क्षेत्र में भी अयोध्या कदमताल करने लगी है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भी दस्तक देनी शुरू कर दी है।

अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी मैकडॉनल्डस रेस्तरां खोलने की तैयारी में है। पिज्जा हट ने लाइसेंस ले लिया है। देश की कई नामचीन कंपनियां यहां पहुंच गई है। कई अन्य देशी व विदेशी कंपनियां यहां आने की तैयारी में हैं। श्रीराम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या बदल रही है। देश-विदेश से प्रतिदिन 80 हजार से एक लाख तक श्रद्धालु पर्यटक रोज यहां पहुंच रहे हैं। इनमें सभी वर्ग के श्रद्धालु शामिल हैं। उनके पसंदीदा, लजीज नाश्ता और भोजन की मांग बढ़ रही है।

महाराष्ट्र का शिवसागर ग्रुप, लैरीन्सन पार्क इन, दक्षिण भारत की करी लीफ्स, मद्रास कैफे, डेरीफन, कैफे एंड बालीवुड, कर्नाटक की उडुपी, राजस्थान की बीकानेर वाला, रसिक रिफ्रेशमेंट के साथ ही टेंट सिटी प्राइवेट लिमिटेड के रेस्तरां या तो खुल गए हैं या फिर लाइसेंस लेने के बाद खुलने की प्रक्रिया में हैं। ये सभी रेस्तरां रामनगरी के साथ ही अयोध्या कैंट (फैजाबाद) से पांच किमी. की परिधि में खुल रहे हैं।

अब तक इनके रेस्तरां बड़े महानगरों के साथ बड़े धार्मिक स्थलों पर ही देखने को मिलते थे। लेकिन अब अयोध्या में इनकी भरमार हो रही है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मानिक चंद्र सिंह बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां रेस्तरां खोलने के लिए कंपनियां तेजी से आगे आई हैं। अमेरिका की पिज्जा हट ने लाइसेंस ले लिया है।

## सपाइयों ने किया शर्मसार...



**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में सपा से प्रत्याशी पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी शुक्रवार को अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं की धक्का-मुक्की और बदसलूकी से बचने की जद्दोजहद में इतनी आहत हुईं कि दोनों हाथों से चेहरा छिपाने के बाद फफक पड़ीं और इंसानियत की दुहाई मांगती नजर आईं। यह शर्मसार करने वाली घटना इंडिया गठबंधन के जुलूस में तब हुई जब वह सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन कराने पहुंची थीं। नसीम सोलंकी अनुशासनहीन कार्यकर्ताओं की भीड़ के बीच फंस गईं। आपाधापी से असहज होकर वह रोने लगीं। परिजनों ने किसी तरह सुरक्षा घेरा बनाकर उन्हें संभाला।

● फोटो एवं विवरण- मनोज तिवारी

## अगरबत्ती फैक्ट्री के दो मजदूरों की मौत

**कन्नौज, अमृत विचार :** मच्छरमार अगरबत्ती फैक्ट्री में काम के दौरान गुरुवार शाम चार महिलाओं की हालत बिगड़ गई और दो की मौत हो गई। दो अन्य को गंभीर हालत में कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मालिक फैक्ट्री बंद कर फरार हो गया। जिलाधिकारी, एसपी ने फैक्ट्री व मृतकों के घर पहुंच कर घटना के संबंध में जानकारी ली। पुलिस ने फैक्ट्री की जांच शुरू करा दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव चौकी मुस्तफाबाद में मच्छरमार अगरबत्ती बनाने की फैक्ट्री है। इसमें 50 से 60 मजदूर काम करते हैं। गुरुवार शाम मोहल्ला गदनपुर बड्डू की कई महिलाएं फैक्ट्री में काम कर रही थीं। शाम के समय इनमें से गौरी (22), प्रिया (23), दिव्या (23) व प्रीति की हालत खराब हो गई। सभी किसी तरह घर तो पहुंच गईं पर हालत गंभीर होती गई। इसके बाद चारों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से गौरी की कानपुर ले जाते समय जबकि प्रिया की घर में मौत हो गई। प्रीति व दिव्या को गंभीर हालत में परिजन कानपुर लेकर चले गए।

# बहराइच हिंसा: पुलिस अधिकारियों की लापरवाही का हुआ खुलासा

## मुख्यमंत्री को सौंपी रिपोर्ट, बड़े अधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● 13 साल से हरदी थाने के त्योहार रजिस्टर में नहीं दर्ज की गई कोई जानकारी

● सीओ महसी ने 12 सितंबर को एसपी को भेजी थी रिपोर्ट, किया गया नजरअंदाज

**अमृत विचार :** बहराइच हिंसा के पीछे पुलिस अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। जिस हरदी थाने के महाराजगंज इलाके में हिंसा हुई थी। उस थाने के त्योहार रजिस्टर में पिछले 13 साल से कोई जानकारी दर्ज ही नहीं की गई। यहां तक इस रजिस्टर की किसी अधिकारी ने जांच भी नहीं की। यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी गई है। जिसके बाद जिले के बड़े अधिकारियों की लापरवाही सामने आने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की संभावना बलवती हो गई है।

बहराइच के हरदी थानाक्षेत्र के महाराजगंज में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की हिंसा में रामगोपाल मिश्र की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद हिंसा बेकाबू हो गई। मौके पर सचिव गृह संजीव गुप्ता और एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश को भेजा गया। स्थिति संभलने के बाद दोनों ने अधिकारियों ने हिंसा के पीछे के कारण की जांच की तो सामने आया कि हरदी थाने के त्योहार रजिस्टर जैसे महत्वपूर्ण अभिलेख में पिछले 13 वर्ष से कोई जानकारी ही दर्ज नहीं की गई थी।

**2011 में हुई थी अंतिम एंट्री :** जांच में सामने आया कि हरदी थाने के त्योहार रजिस्टर में वर्ष 2011 के तत्कालीन थानाध्यक्ष ने गणेश चतुर्थी पर अंतिम बार एंट्री की थी। इसके बाद वर्ष 2024 तक किसी थानेदार ने त्योहार रजिस्टर में इलाके की सूचनाएं दर्ज नहीं की। यह जिक्र भी नहीं किया गया कि कौन सा जुलूस निकलेगा, कौन-कौन धार्मिक आयोजन होने वाले हैं। जबकि इसमें हर त्योहार के बाद लिखा जाता है कि किसने गड़बड़ी फैलाने की कोशिश की, कितनी पुलिस लगाई गई, क्या-कया कमियां रह गई। इतनी महत्वपूर्ण सूचनाओं वाले रजिस्टर में एंट्री को लेकर बड़ी लापरवाही थानेदार से लेकर एसपी तक ने की है।

### सीओ ने भेजी थी एक माह पहले रिपोर्ट

महसी के क्षेत्राधिकारी रहे रूपेंद्र गौड़ ने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट 12 सितंबर को एसपी वृंदा शुक्ला को भेजा था। करीब एक माह का समय बीत जाने के बाद भी एसपी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिसका परिणाम 13 अक्टूबर को हिंसा भड़क गई। हिंसा के बाद बहराइच पुलिस लाइन में एंटी राइट उपकरण भी चालू हालत में नहीं मिले थे। लापरवाही इस कदर थी कि एंटी राइट उपकरणों को भी समय से न तो चेक किया गया और न ही एंटी राइट ड्रिल हुई। बहराइच पुलिस की इस लापरवाही की रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी गई है। एडीजी कानून-व्यवस्था के साथ इंटेलीजेंस ने भी अपनी रिपोर्ट में लापरवाही का जिक्र किया है।

## एचबीटीयू के 15 छात्रों पर कार्रवाई 2 निलंबित किए

**कानपुर, अमृत विचार :** एचबीटीयू में मारपीट और बगैर अनुमति के बर्थडे पार्टी करने पर 15 छात्रों पर कार्रवाई हुई है। इनमें 2 छात्रों को एक वर्ष के लिए शैक्षणिक गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया है। 5 छात्रों को विवि के छात्रावास से निष्कासित करने के साथ ही उनपर जुर्माना भी लगाया गया है। विवि की अनुशासन समिति ने 8 अन्य छात्रों पर आर्थिक दंड लगाकर चेतावनी दी है। विवि की जांच में रैगिंग के तथ्य सामने नहीं आए हैं। हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय में कुछ दिन पहले जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगाया था। छात्रों ने एफआईआर भी दर्ज करायी थी। विश्वविद्यालय की अनुशासन समिति जांच कर रही थी। जांच कमेटी ने शुक्रवार को घटना में शामिल छात्रों को छात्रावास की छत पर मारपीट करने, बगैर किसी अनुमति के बर्थडे पार्टी मनाने और एक छात्र के सिर पर रॉड से हमला करने का दोषी माना है। जांच कमेटी ने रैगिंग होने से इनकार किया है। चीफ प्रॉक्टर अलक कुमार ने बताया कि रैगिंग के तथ्य सामने नहीं आए हैं।

# रिश्वत लेने व गलत बिलिंग पर दो बिजली अवर अभियंता निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं से रिश्वत लेने व गलत 'बिलिंग' पर दो बिजली अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया। संबंधित अधिशासी अभियंता को चार्जशीट दी गई, साथ ही, गलत बिलिंग करने वाली निजी एजेंसी को काली सूची में डाल दिया गया। शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को वर्चुअल जनसुनवाई व विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

निलंबित अवर अभियंताओं में राजधानी में तैनात अवर अभियंता मनोज कुमार जायसवाल व इटावा में तैनात राज कमल पप्पू शामिल हैं। मनोज जायसवाल वर्तमान में चिनहट उपकेंद्र पर तैनात हैं। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं को शीघ्र बिजली कनेक्शन देने व लखनऊ के अवर अभियंता के खिलाफ एफआईआर कराने का निर्देश दिया। अवर अभियंता पर गोसाईंगंज निवासी फहाद अहमद को वर्ष 2019 में बिजली कनेक्शन न देने, लाइन बनाने के लिए 1.20 लाख रुपये रिश्वत लेने व 1.20 लाख रुपये का बिजली बिल भेजने का आरोप है। इटावा केके अधिशासी अभियंता को चार्जशीट देते हुए संबंधित अधीक्षण अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा गया गया है।

### एक ही मीटर संख्या पर जारी हुए थे कई बिल

ऊर्जा मंत्री ने कुशीनगर के सेवरही में एक ही मीटर संख्या पर कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल निर्गत करने व गलत बिल की शिकायत पर संबंधित बिलिंग एजेंसी को काली सूची में डालने का निर्देश दिया। साथ ही, दोषी कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एमडी पूर्वांचल को दो दिन के अंदर गोरखपुर क्षेत्र के बिलिंग डाटा को सही कराने का निर्देश दिया। ऊर्जा मंत्री ने गोरखपुर में बिजली दुर्घटना पर मृतक के परिवार को एक वर्ष से अधिक समय से मुआवजा न देने की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए पूर्वांचल निगम के प्रबंध निदेशक को शीघ्र ही मुआवजा देने का निर्देश दिया।

## दोगुनी हुई एमबीबीएस सीटें : मुख्यमंत्री

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस साल प्रदेश को 17 नए मेडिकल कॉलेज मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में एमबीबीएस की सीटें भी दोगुनी हो चुकी हैं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को महराजगंज में प्रदेश के पहले पीपीपी मोड के केएमसी मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक की सरकारों के एजेंडे में तराई के क्षेत्र होते ही नहीं थे। मगर अब महराजगंज उपेक्षित नहीं रहा, आज ही यहां 940 करोड़ की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। योगी ने कहा, राज्य में अब तक 5.14 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के गोल्डेन कार्ड मिल चुके हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में पहले केवल 18 मेडिकल कॉलेज थे, मगर आज 64 जिलों में मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं। बाकि जो छह-सात जिले बचे हैं, उनके लिए नई पॉलिसी के साथ मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

# 102 करोड़ के घोटाले में दो बैंक महाप्रबंधक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● घोटाले की रकम से बना होटल रायल गैलेक्सी सील, इस मामले में 9 लोग गिरफ्तार कर भेजे जा चुके जेल

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक में 102 करोड़ रुपये के घोटाले में शुक्रवार को बैंक के तत्कालीन दो महाप्रबंधकों को निलंबित कर दिया गया। घोटाले की रकम से बनाए गए होटल रायल गैलेक्सी को भी सील कर दिया गया। आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता ने डीजीपी को पत्र लिखकर घोटाले में संलिप्त अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। इस मामले में 9 आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

जिला सहकारी बैंक में 25 करोड़ रुपये के घोटाले की बात सामने आई थी। सूत्रों के मुताबिक अब तक की जांच में घोटाला 102 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। जिला सहकारी बैंक के उप महाप्रबंधक उमेश कुमार एवं वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राजीव त्रिपाठी की तहरीर पर 10 लोगों के खिलाफ 24 करोड़ 90 लाख रुपये के गबन/अपहरण के संबंध में थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमे में धारा 406/34/120बी बढ़ाई गई है। इस बीच आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता उत्तर प्रदेश बीएन सिंह ने मामले में बैंक के दो महाप्रबंधकों कुलदीप सिंह यादव और दीपक गुप्ता को निलंबित कर दिया। यह घोटाला वर्ष 2016 से 2023 के बीच हुए लेन-देन की ऑडिट के दौरान पकड़ा गया।

## अशफाक हत्याकांड में तीन को उम्रकैद

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** अमेठी के जगदीशपुर बाजार के चर्चित अशफाक हत्याकांड में मंगलवार को जिला जज जय प्रकाश पांडेय की अदालत ने तीन दोषियों को शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 1.21 लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने अर्थदंड की 70 फीसदी धनराशि मृतक के पिता को देने का आदेश भी दिया है। कोर्ट ने पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह समेत पांच लोगों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है।

मंगलवार को दोष सिद्ध किए गये आरोपी वंशराज यादव, अमित चौबे और सतीश उर्फ सतई को जेल से तलब कर उनकी सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने फैसला सुनाया। एडीजीसी मनोज दुबे के मुताबिक 30 जनवरी 2018 को जगदीशपुर बाजार स्थित विजया बैंक के पास अशफाक अहमद की गोली और बम से हत्या कर दी गई थी। इस हमले में रजी अहमद समेत कुछ अन्य लोग घायल हो गए थे।

# आईईटी की वेबसाइट हैक, कई अधिकारियों के गोपनीय डाटा लीक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● कुलसचिव ने जानकीपुरम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, जांच शुरू

**अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की वेबसाइट हैक हो गई है। इसके जरिये मानव संपदा पोर्टल पर अधिकारियों और कर्मचारियों के गोपनीय डाटा अपलोड किए गए थे, जो लीक हो गया है। इसकी पुष्टि होने पर कुलसचिव डॉ. प्रदीप बाजपेयी ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू की गई है।

सीतापुर रोड स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एकेटीयू का घटक महाविद्यालय है। इसके कुलसचिव डॉ. प्रदीप बाजपेयी ने बताया कि उपकुलसचिव राजीव कुमार मिश्र द्वारा प्रदेश सरकार के मानव संपदा पोर्टल पर इंस्टीट्यूट के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों के गोपनीय दस्तावेज अपलोड किए गए। मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड की गई कई अधिकारियों की गोपनीय जानकारी इंस्टीट्यूट से बाहरी लोगों के हाथ लग गई है। यह डाटा वेबसाइट हैक कर लीक किया गया है। इंस्टीट्यूट के अधिकारियों को जानकारी हुई तो आंतरिक जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट में उपकुलसचिव ने गोपनीय डाटा लीक होने की संभावना जाहिर की है। आईईटी के अधिकारियों और कर्मचारियों का गोपनीय डाटा लीक होने के मामले में उपकुलसचिव कार्यालय में तैनात कर्मचारी संदेह के घेरे में हैं।

### फर्जीवाड़ा कर एकेटीयू के खाते से उड़ाये थे 120 करोड़

एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ रुपये की हेराफेरी इसी साल जून में हुई थी। जालसाजों ने एकेटीयू के वित्त अधिकारी और यूनियन बैंक की फर्जी मेल आईडी बनाकर यह फर्जीवाड़ा किया था। इस मामले में 11 लोगों को साइबर क्राइम थाने की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस फर्जीवाड़े के बाद एकेटीयू और उससे संबद्ध संस्थान सतर्क हो गए। इसी कारण डाटा लीक होने की जानकारी होते ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## उप्र. में भी दाना चक्रवात का प्रभाव

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में भी ओडिशा के दाना चक्रवात का प्रभाव देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को इसके कारण प्रयागराज और बलिया जिलों में छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिली। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, दाना चक्रवात के असर से शनिवार को वाराणसी मंडल व विंध्य क्षेत्र में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

## वर्ग पहेली-233

**बाएं से दाएं**

1. 1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना
4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अँगीठी।
5. 1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।
6. 1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।
7. 1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना: इठलाना, लहराना।
8. पैर।
9. 1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।

**ऊपर से नीचे**

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।
3. 1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़जाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।
4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 3 | ■ |
| ■ | | ■ | 4 | | |
| 5 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | ■ | 7 | | ■ | ■ |
| 8 | | ■ | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली-232 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ठ | | 2 फ | | 3 चि |
| | ह | | ल | | न |
| 4 नि | र | नु | ना | सि | क |
| | ना | | फू | | |
| | | 5 फ | ल | ही | न |
| 6 नि | खो | ट | ना | | |
| | | ना | | 7 पै | रा |

## सुडोकू-146

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | 8 | | | 6 |
| | | 1 | 2 | 4 | | | | 3 |
| | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 9 | 3 | | 6 | | | 8 | |
| 4 | | 5 | | | | 6 | | 1 |
| | 8 | | | 7 | | 3 | 2 | |
| | | 8 | | 2 | | 9 | | |
| 6 | | | | 5 | 3 | 4 | | |
| 5 | | | 6 | | 1 | | | |

### सुडोकू - 145 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 9 |
| 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 7 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 27 अक्टूबर 05.23 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-हेमंत।

चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेशा 09.46 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** - आज आप सकारात्मक और अध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। परिजन आपका उत्साहवर्धन करेंगे। साहित्य के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद मिलेगा।

**वृष** - आज कार्यक्षेत्र और परिवार दोनों की जगह का वातावरण अच्छा रहेगा। धन की समस्या का निवारण होगा। बच्चे पढ़ाई में व्यस्त रहेंगे। निर्णय लेते समय सिर्फ दिमाग ही नहीं बल्कि दिल की भी सुनें। नई परिस्थितियों के लिये स्वयं को तैयार रखें।

**मिथुन** - आज जीवनसाथी आपको अच्छी सलाह दे सकते हैं। इससे आप तनावरहित महसूस करेंगे। बेरोजगारों को आय के स्थाई स्रोत मिलने के योग बन रहे हैं। नई परियोजनाओं पर निवेश काफी लाभप्रद सिद्ध होगा।

**कर्क** - आज किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। लक्ष्य के लिए आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। संतान से शुभ और अनुकूल परिणाम आपको मिल सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। पेट के रोगियों को परेशानी हो सकती है।

**सिंह** - आज आपके दृष्टिकोण में कुछ बदलाव उत्पन्न होगा। पुराने कर्जों को चुकाने के लिए समय बहुत अच्छा है। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। दांपत्य संबंधों की कड़वाहट कम हो सकती है। व्यवसाय में काम की अधिकता के बाद भी काफी आनन्दित रहेंगे।

**कन्या** - आज स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहना चाहिये। दूसरों के प्रति आपके मन में ईर्ष्या की भावना पनप सकती है। व्यर्थ के वाद-विवादों से दूर रहें। कुछ लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। खर्च अधिक होने से आपको बचत करने में परेशानी होगी।

**तुला** - आज कोई रुका हुआ सरकारी काम शुरू हो सकता है। धार्मिक अनुष्ठान की योजना बना सकते हैं। बॉस की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। नए प्रेम संबंध शुरू होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों को करियर में शानदार सफलता मिलेगी। अपने अधिकारों का प्रयोग सावधानी रखें।

**वृश्चिक** - आज नई योजनाओं को शुरू कर सकते हैं। स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। घर के लोगों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। पहले किए गए निवेश से लाभ मिलेगा। आपके मनोबल और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**धनु** - आज परिवार के प्रति आपका रवैया उदार होगा। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपको जीवनसाथी से उपहार मिल सकते हैं। मित्र आपकी प्रशंसा करेंगे। ऑफिस में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। युवा लोगों को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

**मकर** - आज अपने नजदीकी लोगों द्वारा धोखा मिल सकता है। निजी समस्याओं का समाधान मिलेगा। कुछ लोग आपकी उदारता का गलत फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। कुछ महत्वपूर्ण काम अधूरे छूट सकते हैं। पुरानी नकारात्मक बातें आपको प्रभावित कर सकती हैं।

**कुंभ** - आज व्यवसाय में आपको उत्तम धन लाभ की प्राप्ति होगी। बुद्धिमत्ता से समस्या का समाधान मिल जायेगा। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक रिश्तों को अच्छी तरह निभायेंगे। व्यापार में नये साझेदार जुड़ सकते हैं।

**मीन** - आज कारोबार में आपको भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। बिना सोचे-समझे अपनी बात किसी से न कहें। आपको माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। मांगलिक योजनाओं पर धन खर्च करेंगे। महिलाओं को कब्ज की समस्या हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- याराना - सुबह : 08.26
- कर्तव्य - रात : 07.02

&pictures
- अरविंद समेथा - सुबह : 08.02
- कृष - शाम : 04.20

Sony Pix
- लंदन हेज फॉलेन - सुबह : 11.28
- टैक्सी ड्राइवर - शाम : 06.59

Zee Cinema
- घायल - सुबह : 07.40
- तेरी भाभी है पागल - रात : 07.55

Zee Action
- मिलिट्री राज - सुबह : 08.12
- सूर्या द सोल्जर - रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सहेली- मैं तो लुट गई, बर्बाद हो गई
पिंकी- क्यों पति में पिटाई की क्या?
सहेली- मेरे पति का ऑफिस में एक लड़की से चक्कर चल रहा है
पिंकी- तुमको कैसे पता
सहेली- मेरे बॉयफ्रेंड ने कल उनको एक लड़की के साथ देखा था।

लड़की- सुन जानू, गूगल मेल होता है या फीमेल...
लड़का- बेबी फीमेल होता है...
लड़की- क्यों..
लड़का- क्योंकि अपना सेंटेन्स पूरा होने से पहले ही वो उसका सजेशन देना शुरू कर देता है।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2460, राज श्री 1800, फ़ॉर्चून कि. 2215, रविन्द्रा 2360, फॉर्चुन ली. 2035, जय जवान 1975, सचिन 2070, सूरज 2000, अवसर 2080, राग गोल्ड 2185, गृहणी ली 2050, क्लासिक (किलो) 2175, मोर 2170, चक्र टिन 2230, ब्लू 2220, आशीर्वाद मस्टर्ड 2220, स्वास्तिक 2430 । किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 .चावल–(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 11200, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11700, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16000 । चीनी–डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 80500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 79500 |
| सिल्वर (पक्की) | 970 (अनुमानित) |

# रोजगार का सृजन सबसे बड़ा वैश्विक मुद्दा : सीतारमण

## विश्व बैंक से कौशल क्षेत्रों की पहचान करने में सहयोग का आह्वान

वाशिंगटन, एजेंसी




● बोलीं- विश्व बैंक ने क्षेत्रीय रुझानों तथा रोजगार पर उनके संभावित प्रभाव का किया है अध्ययन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार सृजन को सबसे बड़ा वैश्विक मुद्दा बताते हुए विश्व बैंक से रोजगार सृजन करने वाले उच्च प्राथमिकता के कौशल क्षेत्रों की पहचान करने के लिए देशों के साथ सहयोग का आह्वान किया। विश्व बैंक को भविष्य की रणनीतिक दिशा कैसे तय करनी चाहिए तथा ग्राहकों को उभरते मेगाट्रेंड के साथ तालमेल रखने के लिए नौकरियों के सृजन में कैसे मदद करनी चाहिए विषय पर सीतारमण ने अपनी बात रखीं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर ये जानकारी दी।

सीतारमण ने जोर दिया कि निरंतर आर्थिक चुनौतियों और तेजी से हो रहे प्रौद्योगिकी बदलावों को देखते हुए नौकरियां सबसे बड़ी वैश्विक समस्या बनी हैं, जो युवाओं के लिए नौकरी बाजार में प्रवेश करने के लिए आवश्यक कौशल को पुनर्परिभाषित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने क्षेत्रीय रुझानों तथा रोजगार पर उनके संभावित प्रभाव पर कई अध्ययन किए हैं। वित्त मंत्री ने विश्व बैंक से आग्रह किया कि वह डेटा, विश्लेषण पर कौशल क्षेत्रों की पहचान करने में देशों के साथ सहयोग करे, जिसमें रोजगार सृजन, कौशल मिलान और श्रम बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

### ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर से द्विपक्षीय वार्ता

वाशिंगटन। वित्त मंत्री ने ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स से द्विपक्षीय बैठक की। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों से इतर दोनों नेताओं ने मुलाकात की। सीतारमण ने रीव्स के पहले बजट के लिए उन्हें बधाई दी, जो चुनाव के बाद अगले सप्ताह पेश होने जा रहा है।

# इक्विटी फंड्स : निवेशकों के लिए एक स्मार्ट विकल्प

इक्विटी फंड्स म्यूचुअल फंड्स का एक प्रकार हैं, जो मुख्यत: शेयर बाजार में निवेश करते हैं। ये उच्च रिटर्न की संभावना प्रदान करते हैं, लेकिन इसके साथ ही जोखिम भी लेकर आते हैं। निवेशकों को विभिन्न श्रेणियों जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और सेक्टोरियल फंड्स में से चयन करने का अवसर मिलता है। लंबी अवधि के लिए, इक्विटी फंड्स में निवेश करना समझदारी भरा कदम हो सकता है, यदि आप बाजार की अस्थिरता को सहन कर सकते हैं। इस लेख में हम इक्विटी फंड्स के विभिन्न पहलुओं की चर्चा करेंगे।



### इक्विटी फंड्स क्या हैं?

इक्विटी फंड्स प्रकार के म्यूचुअल फंड होते हैं जो मुख्यत: शेयरों (इक्विटीज) में निवेश करते हैं। ये फंड्स उन निवेशकों के लिए होते हैं जो अपने निवेश से उच्च रिटर्न की अपेक्षा रखते हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्हें शेयर बाजार की अस्थिरता से उच्च जोखिम भी सहन करना पड़ता है।

### इक्विटी फंड्स की पहचान

- निवेश का प्रकार : ये फंड्स शेयरों में निवेश करते हैं, इसलिए इनकी रिटर्न भी शेयर बाजार की स्थिति पर निर्भर करती है।
- लॉन्ग टर्म : आमतौर पर, ये फंड्स लॉन्ग टर्म निवेश के लिए बेहतर होते हैं।
- श्रेणियां : इनमें विभिन्न प्रकार के फंड्स शामिल होते हैं, जैसे कि लार्ज कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप, सेक्टोरियल और इंडेक्स फंड्स।

### कैसे करें निवेश

- **फंड का चयन :** अपने निवेश उद्देश्यों के अनुसार एक उचित इक्विटी फंड का चयन करें, जिसमें आप निवेश कर सकें।
- **खाता खोलें :** म्यूचुअल फंड में निवेश करने के लिए आपको एक निवेश खाता या डिमेट खाता खोलना होगा।
- **केवाईसी प्रक्रिया :** (अपने ग्राहक को जाने) डिमेट खाता खोलने से पहले केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करें।
- **निवेश राशि तय करें :** तय करें कि आप एकमुश्त निवेश करना चाहते हैं या एसआईपी (सिस्टमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान) से।
- **निवेश करें :** अपने द्वारा चयनित किए गए फंड में ऑनलाइन या ऑफलाइन निवेश करें।

### जोखिम से रहे सावधान

- **मार्केट :** शेयर बाजार की अस्थिरता के कारण मूल्य में उतार–चढ़ाव होता रहता है, जिसको लेकर सचेत रहने की जरूरत है।
- **लिक्विडिटी :** कुछ फंड्स में निवेश के समय निकासी में कठिनाई होती है।
- **फंड मैनेजर :** फंड के प्रबंधन का भी प्रदर्शन निर्भर करता है, अगर मैनेजर का निर्णय गलत हो तो रिटर्न प्रभावित हो सकता है।

# यूरोपीय संघ दुग्ध क्षेत्र खोलने पर जोर देता है, तो समझौता नहीं होगा : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



● एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस के 18वें सम्मेलन को मंत्री ने किया संबोधित

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में तेजी लाने के लिए आपसी संवेदनशीलता को समझने तथा उसका सम्मान करने पर शुक्रवार को जोर दिया। उन्होंने साथ ही स्पष्ट किया कि यदि यूरोपीय संघ दुग्ध क्षेत्र को खोलने पर जोर देता है तो कोई समझौता नहीं होगा।

एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस के 18वें सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि श्रम तथा जलवायु परिवर्तन जैसे बाह्य मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक-दूसरे की संवेदनशीलता को समझना होगा, सुनना होगा और उसकी सराहना करनी होगी। गोयल ने कहा कि आप (ईयू) 27 देश हैं, जिनकी अलग-अलग प्राथमिकताएं हैं। भारत में 27 राज्य हैं।

# आय असमानता में 74 प्रतिशत की कमी : एसबीआई

● असमानता की स्थिति बिगड़ने के बहुप्रचारित मिथक को स्पष्ट करने के लिए पेश की शोध रिपोर्ट

नई दिल्ली। पांच लाख तक की सालाना आमदनी वाले लोगों के लिए आय असमानता 2013-14 और 2022-23 के बीच 74.2% तक घट गई है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई। भारत में असमानता की स्थिति बिगड़ने के बहुप्रचारित मिथक को स्पष्ट करने के लिए एसबीआई के आर्थिक विभाग की शोध रिपोर्ट ने आकलन वर्ष 2014-15 और 2023-24 के आय असमानता प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया है। रिपोर्ट के मुताबिक कर आकलन 2014-15 और 2023-24 के दौरान आय असमानता के अध्ययन से पता चलता है कि आय वितरण वक्र में स्पष्ट रूप से दाईं ओर झुकाव हुआ है। इसका मतलब है कि निम्न आय वर्ग के लोग आबादी में अपनी हिस्सेदारी के अनुपात में अपनी आय को भी बढ़ा रहे हैं।

# पांचवें दिन सेंसेक्स 663 अंक टूटा

● निफ्टी में भी आई बड़ी गिरावट 24,200 के नीचे पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का क्रम पांचवे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स 663 अंक गिरकर 80,000 के नीचे आ गया जबकि निफ्टी 24,200 के नीचे फिसल गया। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी पूंजी निकासी और कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीदों के अनुरूप न होने से बिकवाली का दबाव गिरावट की वजह रहे।

इस पूरे सप्ताह सभी पांचों दिन बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 1,822.46 अंक यानी 2.24% और निफ्टी में 673.25 अंक यानी 2.70% की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार बिकवाली से गिरावट पर हैं। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों के खरीदारी से दबाव कम रहा।

### निवेशकों की संपत्ति 6.80 लाख करोड़ घटी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में गिरावट से शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति 6.80 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,80,383.26 करोड़ रुपये घटकर 4,36,98,921.66 करोड़ रुपये (5.20 लाख करोड़ डॉलर) पर रहा।

# मुद्रा योजना के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर की 20 लाख

● वित्त मंत्रालय ने कहा- वृद्धि से योजना के उद्देश्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं

नई दिल्ली। सरकार ने देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर 20 लाख रुपये कर दी है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, इस वृद्धि से हम मुद्रा योजना के समग्र उद्देश्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा था कि पीएमएमवाई के तहत सीमा मौजूदा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जाएगी। जिन्होंने तरुण श्रेणी के तहत पहले कर्ज लिया और उसे चुकाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आठ अप्रैल 2015 को पीएमएमवाई पेश की थी। इसका उद्देश्य गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को आय-उत्पादक गतिविधियों के लिए 10 लाख तक का आसान जमानत-मुक्त सूक्ष्म ऋण देना है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### पूर्व एडीएम की मौत की जांच को एसआईटी गठित

कन्नूर। केरल पुलिस ने कन्नूर के पूर्व एडीएम नवीन बाबू की आत्महत्या की जांच को शुक्रवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। नवीन की मौत से केरल में राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने राज्य सरकार और सत्तारूढ़ माकपा पर नवीन की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच के लिए कन्नूर के जिला पुलिस प्रमुख अजीत कुमार की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया है।

### सुकमा मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, कई घायल

सुकमा (बस्तर)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के बुर्कलंका इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों में जारी मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया जबकि कई घायल हैं। एसपी किरण चौहान ने बताया कि मौके से हथियार और शव बरामद हुआ है। उन्होंने दावा किया कि इस मुठभेड़ में कई अन्य नक्सलियों को गोली लगी है। सुबह से ही रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है।

### आबकारी मामला : व्यवसायी ढल को मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार में व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल को शुक्रवार को जमानत देते हुए कहा कि वह एक वर्ष से अधिक समय से जेल में हैं और मुकदमा जल्द समाप्त होने की संभावना नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि सीबीआई को 300 गवाहों से पूछताछ करनी है और सुनवाई अभी शुरू नहीं हुई है।

### सिद्दीकी हत्याकांड : लुधियाना से एक और गिरफ्तारी

मुंबई। पुलिस ने राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में लुधियाना से एक और गिरफ्तारी हुई है। मामले में पुलिस अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुजीत सुशील सिंह (32) को मुंबई पुलिस ने पंजाब शहर से गिरफ्तार किया और उसे महानगर लाया जा रहा है।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मार की आत्महत्या

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुरक्षा कर्मियों की आए दिन आत्महत्या ने सरकार के सामने भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि जवान ड्यूटी पर था, तभी उसने खुद को गोली मार ली।

# चक्रवात दाना से बंगाल में नहीं हुई ज्यादा तबाही

## तूफान के गुजरने के बाद भी सरकार हाई अलर्ट पर, अम्फान-बुलबुल ने मचाई थी भारी तबाही

कोलकाता, एजेंसी



चक्रवात के कारण हुई बारिश के बाद कोलकाता में सड़कों पर भरा पानी।

इस बार भीषण चक्रवात दाना से पश्चिम बंगाल में अम्फान और बुलबुल जैसे पिछले तूफानों जैसी बड़े पैमाने पर तबाही तो नहीं हुई लेकिन उसके कारण तटबंध टूट गए और मूसलाधार बारिश हुई, जिससे दक्षिणी क्षेत्रों में संपत्ति का काफी नुकसान हुआ और शुक्रवार सुबह तूफान के गुजर जाने के बाद भी प्रशासन हाई अलर्ट' पर रहा।

प्रशासनिक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि तूफान के बाद व्यक्ति की मौत हो गई, हालांकि प्रशासन ने निचले इलाकों से 2.16 लाख लोगों को पहले ही निकाल लिया था। बनर्जी ने स्थिति पर नजर रखने के लिए रात राज्य सचिवालय में बिताया और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि चक्रवात से प्रभावित सभी लोगों तक राहत सामग्री पहुंचे। बनर्जी ने कहा, व्यक्ति की घर पर केबल से संबंधित कुछ काम करते समय मौत हो गयी। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ 48 घंटे तक तैनाती क्षेत्रों में रहें। पूर्वी मेदिनीपुर में 350-400 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए, साथ ही 250 पेड़ उखड़ गए और बिजली के 175 खंभे गिर गए। दक्षिण 24 परगना में समुद्री पानी की वजह से मिट्टी के तटबंध टूट गए हैं।

### ओडिशा में लोगों ने राहत की सांस ली

केंद्रपाड़ा। ओडिशा का तटीय जिला केंद्रपाड़ा शुक्रवार को भीषण चक्रवाती तूफान से ज्यादा प्रभावित होने से बच गया, जिससे यहां के लोगों ने राहत की सांस ली। केंद्रपाड़ा के जिलाधिकारी स्मृति रंजन प्रधान ने कहा, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### झारखंड में बारिश

रांची। तूफान के प्रभाव से शुक्रवार को झारखंड के कुछ हिस्सों में बारिश हुई। झारखंड के कोल्हान क्षेत्र में पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिलों में गुरुवार रात से हल्की से मध्यम बारिश हो रही है, जबकि अन्य हिस्सों में बादल छाए हुए हैं और रुक–रुक कर बूंदाबांदी हो रही है।

# बंटवारे का बदला ले रहा पाकिस्तान : फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बारामूला आतंकी हमले के लिए सीधे पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए शुक्रवार को कहा पड़ोसी देश बटवारे के समय उसके साथ न जाने का हमसे बदला ले रहा है। डॉ अब्दुल्ला ने पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले कराने से बाज आने की अपील करते हुए कहा कि उसे पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का भान होना चाहिए, जो वहां बर्बादी का कारण बना है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने 30 वर्षों से कश्मीर में आतंकी हमले होते देखे हैं, ये अब भी हो रहे हैं। राज्यपाल के शासन के दौरान भी हो रहे थे और अब भी हो रहे हैं।

# हरियाणा विधानसभा : सैनी सहित मंत्रिपरिषद ने दोबारा ली शपथ

चंडीगढ़, एजेंसी



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष का कार्यभार संभालने पर हरविंदर कल्याण का अभिनंदन करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

17अक्टूबर को शपथ लेने के बाद हरियाण के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन के पहले दिन मंत्रिपरिषद के सदस्यों और मंत्रियों के साथ दोबारा शपथ ली। इस दौरान भाजपा विधायक हरविंदर कल्याण शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष और कृष्ण लाल मिड्ढा को उपाध्यक्ष चुना गया।

कल्याण घरौंडा से तीन बार के विधायक हैं। प्रोटेम स्पीकर एवं कांग्रेस नेता रघुवीर सिंह कादियान ने 90 सदस्यीय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। कल्याण के अध्यक्ष पद संभालने पर मुख्यमंत्री सहित भूपेंद्र सिंह हुड्डा, आदित्य देवी लाल व अर्जुन चौटाला ने बधाई दी। वहीं सैनी और अन्य विधायकों ने 15वीं विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। मंत्रिपरिषद के सदस्य अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, अरविंद शर्मा और श्याम सिंह राणा को प्रोटेम स्पीकर ने शपथ ली। मंत्रियों में रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी, आरती सिंह राव, राजेश नागर और गौरव गौतम को शपथ दिलायी गयी।

### मानहानि : संजय राउत को मिली जमानत

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत को सत्र अदालत ने शुक्रवार को जमानत दे दी। उन्होंने भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया की ओर से दायर मानहानि के मामले में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती दी थी। राउत ने दोषसिद्धि और मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा दी गई 15 दिन की जेल की सजा के खिलाफ सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की है। राज्यसभा सदस्य शुक्रवार को अदालत में पेश हुए और जमानत दिये जाने का अनुरोध किया। अदालत ने उन्हें 50,000 रुपये के बॉण्ड पर जमानत दी।

### केरलः विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप, एलडीएफ का इनकार

तिरुवनंतपुरम। केरल में प्रकाशित खबरों ने राजनीतिक विवाद पैदा कर दिया है, जिसके तहत शरद पवार नीत राकांपा (एसपी) के विधायक ने दो विधायकों को अजित पवार नीत राकांपा में शामिल होने के बदले 50-50 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। अजित पवार नीत राकांपा इस समय भाजपा के साथ गठबंधन में हैं। केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने आरोपों से इनकार किया है और कहा कि मामले की जांच होगी। राज्य मंत्री के कृष्णाकुट्टी (जदएस), एके शशिद्रन (राकांपा) और केबी गणेश कुमार (कांग्रेस बी) ने ऐसे किसी घटना से इनकार किया है। भाकपा के राज्य सचिव विनय विश्वम ने कहा कि इन आरोपों की जांच होगी। प्रकाशित खबरों के अनुसार मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राकांपा (एसपी) विधायक थॉमस को मंत्रिमंडल में नहीं लिया क्योंकि उन्हें शिकायत मिली थी कि थॉमस ने एलडीएफ के दो विधायकों को पाला बदलने के लिए 50-50 करोड़ देने की पेशकश की थी।

# सीईसी ने की महाराष्ट्र के लिए प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

● शेष 33 सीट आपस में तथा छोटे दलों में बांटने पर कर रहे विचार

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर शुक्रवार को चर्चा की। पार्टी मुख्यालय में सीईसी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी रमेश चेन्निथला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नाना पटोले और महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस ने गुरुवार को 48 नामों की पहली सूची जारी की थी। कई दिनों के गतिरोध के बाद, महा विकास आघाडी (एमवीए) की ओर से 85-85 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की गई थी, जबकि अंतिम समझौते पर मुहर लगाने के लिए विचार-विमर्श जारी है। तीनों दल शेष 33 सीट आपस में तथा छोटे दलों में बांटने पर विचार कर रहे हैं। शिवसेना नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को संकेत दिया था कि एमवीए के सहयोगी दल आपस में कुछ सीट की अदला-बदली कर सकते हैं।

### बढ़ती महंगाई ने लोगों से दुकान मकान और स्वाभिमान छीना

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि घटती आमदनी और बढ़ती महंगाई ने लोगों से दुकान, मकान और स्वाभिमान तक छीन लिया। राहुल गांधी ने दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में सैलून पर दाढ़ी कटवाई। उन्होंने सैलून के मालिक अजीत के साथ बातचीत का संक्षिप्त एक्स पर साझा किया। राहुल ने कहा कि कुछ नहीं बचता है! अजीत भाई के ये चार शब्द और उनके आंसू आज भारत के हर गरीब और मध्यमवर्गीय की कहानी बयां कर रहे हैं। नाई, मोची, कुम्हार, बढ़ई घटती आमदनी और बढ़ती महंगाई ने कामगारों से दुकान, मकान और स्वाभिमान तक के अरमान छीन लिए हैं। आज की ज़रूरत है ऐसे उपाय और योजनाएं, जो आमदनी में बढ़त और घरों में बचत लाएं।



### मधु कोड़ा की दोषसिद्धि पर रोक वाली याचिका न्यायालय ने की खारिज

कोयला घोटाला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कोयला घोटाला मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध किया था ताकि वह विधानसभा चुनाव लड़ सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के 18 अक्टूबर के आदेश में हस्तक्षेप से मना कर दिया, जिसमें उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार किया गया था। उनकी दोषसिद्धि से संबंधित आदेश 2017 में जारी हुआ था।

### गुजरात विस उपचुनाव : भाजपा और कांग्रेस ने उतारे उम्मीदवार

बनासकांठा। गुजरात के बनासकांठा जिले की वाव विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार घोषित किए। कांग्रेस ने गुलाब सिंह राजपूत को, जबकि भाजपा ने स्वरूपजी सरदारजी ठाकोर को उम्मीदवार बनाया है। घोषणा के बाद राजपूत और ठाकोर ने नामांकन किए। उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान व 23 को मतगणना होगी। इंडिया गठबंधन में शामिल आप ने कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की है। जून में बनासकांठा से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने पर तत्कालीन कांग्रेस विधायक गेनीबेन ठाकोर के इस्तीफे के बाद वाव सीट रिक्त हुई है।

# पति के साथ पिकनिक पर गई महिला से सामूहिक दुष्कर्म

रीवा, एजेंसी

● पुलिस ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो अन्य फरार

मध्यप्रदेश के रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र स्थित भैरव बाबा क्षेत्र में पति के साथ पिकनिक पर गई महिला से सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। 21 अक्टूबर को नवदंपति पिकनिक मनाने के लिए भैरव बाबा क्षेत्र में गया था। वहां पहले से मौजूद बदमाशों ने पति को बंधक बनाकर पत्नी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के आरोपियों ने पुलिस से शिकायत नहीं करने की धमकी दी थी। आरोपियों ने महिला का वीडियो भी बनाया था, जिसे वायरल करने की धमकी दे रहे थे। घटना के एक दिन बाद नवदंपति थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने इस मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### उज्जैन में एसयूवी व तेल टैंकर भिड़े, चार की मौत

उज्जैन। मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में शुक्रवार को एसयूवी और तेल टैंकर की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। खाचरौद पुलिस थाने के अधिकारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि एसयूवी सवार तीर्थयात्रा के बाद राजस्थान के अजमेर से इंदौर लौट रहे थे तभी हादसा हुआ। यह घटना जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर जावरा-नागदा रोड पर बेडावन्या गांव के पास हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। घायलों को उपचार के लिए इंदौर ले जाया गया।

# मुस्लिम पूजा स्थलों के अवैध ध्वस्तीकरण पर यथास्थिति का आदेश देने से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के गिर सोमनाथ में मुस्लिम पूजा स्थलों और अन्य संरचनाओं के कथित अवैध ध्वस्तीकरण पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और के वी विश्वनाथन की पीठ यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में थी। सुनवाई आगे बढ़ने पर पीठ ने कहा कि इस स्तर पर ऐसे किसी आदेश की जरूरत नहीं है। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शुरुआत में कहा कि ये संपत्तियां वक्फ की जमीन पर हैं और राज्य को निर्देश देना चाहिए कि वह तीसरे पक्ष का अधिकार पैदा नहीं करे। गुजरात सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता औलिया-ए-दीन कमेटी के नाम पर कुछ भी नहीं है और यह सरकारी जमीन है।

### जहां ध्वस्तीकरण हुआ है, वह हमारे कब्जे में रहेगी: राज्य सरकार

नई दिल्ली। गुजरात सरकार ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि गिर सोमनाथ में जिस भूमि पर मुस्लिम धार्मिक ढांचों को ढहाया गया है, वह उसके पास ही रहेगी और किसी तीसरे पक्ष को आवंटित नहीं की जाएगी।

# जोहोर कप : भारत-न्यूजीलैंड ने खेला ड्रॉ

**जोहोर बाहरू (मलेशिया), एजेंसी**

न्यूजीलैंड के खिलाफ सुल्तान जोहोर कप में शुक्रवार को खेले गए राउंड रॉबिन मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 से ड्रॉ खेला। गुरजोत सिंह (छठा मिनट), रोहित (17वां) और टी प्रियब्रत (60वां) ने भारत के लिए गोल किये जबकि ड्रैग फ्लिकर जोंटी एल्मेस (17वां, 32वां और 45वां मिनट) ने न्यूजीलैंड के लिए हैट्रिक लगाई। भारत अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

फाइनल में पहुंचने पर फैसला ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के क्रमशः जापान और मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैचों के आधार पर होगा। भारत ने दमदार शुरूआत की और छठे ही मिनट में गुरजोत ने गोल किया। दो मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। इस बीच न्यूजीलैंड ने पलटवार पर हमले किए लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। न्यूजीलैंड के लिए पहला गोल 17वें मिनट में एल्मेस ने दागा। भारत ने इसी मिनट में रोहित के गोल के दम पर फिर बढत बना ली। भारत ने दूसरे क्वार्टर में कई पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन सफलता नहीं मिली। न्यूजीलैंड के लिए तीसरे क्वार्टर में एल्मेस ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। उन्होंने ही 45वें मिनट में एक और गोल करके न्यूजीलैंड की बढत 3-2 की कर दी। भारत ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका गंवाया। भारत को आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर वैरिएशन आजमाया गया और प्रियब्रत ने गोल दागा।




● सुल्तान जोहोर कप में अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर भारतीय टीम

मैच के दौरान अपने गोलपोस्ट पर तैनात भारतीय टीम। ● एजेंसी

## स्पाइस कोस्ट मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे तेंदुलकर

**कोच्चि।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां स्पाइस कोस्ट मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे जिसमें 8,000 से अधिक धावक भाग लेंगे।



स्पर्धा में तीन वर्ग फुल मैराथन (42.2 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर) और फन रन (पांच किलोमीटर) होंगे। फुल मैराथन के लिए 600 प्रविष्टियां मिली हैं। तेंदुलकर ने कहा एजियास फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन की मेरे दिल में खास जगह है। मैंने हमेशा से भारत के खेल राष्ट्र बनने का सपना देखा है जिसमें युवा और बुजुर्ग खेलकूद में बढ़-चढकर हिस्सा लें और इस तरह के आयोजन की सफलता इसी की बानगी देती है।

# विश्व चैंपियनशिप से हटने के बाद पहलवानों ने खेल मंत्री से लगाई गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के उसके कामकाज में सरकारी हस्तक्षेप का हवाला देकर आगामी विश्व चैंपियनशिप से हटने के फैसले से प्रभावित पहलवानों ने शुक्रवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया से इस मामले को सुलझाने की मांग की।

डब्ल्यूएफआई के फैसले से प्रभावित 12 पहलवान मंत्री के आवास पर पहुंचे और उनसे हस्तक्षेप करने के लिए कहा। इनमें से कुछ पहलवानों के माता-पिता भी उनके साथ थे।



● पहलवानों ने अदालत जाने में कर दी देरी, बोले- विश्वास है मांडविया हमारी बात सुनेंगे

12 गैर ओलंपिक वर्ग की विश्व चैंपियनशिप 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में होनी है। अब जबकि इस प्रतियोगिता के शुरू होने में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं तब पहलवानों ने अदालत में याचिका भी दायर करने की कोशिश की लेकिन उन्हें वहां पहुंचने में देर हो गई।

मनीषा भानवाला (65 किग्रा) ने कहा हम खेल मंत्री के आवास पर आए हैं। हमें विश्वास है कि वह हमारी बात को सुनेंगे। हमारी क्या गलती है जो हमें इतनी बड़ी प्रतियोगिता में खेलने से वंचित किया जा रहा है। डब्ल्यूएफआई ने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया था। उसने कुश्ती की विश्व संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को बताया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है।

## खेल डायरी

### वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने एक रन जोड़ कर गवांए आठ विकेट

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)।** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम तस्मानिया के खिलाफ हुए मुकाबले में मात्र एक रन जोड़ने के साथ ही अपने आठ विकेट गवां कर विकेटों के पतन का नया रिकार्ड बना दिया है। वाका के मैदान पर खेले गए इस मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम 20.1 में मात्र 53 रन बना कर ऑलआउट हो गई। तस्मानिया की ओर से बो वेबस्टर ने अपने छह ओवर के स्पेल में 17 रन देकर छह विकेट लिए, वहीं वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के छह बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने एक समय 16 ओवर में 52 रन पर दो विकेट गंवाए थे, लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह ऐतिहासिक था। 28 गेंदों के अंदर वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट खो दिए। इस दौरान मात्र एक रन बना वह भी वाइड के जरिए आया। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया 53 रनों पर ऑल आउट हो गई और बल्लेबाजी क्रम में 5, 6, 7, 8,



9, 10 और 11 नंबर के बल्लेबाजों में से कोई भी रन नहीं बना सका। इसके जवाब में तस्मानिया ने इस छोटे लक्ष्य को मात्र 8.3 ओवरों में हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण बोनस अंक भी हासिल किया। यह एकदिवसीय कप के इतिहास में दूसरा सबसे छोटा स्कोर था। इससे पहले वर्ष 2003 में होबार्ट में तस्मानिया के खिलाफ ही साउथ ऑस्ट्रेलिया 51 रन बना कर ऑलआउट हो गई थी।

### खो-खो विश्व कप में अमेरिका सहित 24 देश लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और अमेरिका समेत 24 देश यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम पर 13 से 19 जनवरी तक होने वाले खोखो विश्व कप में भाग लेंगे। चैंपियनशिप में अफ्रीका के घाना, कीनिया, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा जैसे देश होंगे तो एशिया से भारत, बांग्लादेश, भूटान, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका नजर आएंगे। यूरोप से इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और पोलैंड जबकि उत्तरी अमेरिका से कनाडा और अमेरिका, दक्षिण अमेरिका से ब्राजील और पेरू, ओशियाना से ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड खेलेंगे। टूर्नामेंट महिला और पुरूष वर्ग में होगा और दोनों में 16-16 टीमें भाग लेंगी। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा इस ऐतिहासिक चैंपियनशिप से खो-खो घरेलू खेल से वैश्विक बन जाएगा। भारत इस क्रांति का अगुआ होगा और वैश्विक खेलों के इकोसिस्टम में खो-खो को जगह दिलाने के लिए यह विश्व कप अहम रहेगा।

### लिम-श्मिट ने मुखर्जी और बालू की जोड़ी को हराया

**नई दिल्ली।** सारा जेन लिम और एमिलिया श्मिट ने डीएलटीए स्टेडियम में पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैंपियनशिप के दूसरे क्वार्टरफाइनल में भारत की अमृता मुखर्जी और शर्मदा बालू को 11-1, 11-2 से पराजित किया। लिम और श्मिट की जोड़ी ने शुरू से दबदबा बनाते हुए जीत दर्ज की। उनकी तकनीकी श्रेष्ठता और स्मैश का भारतीय जोड़ी के पास कोई जवाब नहीं था। पिकलबॉल विश्व रैंकिंग नयी दिल्ली में पीडब्ल्यूआर विश्व टूर की पीडब्ल्यूआर700 स्पर्धा पर पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स की मेजबानी कर रहा है।

### 50 से अधिक आयु वर्ग के टूर्नामेंट का मेजबान नामीबिया

**विंडहोक (नामीबिया)।** नामीबिया का वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन 50 से अधिक आयु वर्ग के अफ्रीका कप टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। क्रिकेट नामीबिया ने एक बयान जारी टूर्नामेंट के आयोजान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि इस प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट से देश में क्रिकेट की गुणवत्ता में सुधार होगा। राजधानी विंडहोक में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में 17 से 21 नवंबर तक 45 ओवर के आठ मैच खेलेंगे जायेंगे। इस टूर्नामेंट में मेजबान नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका ए टीम हिस्सा लेगी। टूर्नामेंट के सभी मैच एफएनबी नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड, वांडरर्स स्पोर्ट्स क्लब और यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित किए जाएंगे। इस बीच नामीबिया ने 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें डेवी हार्टजेनबर्ग कप्तान और क्रिस फ्रीमैन कोच होंगे।

## सेंटनेर ने झटके सात विकेट, 156 रन ही बना सकी टीम इंडिया, न्यूजीलैंड को 301 रन की बढ़त

# फिरकी में फंसकर ढह गई भारतीय टीम




**पुणे, एजेंसी**

बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी कलई खुल गई और दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने 301 रन की मजबूत बढ़त बना ली। मिचेल सेंटनेर के सात विकेट के बाद टॉम लाथम (86) ने बल्ले से कमाल करते हुए न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 198 रन तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड को पहली पारी में 103 रन की बढ़त मिली थी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर टॉम ब्लंडेल 30 और ग्लेन फिलिप्स सात रन बनाकर खेल रहे थे। भारत के लिये एकमात्र अच्छी बात वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन रही जिन्होंने मैच में 11 विकेट ले लिए हैं।

न्यूजीलैंड की नजरें भारत में ऐतिहासिक श्रृंखला की जीत पर लगी हैं। पहली बार न्यूजीलैंड ने 1955-56 के दौरे पर यहां श्रृंखला जीती थी। भारतीय बल्लेबाजों को इस पिच पर खेलने में दिक्कत आ रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने आराम से खेला। बेंगलुरू में पिछले टेस्ट में घरेलू मैच में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर सिमटने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 36 साल में पहली बार अपने देश में टेस्ट हारी थी। भारत ने इंग्लैंड से 2012-13 सत्र में हारने के बाद अपनी सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला नहीं गंवाई है। भारतीय टीम पहली पारी में 45.3 ओवर में 156 रन पर आउट हो गई। भारत ने सुबह के सत्र में छह विकेट 91 रन के भीतर गंवाए और ऐसा लग रहा था कि इस पिच पर बल्लेबाजी मुश्किल है लेकिन कीवी टीम ने इस धारणा को बदल दिया। कप्तान लाथम ने भारतीय स्पिनरों को आसानी से खेला। वह 133 गेंद में दस चौकों की मदद से 86 रन बनाकर आउट हुए।

भारत के लिये सुंदर ने पहली पारी में सात विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में चार विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनेर ने 53 रन देकर सात विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत के स्टार बल्लेबाज सेंटनेर से मिली चुनौती का सामना नहीं कर सके जिससे न्यूजीलैंड ने मेजबान टीम को पहली पारी में 45.3 ओवर में 156 रन पर आउट करके 103 रन की बढ़त ले ली। बाएं हाथ के स्पिनर सेंटनेर ने 19.3 ओवर में 53 रन देकर सात विकेट लिए जबकि ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स को दो विकेट मिले।



● ऐतिहासिक श्रृंखला जीतने पर टिकी है न्यूजीलैंड की नजर



अर्धशतक के बाद अभिवादन करते टॉम लैथम, विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

### हमें पहली पारी में रन जुटाने की जरूरत : भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्कल

**पुणे।** गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्वीकार किया कि पहली पारी में बल्लेबाजों की रन बनाने में लगातार असफलता टीम को महंगी पड़ रही है जिससे भारत पर 2012-13 के बाद से घरेलू मैदान पर पहली टेस्ट श्रृंखला गंवाने का खतरा मंडरा रहा है। मोर्कल ने मैच के बाद कहा मुझे बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच कभी भी टकराव पसंद नहीं है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में आपको पहली पारी में रन बनाने की जरूरत होती है। अगर हम दबदबा बनाते हैं तो अच्छा रहता है लेकिन हम ऐसा करने में कामयाब नहीं हुए हैं। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप में विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से वे अपनी प्रक्रिया में लगे हैं और वे जानते हैं कि इन चीजों से कैसे निपटना है। मोर्कल ने दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड (पहली पारी) 259/10**

**भारत (पहली पारी) 156/10** (45.3 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का मिचेल बो फिलिप्स | 30 | 60 | 1/4 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 0 | 9 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो सेंटनेर | 30 | 72 | 2/1 |
| विराट कोहली बो सेंटनेर | 1 | 9 | 0/0 |
| ऋषभ पंत बो फिलिप्स | 18 | 19 | 2/0 |
| सरफराज का ओ रोउर्के बो सेंटनेर | 11 | 24 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो सेंटनेर | 38 | 46 | 3/2 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो सेंटनेर | 4 | 5 | 0/0 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 18 | 21 | 2/1 |
| आकाश दीप बो सेंटनेर | 6 | 5 | 0/1 |
| जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो सेंटनेर | 0 | 3 | 0/0 |

अतिरिक्त : 0, गेंदबाजी : साउदी 6-1-18-1, ओ राउर्के 3-2-5-0, पटेल 11-1-54-0, सेंटनेर 19.3-1-53-7, फिलिप्स 6-0-26-2

**न्यूजीलैंड (दूसरी पारी) 198/5** (53 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लैथम पगबाधा बो सुंदर | 86 | 133 | 10/0 |
| डेवोन कोनवे पगबाधा बो सुंदर | 17 | 25 | 2/0 |
| विल यंग पगबाधा बो अश्विन | 23 | 28 | 2/0 |
| रचिन रविंद्र बो सुंदर | 9 | 13 | 1/0 |
| डेरिल मिचेल का जायसवाल बो सुंदर | 18 | 23 | 2/0 |
| टॉम ब्लंडेल नाबाद | 30 | 70 | 2/0 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 9 | 29 | 1/0 |

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : अश्विन 17-1-64-1, सुंदर 19-0-56-4, रविंद्र जडेजा 11-1-50-0, बुमराह 6-1-25-0

**अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर**

## भारतीय फुटबॉल टीम ने तुर्कमेनिस्तान को हराया

**चोनबुरी (थाईलैंड)।** ऋषि सिंह के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर में तुर्कमेनिस्तान को 1-0 से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

ऋषि ने 44वें मिनट में गोल किया जो इस करीबी मुकाबले में आखिर में निर्णायक साबित हुआ। भारत के अब दो मैचों में छह अंक हैं। वह रविवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में मेजबान थाईलैंड का सामना करेगा। भारत ने अपने पहले मैच में ब्रुनेई दारुस्सलाम को 13-0 से हराया था।

# 2018-19 में मिली हार ज्यादा दुखदायी : कमिंस

**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि भारत के हाथों 2018-19 की टेस्ट श्रृंखला में मिली हार 2020-21 में उनकी कप्तानी में मिली हार से अधिक दुखदायी थी। विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था। कोहली और चेतेश्वर पुजारा उस जीत के सूत्रधार रहे थे। वहीं 2020-21 में भारतीय टीम ने श्रृंखला 2 . 1 से जीती।

भारत ने 32 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ गाबा पर हराया। कमिंस ने ग्रेड क्रिकेटर पॉडकास्ट में कहा मुझे लगता है कि 2018-19 की हार सबसे बुरी थी क्योंकि हम हर विभाग में कमतर साबित हुए थे। 2020-21 में तो हमने कड़ी चुनौती दी थी। भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने जा रहे कमिंस ने कहा कि वह हरी भरी पिचों पर भारत का स्वागत करना चाहेंगे। अगर मेरी चले तो मैं हरी भरी पिच बनवाना चाहूंगा लेकिन पिच की तैयारी में मेरी कोई भूमिका नहीं है। डेविड वॉर्नर ने संन्यास का फैसला वापिस लेने का प्रस्ताव रखा है लेकिन कमिंस ने संकेत दिया कि उनकी टीम आगे बढ़ चुकी है। डेव हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। हम बात करेंगे। हम सभी वॉर्नर से प्यार करते हैं लेकिन अब वह रिटायर हो चुका है...सॉरी।



● ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बोले- मेरी चले तो मैं हरी-भरी पिच पर करूंगा भारत का स्वागत

## डेविड वॉर्नर की कप्तानी पर लगा प्रतिबंध हटाया

**सिडनी।** डेविड वॉर्नर की कप्तानी पर लगाया आजीवन प्रतिबंध क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हटा दिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुका यह बल्लेबाज टी-20 बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स की कप्तानी कर सकेगा।

वॉर्नर को 2018 में दक्षिण अफ्रीका में सैंडपेपर विवाद के बाद प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। उनके खेलने पर भी एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था। केपटाउन टेस्ट में गेंद को पीले रेगमाल से घीसते पाये गए गेंदबाज कैमरन बेनक्राफ्ट और स्टीव स्मिथ पर भी पाबंदी लगाई गई थी। तीन सदस्यों की स्वतंत्र समीक्षा समिति ने वॉर्नर पर लगाया प्रतिबंध शुक्रवार को हटा दिया। वॉर्नर इस महीने की शुरूआत में समिति के सामने पेश हुए थे।

## बॉलीवुड हलचल



# द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज हो गया है। 27 फरवरी 2002 की सुबह, गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक भयानक घटना घटी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया और भारत के इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई, जिससे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की जान चली गई, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इस घटना पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बनाई जा रही है। द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में विक्रांत मैसी का एक डायलॉग है जिसमें वे कहते हैं, गोधरा का सच खाके बैठ गए, एक दिन देश का बच्चा-बच्चा जवाब मांगेगा तुमसे। टीजर के आखिर में विक्रांत मैसी का कोर्ट रुम में एक सीन है जिसमें वे कहते हैं, हमारा देश विश्व की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है जज साहब, आज का हिंदुस्तान जवाब देना भी जानता है और सवाल पूछना भी जानता है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होगी।


### द राजा साब के मोशन पोस्टर ने बनाया नया रिकॉर्ड, मिले 8.3 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म द राजा साब के मोशन पोस्टर ने 24 घंटे में 8.3 मिलियन से ज्यादा व्यूज के साथ नया रिकॉर्ड बनाया है। द राजा साब के निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास का एक बेहतरीन मोशन पोस्टर रिलीज किया। सिंहासन पर बैठे एक शाही राजा की पोशाक पहने, हाथ में सिगार लिए, प्रभास एक शक्तिशाली, आभा बिखेरते हैं। मोशन पोस्टर ने सिर्फ 24 घंटे में अविश्वसनीय 8.3 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर लिए। मारुति द्वारा निर्देशित और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित, थमन एस के संगीत के साथ, फिल्म द राजा साब, 10 अप्रैल, 2025 को पांच भाषाओं तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।




### अच्छे सिनेमा को सुलभ कराना चाहता हूं : मनोज बाजपेयी

**मुंबई।** बड़े बजट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों की पृष्ठभूमि में अभिनेता मनोज बाजपेयी का कहना है कि उनका एकमात्र उद्देश्य अच्छे सिनेमा को सभी के लिए सुलभ बनाना है। अभिनेता की हालिया फिल्मों डिस्पैच और द फैबल को मामी फिल्म महोत्सव 2024 में सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं, जिससे उनकी यह धारणा मजबूत हुई कि ऐसी कहानियों को मुख्यधारा की फिल्मों के साथ कामयाबी मिल सकती है। बाजपेयी ने स्वतंत्र फिल्मों के संदर्भ में कहा मेरे लिए, यह सिनेमा है। सिनेमा कला का एक माध्यम है, सिनेमा ध्वनि है, वीएफएक्स है, और बहुत सारे पहलू जुड़ रहे हैं। यह नए पहलू न सिर्फ मनोरंजन के लिए जुड़ रहे है, बल्कि विभिन्न कहानियों की गहराई में उतरकर इसे कुशलता और कलात्मक रूप से पेश करने के लिए भी जुड़ रहे हैं। यदि आप मनोरंजन करना चाहते हैं, तो कलात्मक रूप से मनोरंजन करें। फिल्मों को सुलभ बनाया जाए। जोराम, डिस्पैच और द फैबल ने ऐसा ही किया है। मुझे नहीं पता कि दर्शक थिएटर में आएंगे या नहीं, लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसा हो। आप फिल्में बनाते हैं, यह सोचकर कि लोग उन्हें देखेंगे। सुलभता महत्वपूर्ण है और अधिक से अधिक दर्शकों को अच्छे सिनेमा की ओर आकर्षित करना अहम है। यही मकसद होना चाहिए। मामी फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में, द फैबल को विशेष जूरी पुरस्कार प्रदान किया गया।



# सऊद शकील की शतकीय पारी से पाकिस्तान ने बनाई मैच पर पकड़

**रावपिंडी, एजेंसी**

सऊद शकील (134), साजिद खान (48) और नोमान अली (45) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 344 के स्कोर के साथ ही इंग्लैंड के दूसरी पारी में 24 के स्कोर पर तीन विकेट झटकर मैच पर अपना पकड़ बना ली है।

पाकिस्तान ने आज तीन विकेट पर 73 रन से आगे खेलना शुरु किया। शोएब बशीर ने कप्तान शान मसूद (26) को आउट कर इंग्लैंड को दिन की पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (25) को रेहान अहमद ने पवेलियन भेज दिया। आगा सलमान (1), आमेर जमाल (14) को भी रेहान ने अपना शिकार बनाया। ऐसे संकट के समय नोमान अली (45) ने सऊद शकील के साथ आठवें विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर पाकिस्तान को संकट से उबारने का काम किया। नोमान अली को शोएब बशीर ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए साजिद खान भी पिच पर जमे रहे। गस ऐटकिंसन ने सऊद शकील (134) को आउट किया। साजिद खान (48) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने 344 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 77 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक 24 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। दिन का खेल समाप्त होने के समय जो रूट (पांच) और हैरी ब्रूक (तीन) रन बनाकर क्रीज पर थे। पाकिस्तान की ओर से नोमान अली ने दो और साजिद खान ने एक विकेट लिया।




● दूसरी पारी में इंग्लैंड ने तीन विकेट खोकर बनाए 24 रन, 344 रन पर सिमटी पाकिस्तान की पहली पारी

शतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते सऊद शकील ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### पाकिस्तान में हमला, 10 सुरक्षा कर्मी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की एक चौकी पर हमला कर दिया जिसमें 10 जवान मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि डेरा इस्माइल खान जिले के दाराबान इलाके में जांच चौकी पर गुरुवार को हमले के बाद हुई मुठभेड़ में सुरक्षाकर्मी मारे गए। अधिकारी के अनुसार, हमले के तुरंत बाद जवानों की एक टुकड़ी मौके पर पहुंची और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हमले में 10 जवानों ने अपनी जान गंवा दी।

### मोहम्मदी को छह महीने और कारावास की सजा

**दुबई।** ईरान के अधिकारियों ने जेल में बंद एवं नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित नर्गिस मोहम्मदी को छह महीने और कारावास की सजा सुनाई है। उनके समर्थन में अभियान चला रहे समूह ने यह जानकारी दी।

'फ्री नर्गिस कोअलिशन' ने जारी बयान में बताया कि मोहम्मदी को 19 अक्टूबर को 'अवज्ञा एवं आदेशों का विरोध' करने के आरोप में छह महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। बयान के मुताबिक मोहम्मदी को यह सजा छह अगस्त को इविन कारागार में एक अन्य राजनीतिक महिला कार्यकर्ता को मृत्युदंड की सजा देने के खिलाफ प्रदर्शन करने पर दी गई है।

### अमेरिका ने हैती से अपने 20 कर्मचारियों को निकाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने हैती में बढ़ती हिंसा और गिरोहों की गतिविधियों के बीच से अपने दूतावास के 20 कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया है। सीएनएन ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। प्रसारक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के एक हेलिकॉप्टर पर हैती की राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस के ऊपर हवा में भारी गोलाबारी की गई। इस घटना के बाद से अमेरिकी एयरलाइंस के शहर में परिचालन रोकने की आशंका है।

### मेक्सिको में गिरोह संघर्ष में 16 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य गुएरेरो में गुरुवार को एक गिरोह के बीच हुई झड़प में सोलह लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए निवासियों के पोस्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 4:00 बजे हथियारबंद लोगों का एक समूह कई वाहनों के साथ टेकपैन डी गैलियाना नगर पालिका में घुस गया और शहर पर नियंत्रण करने और टकराव शुरू करने का प्रयास किया।

### पूरे देश में एक ही दिन मतदान कराने की मांग की

**वाशिंगटन।** उद्योगपति से राजनीतिज्ञ बने विवेक रामास्वामी ने समय पूर्व मतदान का विरोध किया और इस व्यवस्था के बजाय पूरे देश में एक ही दिन मतदान कराने और मतदाताओं की पहचान का सत्यापन करने के लिए पहचान पत्र अनिवार्य करने की मांग की है। अमेरिकी प्रांत एरिजोना में एक चुनावी रैली में रामास्वामी ने कहा, मैं आपके साथ ईमानदार रहूंगा। मुझे समय पूर्व मतदान पसंद नहीं है।

# मालदीव ने भारत के साथ पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं पर की चर्चा

माले, एजेंसी

भारत और मालदीव ने पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं को लेकर चर्चा की है। यह घटनाक्रम मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा नई दिल्ली की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा के दौरान भारत को उनके देश के लिए सबसे बड़े पर्यटन स्रोत बाजारों में से एक बताए जाने और यह उम्मीद जताए जाने के कुछ दिन बाद हुआ है कि अधिक भारतीय पर्यटक द्वीपसमूह राष्ट्र के भ्रमण पर आएंगे।

उनकी यात्रा के दौरान, भारत ने 7 अक्टूबर को इस बात पर जोर दिया था कि मालदीव के साथ उसके मैत्रीपूर्ण संबंध जारी रहेंगे क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू ने व्यापक आर्थिक एवं समुद्री सहयोग के लिए एक खाका पेश किया। यह 2023 के अंत और 2024 की शुरुआत में मुश्किल दौर में पहुंचे संबंधों के फिर से सही दिशा की ओर बढ़ने का संकेत है।

### भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर के साथ हुई बैठक

सरकार संचालित पीएसएम मीडिया ने शुक्रवार को कहा कि मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल ने गुरुवार को मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर के साथ लामू एटोल में बारेसधू और गाधू में पर्यटन विकास के अवसरों पर चर्चा की। फैसल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह महावर के साथ लामू एटोल का एक सार्थक दौरा था, जहां दोनों ने पर्यटन निवेश और विकास के लिए रोमांचक संभावनाएं तलाशने पर विमर्श किया। महावर, फैसल और दोनों पक्षों के अन्य अधिकारियों ने सधू और गाधू का दौरा किया।

# भारतीय छात्रों से चार गुना अधिक शुल्क वसूल रहा कनाडा

## शीर्ष राजनयिक संजय वर्मा ने कहा- कनाडा में पढ़ाई के इच्छुक छात्र सोच-समझकर लें फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के शीर्ष राजनयिक का कहना है कि कनाडा में अध्ययन करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों को गंभीरता से सोचना चाहिए, क्योंकि लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद कई छात्र घटिया कॉलेजों में दाखिला ले लेते हैं और उन्हें नौकरी का कोई मौका नहीं मिलता, जिसके परिणामस्वरूप वे अवसादग्रस्त हो जाते हैं और आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होते हैं।

भारत द्वारा कनाडा से वापस बुलाए गए राजनयिक संजय वर्मा ने इस सप्ताह दिये साक्षात्कार में कहा मेरे कार्यकाल के दौरान एक समय ऐसा भी था जब हर सप्ताह कम से कम दो छात्रों के शव बॉडी बैग में रखकर भारत भेजे जाते थे। उन्होंने कहा, असफल होने के बाद अपने माता-पिता का सामना करने के बजाय, वे आत्महत्या कर लेते। खालिस्तानी मुद्दे पर कनाडा के साथ बढ़ते कूटनीतिक विवाद के बीच वर्मा इस महीने की शुरुआत में भारत लौट आए थे। वर्मा ने कहा कि अगर कनाडा के साथ उनके रिश्ते अच्छे होते तब भी वह अभिभावकों को यही सलाह देते। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह अपील खुद एक पिता होने के नाते की है। उन्होंने कहा, क्योंकि सप्ताह में एक बार कक्षा होती है, इसलिए वे (सिर्फ) उतना ही पढ़ेंगे और उनका कौशल विकास भी उसी हिसाब से होगा। इसके बाद, मान लीजिए कि कोई छात्र इंजीनियरिंग की उच्च शिक्षा पूरी कर लेता है तो मैं ऐसा ही मानूंगा कि वह इंजीनियर के क्षेत्र में नौकरी करेगा। लेकिन आप देखेंगे कि वह कैब चला रहा है या किसी दुकान पर चाय-समोसा बेच रहा है। अगस्त की शुरुआत में भारत सरकार द्वारा संसद में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, उक्त तिथि तक 2024 में 13,35,878 भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राजनयिक ने कहा कि एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय छात्र एक कनाडाई छात्र द्वारा दिये जाने वाले शुल्क से चार गुना अधिक शुल्क अदा करता है।

### कनाडा ने आतंकवादियों के प्रत्यर्पण संबंधी केवल पांच अनुरोधों का ही किया समाधान

**नई दिल्ली।** कनाडा ने खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रत्यर्पण के लिए भारत की ओर से भेजे गए 26 अनुरोधों में से केवल पांच का समाधान किया है और बाकी अब भी अधर में हैं। कनाडा में भारत के एक शीर्ष राजनयिक ने यह जानकारी दी है। राजनयिक ने इसे निष्क्रियता का परिणाम भी बताया है। कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा ने साक्षात्कार में बताया कि पांच आतंकवादियों को प्रत्यर्पित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि वह न तो नाम का खुलासा करने के लिए अधिकृत हैं, न ही विवरण देने के लिए। वह कुछ दिन पहले ही नई दिल्ली लौटे हैं। भारत ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में हुई हत्या की कनाडाई जांच में रुचि रखने वाले व्यक्ति के तौर पर ओटावा द्वारा नामित किये जाने के बाद वर्मा एवं पांच अन्य भारतीय राजनयिकों को वापस बुला लिया है। निज्जर कनाडाई नागरिक था। कनाडा द्वारा वहां की लगभग आठ लाख की बड़ी सिख आबादी के बीच खालिस्तानी आतंकवादियों को मौन समर्थन दिए जाने के मुद्दे पर द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। भारत ने कनाडा पर खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों को रोकने के लिए कुछ भी नहीं करने का आरोप लगाया है।

# गाजा के खान यूनिस में हमला, 36 की मौत

## दक्षिणी लेबनान में तीन पत्रकार मारे गए, संघर्ष विराम के लिए अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बीच हमले जारी

बेरूत, एजेंसी



इजराइली हमलों में गाजा में 36 लोग और लेबनान में शुक्रवार को तीन पत्रकार मारे गए। गाजा में मारे गए व्यक्तियों में कई बच्चे शामिल हैं। यह हमला गाजा में जरूरी सामान की आपूर्ति की कमी को लेकर बढ़ती चिंता और संघर्षविराम के लिए अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बीच हुआ है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इन लोगों के मारे जाने की सूचना दी और ये दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस में नवीनतम हैं। खान यूनिस में ही हाल के दिनों में लोग शहर की एकमात्र बेकरी के बाहर ब्रेड के लिए पंक्ति में खड़े थे।

ये मौतें अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्वारा यह कहे जाने के एक दिन बाद हुई हैं कि इजराइल ने हमास को 'प्रभावी तरीके से तहस-नहस' करने के अपने मकसद को हासिल कर लिया है। साथ ही उन्होंने दोनों पक्षों से बातचीत फिर से शुरू करने का आग्रह किया था। वहीं दक्षिण-पूर्वी लेबनान में पत्रकारों के एक आवासीय परिसर पर हुए इजराइली हवाई हमले में तीन मीडिया कर्मियों की मौत हो गई। तस्वीरों में अब ध्वस्त इमारतें दिखीं जिन्हें मीडिया इकाइयों ने किराये पर लिया था। इन तस्वीरों में ढही हुई इमारतें और वे कारें धूल और मलबे से ढकी हुई दिखाई दीं जिन पर प्रेस लिखा हुआ था। इजराइली सेना ने हमले से पहले कोई चेतावनी जारी नहीं की थी। समाचार नेटवर्क के प्रतिनिधियों और लेबनानी नेताओं ने इजराइल पर युद्ध अपराध और जानबूझकर पत्रकारों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। अल जजीरा अंग्रेजी के वरिष्ठ संवाददाता इमरान खान परिसर में मौजूद पत्रकारों में से एक थे। उन्होंने कहा ये केवल पत्रकार थे जो संघर्ष को काफी लंबे समय तक कवर करने के बाद बिस्तर पर सो रहे थे। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि उन्हें और उनके दल को कोई चोट नहीं आयी है। बेरूत के अल-मायादीन टीवी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह हमले में मारे गए पत्रकारों में उसके दो कर्मी कैमरा ऑपरेटर गस्सान नजर और प्रसारण तकनीशियन मोहम्मद रिदा भी शामिल हैं। लेबनान के हिजबुल्ला समूह के अल-मनार टीवी ने बताया कि हसबाया क्षेत्र में हुए हवाई हमले में उसके कैमरा ऑपरेटर विसम कासिम मारे गए।

### ईरान ने सेनाओं को इजराइल के साथ युद्ध के लिए तैयार रहने का दिया आदेश

**तेहरान।** ईरान के नेताओं ने अपने सशस्त्र बलों को संभावित इजराइली हमले की स्थिति में युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने कहा कि जवाबी कार्रवाई की सीमा काफी हद तक उन हमलों की गंभीरता और पैमाने पर निर्भर करेगी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने चार अज्ञात ईरानी अधिकारियों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। अखबार ने गुरुवार को बताया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने सेना को संभावित इजराइली हमले का जवाब देने के लिए कई योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया है। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि अगर इजरायली हमलों में बड़े पैमाने पर विनाश होता है तो ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा।

### अमेरिका फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता के रूप में देगा 13 करोड़ डॉलर

**वाशिंगटन।** अमेरिका फिलिस्तीनी लोगों को 13 करोड़ 50 लाख अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त मानवीय सहायता प्रदान करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को पश्चिम एशिया के अपने दौरे के दौरान इस योजना की घोषणा की। ब्लिंकन ने सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के बाद क्षेत्र की अपनी 11वीं यात्रा के दौरान कतर में यह घोषणा की, जिससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष छिड़ गया है। अमेरिका ने हाल ही में हमास नेता याह्या सिनवार की हत्या के बाद इजराइल से संघर्ष को कम करने का आह्वान किया है।

### संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के एक सदस्य की इजराइली सेना के हमले में गई जान

**संयुक्त राष्ट्र।** गाजा में फिलिस्तीनी शरणार्थियों की मदद कर रही संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के चालक की इजराइली सेना द्वारा किए गए हमले में मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने संवाददाताओं को बताया कि इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चालक के भाई की भी मौत हो गई और वहां से गुजर रहे तीन अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इजराइल के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत डेनी डेनन ने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र बचाव एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के जिस चालक की मौत हुई है वह हमास कमांडर था।

# चीन के नेता दबंगई दिखाते हुए हैरिस के साथ बच्चे की तरह बर्ताव करेंगे : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- रेडियो मेजबान ह्यूज हेविट के कार्यक्रम में हैरिस पर साधा निशाना



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस व्हाइट हाउस के लिए चुनी जाती हैं तो चीन के नेता उनके साथ एक बच्चे की तरह बर्ताव करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगी हैरिस को निशाना बनाते हुए उन्हें लगातार बचकानी और बच्चे के समान बता रहे हैं। रेडियो मेजबान ह्यूज हेविट के एक कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा, अगर किसी तरह कमला हैरिस जीत भी जाती हैं तो उन्हें शी चिनफिंग से निपटना होगा। इस पर जब हेविट ने उनसे पूछा कि वह (शी) उनके साथ कैसा व्यवहार करेंगे? तो ट्रंप ने कहा, किसी बच्चे की तरह। ट्रंप ने कहा, वह (शी) बहुत जल्द उनसे (हैरिस से) सारी 'कैंडी' ले लेंगे। उन्हें कुछ पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ। यह ऐसा होगा जैसे कोई महान शतरंज मास्टर किसी नौसिखिये के साथ खेल रहा हो। पूर्व राष्ट्रपति का महिलाओं को नीचा दिखाने का भी लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने हैरिस को भी निशाना बनाते हुए उन पर कई व्यक्तिगत हमले किए। उन्होंने हैरिस को आलसी कहा। इस शब्द का इस्तेमाल लंबे समय से अश्वेत लोगों को नस्ली संदर्भ में नीचा दिखाने के लिए किया जाता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के सर्वेक्षण में हैरिस से ट्रंप को मामूली बढ़त

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर जारी एक सर्वेक्षण में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा किए गए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में बताया गया है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप, हैरिस से दो प्रतिशत अंक यानी 47 प्रतिशत से 45 प्रतिशत आगे हैं।

## भारतीय अभिनेता लंदन में रंगमंच अभिनय की करेंगे शुरुआत

**लंदन।** ब्रिटिश भारतीय अभिनेता धर्मेश पटेल मशहूर अमेरिकी निर्माता स्टैनली कुब्रिक की 1960 के दशक की फिल्म डॉ. स्ट्रेंजलव पर आधारित बहुप्रतीक्षित नाटक के जरिए रंगमंच अभिनय में पदार्पण कर रहे हैं। नाटक का लंदन के मशहूर थिएटर वेस्ट एंड में मंचन शुरू होगा। ब्रिटेन में रॉयल शेक्सपियर कंपनी (आरएससी) प्रोडक्शन के साथ काम कर रहे पटेल इसमें लिंकन की भूमिका निभाएंगे। नाटक का निर्देशन लोकप्रिय अभिनेता-हास्य कलाकार स्टीव कूगन कर रहे हैं। पटकथा स्कॉटलैंड के प्रख्यात राजनीतिक व्यंग्यकार अर्मांडो इन्नुची और हास्य कलाकार सीन फोली ने लिखी है।

# 150 साल पुरानी स्कूल नीति के लिए माफी मांगेंगे बाइडन

अमेरिका, एजेंसी



राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह शुक्रवार को मूल जातीय समुदायों के नेटिव अमेरिकी या अमेरिकन इंडियन बच्चों को जबरन बोर्डिंग स्कूलों में भेजने में देश की भूमिका के लिए औपचारिक रूप से माफी मांगेंगे, जहां कई बच्चों का शारीरिक, भावनात्मक और यौन शोषण किया गया और लगभग 1,000 बच्चों की मौत हो गई।

व्हाइट हाउस से एरिजोना के लिए रवाना हुए बाइडन ने कहा, मैं कुछ ऐसा कर रहा हूं जो मुझे बहुत पहले कर लेना चाहिए था। हमें अमेरिकन इंडियन समुदाय से बहुत पहले ही औपचारिक माफी मांग लेनी चाहिए थी कि हमने इतने सालों तक उनके बच्चों के साथ कैसा व्यवहार किया। न्यू मैक्सिको में पुएब्लो ऑफ लगुना जनजाति की सदस्य गृह मंत्री डेब हालैंड ने कहा, मैंने इतने वर्षों में यह कभी नहीं सोचा था कि इस तरह का कुछ होगा। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।

## मनीला में तूफान से 33 की मौत, अधिकतर लोग भूस्खलन में मारे गए

**मनीला।** फिलीपीन में मनीला के दक्षिण में स्थित एक प्रांत में ऊष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण 33 लोगों की मौत हो गई और इनमें से अधिकतर की मौत भूस्खलन के कारण हुई। फिलीपीन के एक प्रांतीय पुलिस प्रमुख ने यह जानकारी दी। बटांगस पुलिस प्रमुख कर्नल जैसिंटो मालिनाओ जूनियर ने बताया कि बटांगस प्रांत में भूस्खलन और बाढ़ के कारण हुई मौतों के साथ ही 'ट्रामी' तूफान में मारे गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 65 हो गई है। 'ट्रामी' तूफान शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी फिलीपीन में आया था।

# रूस जल्द ही उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती करेगा

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने किया दावा



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने शुक्रवार को दावा किया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस इस सप्ताह के अंत में यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में तैनात करने के लिए तैयार है। पश्चिमी देशों ने चेतावनी दी है कि इस तरह के घटनाक्रम से तीन साल से जारी युद्ध को और बढ़ावा मिलेगा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र तक भू-राजनीतिक परिणाम होंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों ने पता लगाया है कि रविवार और सोमवार के बीच रूस द्वारा उत्तर कोरियाई सेना की पहली टुकड़ी का इस्तेमाल युद्ध क्षेत्रों में किया जाएगा। उन्होंने टेलीग्राम पर कहा कि यह तैनाती रूस द्वारा स्पष्ट रूप से बढ़ाया गया कदम है। जेलेंस्की ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को कहां भेजा जा सकता है।

## पश्चिमी देशों में अशांति के पीछे रूस का हाथ होने के आरोप बेबुनियाद

**कजान।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान कहा कि रूस पर ये आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं कि कुछ पश्चिमी देशों में अशांति के पीछे उसका हाथ है। पुतिन ने कहा, आज संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पूछा गया कि क्या कुछ पश्चिमी देशों की राजधानियों में अशांति के पीछे हमारा हाथ है, जो पूरी तरह से बेबुनियाद आरोप है। उन्होंने कहा कि रूस टकराव नहीं चाहता है, बल्कि वह अपनी राह पर चल रहा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अक्टूबर को कजान में आयोजित किया गया।

# तूफान की वजह से अंतरिक्ष में फंसे चार यात्री धरती पर लौटे

केप कैनावेरल, एजेंसी

- पैराशूट से फ्लोरिडा के तट के पास मैक्सिको की खाड़ी में उतरे

बोइंग के कैप्सूल में खराबी आ जाने और तूफान मिल्टन की वजह से करीब आठ महीने अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताने के बाद चार अंतरिक्ष यात्री शुक्रवार को धरती पर लौट आए। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सप्ताह के मध्य में रवाना होने के बाद स्पेस एक्स के कैप्सूल में लौटे ये अंतरिक्ष यात्री पैराशूट की मदद से फ्लोरिडा के तट के पास मैक्सिको की खाड़ी में उतरे।

इन तीन अमेरिकी और एक रूसी अंतरिक्ष यात्री को दो महीने पहले ही धरती पर लौटना था। लेकिन बोइंग के नए स्टारलाइनर अंतरिक्ष कैप्सूल में समस्या आ जाने के कारण उनकी वापसी में देरी हुई। सुरक्षा चिंताओं के कारण स्टारलाइनर अंतरिक्ष कैप्सूल खाली ही लौटा। इसके बाद तूफान मिल्टन की वजह से समुद्र में खराब हालात और तेज हवाओं के कारण भी उनकी वापसी में दो सप्ताह की देरी हुई। स्पेस एक्स ने मार्च में नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जीनेट एप्स और रूस के एलेक्जेंडर ग्रेबेंकिन को अंतरिक्ष भेजा था। बैरेट ने अपने देश में मौजूद सहायता टीम की सराहना करते हुए कहा, टीम ने हमारे साथ मिलकर पुनः योजना बनाई, पुनः उपकरण लगाए और सब कुछ फिर से किया और इन सभी चुनौतियों से निपटने में हमारी मदद की। उनकी जगह पर गए स्टारलाइन के दो अंतरिक्ष यात्री भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और टेस्ट पायलट बुच विलमोर का मिशन आठ दिनों से बढ़कर आठ महीने का हो गया है।

ज्ञान-विज्ञान

इस वर्ष की यह तीसरी खगोलीय घटना प्रशांत महासागर के आसमान में घटी

# पृथ्वी के वायुमंडल से फिर से टकराया क्षुद्रग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** 22 अक्टूबर को प्रशांत महासागर के ऊपर पृथ्वी के वायुमंडल से एक क्षुद्रग्रह के टकराने की घटना हुई है। इस वर्ष की यह तीसरी खगोलीय घटना है। इस आकाशीय पिंड का आकार 3 फीट माना जा रहा है, जो आसमान में ही जलकर भष्म हो गया।

नासा के सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज़ संस्था घटना से पूर्व इस क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने की सूचना दे दी थी। इससे पहले 5 सितंबर को पहली घटना फिलीपींस के ऊपर वातावरण से टकराया था, जबकि दूसरी 21 अक्टूबर को हुई थी। नासा के अनुसार यह 10वीं बार है ,जब खगोलविदों को क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने से ठीक पहले इसका पता चल गया था।



22 अक्टूबर को आसमान से गिरता आग के गोले की तस्वीर।

खगोलीय पिंडों को खोज निकलने में अब तकनीक बेहद उन्नत हो चुकी है। जिसके चलते छोटे से छोटे पिंडों की भी खोज संभव हो सकी है। 22 अक्टूबर की घटना को नासा के एटलस सर्वेक्षण ने प्रशांत महासागर के ऊपर के वातावरण को हानिरहित रूप से प्रभावित करने से पहले ट्रैक कर लिया था। पूर्व में इन छोटे पिंडों को ट्रेस नही किया जा सकता था। जिनके पृथ्वी के वातावरण से टकराने का पता ही नही चल पाता था। यह ज्ञात अभी तक की 10वीं और इस वर्ष की तीसरी घटना है। ये घटनाएँ लगभग नियमित होती जा रही हैं। एटलस, कैटालिना और पैन-स्टार जैसे सर्वेक्षण इन्हें देख पाने में सक्षम हो चुके हैं।

### प्रतिदिन सौ टन धूल गिरती है ब्रह्मांड से पृथ्वी पर

**नैनीताल :** नासा के अनुसार रोजाना पृथ्वी पर 100 टन से अधिक धूल और रेत के आकार के कणों की बमबारी होती है। वर्ष में लगभग एक बार एक ऑटोमोबाइल आकार का क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, जो प्रभावशाली बढ़ा आग का गोला बनाता है, और सतह पर पहुंचने से पहले ही जलकर खाक हो जाता है।

# जयशंकर -डार के बीच कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता ने दी जानकारी

पाकिस्तान ने कहा कि पिछले सप्ताह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन से इतर विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार के बीच कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा बहुपक्षीय बैठकों के दौरान खासकर मेजबान और प्रतिभागी अतिथियों के बीच प्रतिनिधिमंडलों का एक-दूसरे का अभिवादन करना तथा दोपहर एवं रात्रि भोज के दौरान अनौपचारिक बातचीत करना आम बात है।

उन्होंने यहां अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, एससीओ सहित विदेश मंत्रियों के स्तर पर पाकिस्तान और भारत के बीच कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई है। जयशंकर पिछले सप्ताह एससीओ बैठक में भाग लेने के लिए पाकिस्तान गए थे। वह पिछले लगभग एक दशक में पाकिस्तान की यात्रा करने वाले भारत के पहले विदेश मंत्री हैं। सूत्रों के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर और डार के बीच दो मौकों पर अनौपचारिक बातचीत हुई, लेकिन द्विपक्षीय संबंधों पर जमी बर्फ पिघलने का किसी तरह का कोई संकेत नहीं मिला। बलोच ने कहा कि पाकिस्तान ने करतारपुर साहिब गलियारे के जरिए गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर, नरोवाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत के साथ हुए समझौते को पांच साल के लिए नवीनीकृत किया है।